ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी 02:16 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 5 जून 2025
वर्ष 35, अंक 130, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात 12

तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली 13

# जीत के जश्न में भगदड़, 11 की मौत

## बेंगलुरू में आरसीबी टीम के स्वागत के लिए उमड़ी थी लाखों की भीड़ | चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने के लिए बेकाबू हुए लोग, 33 घायल



भगदड़ के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर पड़े जूते-चप्पल।

बेंगलुरू, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का पहला आईपीएल खिताब जीतने का जश्न बुधवार को मातम में बदल गया जब जश्न में शामिल होने के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसकों के उमड़ने से मची भगदड़ में 11 लोग मारे गए और लगभग 33 लोग घायल हो गए। खिलाड़ियों का सम्मान समारोह हालांकि स्टेडियम के भीतर जारी रहा। टीम की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं रख सकी। इसके लिए हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। ये प्रशंसक स्टेडियम के भीतर घुसने की कोशिश में प्रवेश द्वार के बाहर ही भगदड़ का शिकार हो गए ।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। सिद्धारमैया ने कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास दो-तीन लाख से अधिक लोग आए थे, किसी को भी इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि आरसीबी के जश्न में मरने वालों में से अधिकांश युवा हैं। सरकार मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देगी। उन्होंने घोषणा की कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच की जाएगी। गंभीर रूप से घायलों का इलाज वैदेही अस्पताल और बोवरिंग अस्पताल में चल रहा है और मृतकों की संख्या बढने की आशंका है। उप मुख्यमंत्री डी के शिवाकुमार ने कहा कि भीड़ अनियंत्रित हो गई और पुलिस के लिए मुश्किल हो गया था जिससे हमें जुलूस रोकना पड़ा।

(कवरेज विशेष पेज-11 पर भी)



एक बच्ची को अस्पताल ले जाता पुलिसकर्मी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर जताया गहरा दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में चेन्नास्वामी क्रिकेट स्ट्रेडियम के बाहर बुधवार को हुई दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मोदी ने दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर जारी शोक संदेश में मोदी ने कहा कि बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। मेरी संवेदनायें उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं, वे शीघ्र स्वस्थ हों।

### फिर भी स्टेडियम में जारी रहा खिलाड़ियों का सम्मान समारोह

राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने स्थिति को ठीक से न संभालने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा। उधर चिन्नास्वामी स्टेडियम के भीतर खिलाड़ियों का सम्मान समारोह जारी रहा जिसमें खिलाड़ियों ने भाषण दिए, संगीज बजा और आतिशबाजी भी हुई। कोहली ने कहा कि यह आप सभी के लिए है, प्रशंसकों के लिए और इस शानदार शहर के लिए भी।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी में यूट्यूबर गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पंजाब के एक यूट्यूबर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इससे पहले एक 'आतंकवाद समर्थित जासूसी नेटवर्क' का पता लगाया, जो उसे पाकिस्तान के खुफिया और सैन्य अधिकारियों से जोड़ता है।

- ज्योति मल्होत्रा के भी निकट संपर्क में भी था

उन्होंने कहा कि जान महल नाम का यूट्यूब चैनल संचालित करने वाले एवं रूपनगर जिले के महलां गांव निवासी जसबीर सिंह का संबंध एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट (पीआईओ) से पाया गया है। उन्होंने कहा कि वह जासूस के आरोपों में नई दिल्ली से हाल में निष्कासित पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी के संपर्क में था और पड़ोसी देश की अपनी तीन यात्राओं में से एक में पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों से मिला था।

सिंह को मोहाली की एक अदालत में पेश किया गया जिसने उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया। सिंह के यूट्यूब चैनल पर 11 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं । वह ज्योति मल्होत्रा के साथ कथित रूप से निकट संपर्क में था, जिसे हरियाणा पुलिस ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का तात्पर्य अपमानजनक टिप्पणी नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- सेना पर टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी को नहीं दी राहत

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी की याचिका को 29 मई को खारिज किया था। हालांकि तब न्यायालय ने विस्तृत फैसला बाद में देने को कहा था, इसी क्रम में विस्तृत फैसला देते हुए न्यायालय ने टिप्पणी की है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का तात्पर्य किसी पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने दिया है। न्यायालय ने कहा है कि परिवादी उदय शंकर श्रीवास्तव के वाद पत्र व गवाहों के बयान को देखने से प्रथम दृष्टया राहुल गांधी के खिलाफ आईपीसी की धारा 500 के तहत सेना का अपमान कारित करने का मामला बनता है लिहाजा मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा उनको विचारण के लिए तलब करने के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। उक्त परिवाद में राहुल गांधी पर आरोप लगाया गया है कि न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए तमाम बातें कही थीं जिनमें उनके द्वारा यह भी कहा गया था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। राहुल गांधी की ओर से पेश अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल की दलील थी कि सभी व्यक्तियों को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और इसलिए राहुल गांधी को भी अपनी असहमति प्रकट करने का अधिकार है। हालांकि न्यायालय ने इस तर्क को यह कहकर नकार दिया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा का तात्पर्य किसी व्यक्ति या सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है। न्यायालय ने राहुल गांधी के अधिवक्ता की इस दलील को भी नामंजूर कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि धारा 500 के तहत मानहानि का मुकदमा सिर्फ सीधे तौर पीड़ित व्यक्ति ही दाखिल कर सकता है।

# केंद्रीय करों में 50 प्रतिशत दी जाए राज्य को हिस्सेदारी

## लखनऊ में 16वें वित्त अयोग की बैठक में उठाई गई मांग, मुख्यमंत्री योगी ने वित्त आयोग को पत्र भी सौंपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्त आयोग से केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। राज्य ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड डीडीए की मांग भी की।



राजधानी पहुंचे 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने अन्य सदस्यों के साथ बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी साझा की। लोकभवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में पनगढ़िया ने बताया कि बैठक के दौरान प्रदेश सरकार ने प्रदेश के विकास और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा पेश किया, जिसकी आयोग ने सराहना की। उत्तर प्रदेश की प्रमुख मांगों के विषय में कहा कि इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया 45 प्रतिशत, भौगोलिक क्षेत्रफल 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, जनसंख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.5 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाने का प्रस्ताव आयोग को दिया गया है। अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि वित्त आयोग का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का प्रस्ताव तैयार करना है, जिसे भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत ही अच्छी तरह से संचालित राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का कर संग्रह जीएसडीपी के अनुपात में है, जो देश में सबसे अधिक है।

उन्होंने कहा कि यूपी का राजकोषीय घाटा सामान्य सीमा के भीतर है, इसका ऋण-से-जीडीपी अनुपात भी प्रबंधनीय स्तरों के भीतर है।

### आयोग बाद में लेगा निर्णय : पनगढ़िया

आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने पत्रकारों से कहा कि 28 में से 22-23 राज्यों ने करों में हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये मांग बहुत ज्यादा है, हालांकि इस पर अंतिम निर्णय आयोग बाद में लेगा। आयोग की केंद्र व राज्य सरकार के बीच करों की हिस्सेदारी को लेकर सिफारिशें आगामी वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए होंगी।

### बेहतर कार्य से निकाला हल

वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि उप्र. में राजस्व की दिक्कतों का हल बेहतर कर किया गया है। राजकोषीय घाटा भी करीब तीन % के आसपास है। प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) द्वारा मापी गई आय अंतर (इनकम डिस्टेंस) मानदंड का भार पहले की तरह 45 % रखने की मांग की है।

# मार्च 2027 से शुरू होगी राष्ट्रीय जातीय जनगणना

नई दिल्ली, एजेंसी

- लद्दाख जैसे पहाड़ी इलाकों में 1 अक्टूबर 2026 से होगी

लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जातिगत गणना के साथ जनगणना की शुरुआत एक अक्टूबर, 2026 को होगी जबकि बाकी देश में इसकी शुरुआत 1 मार्च, 2027 से होगी।

गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि जातिगत गणना के साथ-साथ जनगणना-2027 को दो चरणों में करने का निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 2026 में पहली अक्टूबर की आधी रात बारह बजे होगी। अधिसूचना संभवतः 16 जून 2025 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी। पिछली जनगणना 2011 में दो चरणों में की गई थी। पहला चरण एक अप्रैल से 30 सितंबर 2020 तक और दूसरा चरण नौ फरवरी से 28 फरवरी 2011 तक चला था। जनगणना 2021 भी दो चरणों में होनी थी। पहला चरण अप्रैल-सितंबर 2020 तक और दूसरा चरण फरवरी 2021 में होना था। लेकिन कोविड के चलते स्थगित करना पड़ा।

# न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने पर दलों में चर्चा

- संसद में संयुक्त रूप से लाया जाए महाभियोग प्रस्ताव : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने बुधवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने में सभी राजनीतिक दलों को साथ लेने के सरकार के संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को 'राजनीतिक चश्मे' से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में फंसे न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के उद्देश्य से की जा रही यह कवायद एक 'सहयोगात्मक प्रयास' हो। उन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ने दोषी ठहराया है।

रीजीजू ने कहा कि उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में प्रस्ताव लाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। सरकार चाहती है कि सभी दल न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए 'संयुक्त रूप से' प्रस्ताव लाएं। रीजीजू ने कहा कि वह छोटे दलों से संपर्क करेंगे, जबकि सभी प्रमुख दलों को न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की योजना के बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला किसी एक राजनीतिक दल का एजेंडा नहीं होता। भ्रष्टाचार के खतरे से लड़ना सभी दलों का रुख है, चाहे वह न्यायपालिका हो या कोई और क्षेत्र।

### मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने इन तारीखों की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि इन सिफारिशों को राष्ट्रपति को भेजा जाएगा।

# सिक्किम में फंसे हैं 113 पर्यटक

गंगटोक, एजेंसी

- बचाव को लाचेन गांव तक पहुंचे सेना के जवान

सेना के जवान उत्तरी सिक्किम के लाचेन गांव तक पैदल मार्ग बनाकर वहां फंसे 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाने में सफल हो गए हैं। यह क्षेत्र मंगन जिले में भारी बारिश के बीच हुए कई भूस्खलनों की वजह से बाकी राज्य से पूरी तरह से कटा हुआ था।

बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से गांव में फंसे इन पर्यटकों को जल्द ही निकाला जाएगा। बयान में कहा गया है कि सेना ने लाचेन गांव तक पैदल संपर्क स्थापित किया है और फंसे हुए 113 पर्यटकों तक पहुंच बनाई है, जिन्हें जल्द ही निकाला जाएगा। भारतीय सेना के जवान उत्तरी सिक्किम में स्थानीय लोगों और फंसे हुए पर्यटकों की सहायता के लिए खतरनाक इलाकों में लगातार काम कर रहे हैं। दो दिन पहले लाचुंग और चुंगथांग से कम से कम 1,678 पर्यटकों को बचाया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार को सिक्किम में आंधी और भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

### अमेरिकी नागरिकों सहित 33 को निकाला

**नई दिल्ली।** वायु सेना ने सिक्किम के सुदूर चाटेन क्षेत्र से दो अमेरिकी नागरिकों सहित 33 लोगों को निकाला है। वायु सेना ने एक्स पर बचाव अभियान की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में कहा गया कि हेलीकॉप्टरों से बचाव अभियान शुरू किया।

### कर्नल और परिजनों की तलाश में तेजी

उत्तरी सिक्किम में लाचेन के चाटेन क्षेत्र में सेना ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रीतपाल सिंह संधू, उनकी पत्नी स्क्वाड्रन लीडर आरती संधू (सेवानिवृत्त) और बेटी अमायरा संधू सहित छह लोगों की तलाश और तेज कर दी है। रविवार शाम को चाटन क्षेत्र में भूस्खलन के कारण सेना के एक शिविर के ध्वस्त हो जाने के बाद से इन लोगों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

# संयुक्त आयकर आयुक्त योगेंद्र मिश्रा निलंबित

## इनकम टैक्स ऑफिस में मारपीट का मामला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डिप्टी कमिश्वर गौरव गर्ग का बयान दर्ज, विवेचक ने बनाया नक्शा नजरी

**अमृत विचार :** इनकम टैक्स ऑफिस में ही एक आईआरएस अफसर पर दूसरे आईआरएस अफसर के हमला कर देने के मामले में सख्त कार्रवाई की गई है। हमला करने वाले ज्वाइंट कमिश्नर योगेंद्र मिश्रा को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। उन्हें बंगाल और सिक्किम रीजन से अटैच कर दिया गया है।

29 मई को हुई इस घटना में आईआरएस अफसर उपायुक्त गौरव गर्ग ने योगेंद्र मिश्रा पर हमला करने, कांच का गिलास फेंककर मारने और प्राइवेट पार्ट पर पैर से मारने का आरोप लगाया था। वहीं, योगेंद्र मिश्रा ने आरोपों को निराधार बताया था।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अंडर सेक्रेट्री नितिन पी माने की ओर से बुधवार को निलंबन का आदेश जारी कर दिया गया। इसमें कहा गया है कि संयुक्त आयकर आयुक्त काशीपुर, योगेंद्र मिश्रा के विरुद्ध एक आपराधिक मामला जांच के अधीन है। ऐसे में केन्द्रीय सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील नियम के तहत संयुक्त आयकर आयुक्त को तत्काल भाव से निलंबित किया जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर असिस्टेंट कमिश्वर योगेंद्र मिश्रा का निलंबन होते ही बुधवार को हजरतगंज पुलिस ने जांच की रफ्तार तेज कर दी है। जांच अधिकारी नरही चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अमित कुमार ने दोपहर में डिप्टी कमिश्वर गौरव गर्ग के बयान दर्ज किए। करीब ढाई घंटे तक चले सवाल-जवाब के दौरान डिप्टी कमिश्नर ने घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने बयानों के आधार पर नजरी नक्शा तैयार किया। जांच अधिकारी ने यह पता किया है घटना के समय कौन कहां पर खड़ा था?, कैसे हमला हुआ और किस चीज से वार किया गया।

# न्याय खुद से पुनरीक्षण शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकते हाई कोर्ट

## शिकायतकर्ता द्वारा अपील दायर न होने की स्थिति में उच्चतम न्यायालय ने दी व्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि उच्च न्यायालय पीड़ित, शिकायतकर्ता या सरकार द्वारा अपील दायर न किए जाने की स्थिति में सजा बढ़ाने या किसी अन्य आरोप में अभियुक्त को दोषी ठहराने के लिए खुद से पुनरीक्षण शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने नागराजन नामक व्यक्ति द्वारा दायर उस अपील पर यह फैसला सुनाया, जिसमें मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के आदेश को चुनौती दी गई थी।

इस आदेश में उसे एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया गया था और पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई थी। नागराजन को शील भंग करने और घर में जबरन घुसने के मामले में भी दोषी ठहराया गया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि निचली अदालत ने उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए आईपीसी की धारा 306 के आरोपों से बरी कर दिया था और उसे केवल महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने और घर में जबरन घुसने का दोषी ठहराया था।

नागराजन ने उच्च न्यायालय में अपील की, जिसने निचली अदालत के दोषसिद्धि के आदेश को बरकरार रखा, लेकिन स्वतः संज्ञान लेते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत उसकी दोषसिद्धि के लिए कार्यवाही शुरू की और उसे दोषी करार दिया। यह बात रिकार्ड में आई कि सरकार, पीड़ित या शिकायतकर्ता द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत सजा बढ़ाने या बरी करने के लिए कोई अपील दायर नहीं की गई थी। पीठ ने कहा कि आरोपी/दोषी द्वारा दायर अपील और पीड़ित, शिकायतकर्ता या सरकार द्वारा दायर किसी अपील के अभाव में, उच्च न्यायालय सजा बढ़ाने या अपीलकर्ता को किसी अन्य आरोप में दोषी ठहराने के लिए स्वतः संज्ञान लेकर पुनरीक्षण नहीं कर सकता है। पीठ ने आईपीसी की धारा 306 के तहत अपीलकर्ता की दोषसिद्धि और सजा को रद्द कर दिया, लेकिन महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने और घर में जबरन घुसने के लिए उसकी दोषसिद्धि को बरकरार रखा। न्यायालय ने कहा कि अपीलकर्ता को सत्र न्यायालय द्वारा दी गई सजा भुगतने और जुर्माना अदा करने का निर्देश दिया जाता है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय ने सजाएं एक साथ चलाने का आदेश दिया था।

### अपीलीय अदालत को निष्कर्ष उलटने का अधिकार

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि सरकार या शिकायतकर्ता या पीड़ित द्वारा दायर अपील में सजा बढ़ाने के लिए अपीलीय अदालत की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए, सीआरपीसी में प्रावधान है कि अपीलीय अदालत निष्कर्ष और सजा को उलट सकती है और आरोपी को बरी कर सकती है, या अपराध की सुनवाई करने के लिए सक्षम अदालत द्वारा उस पर फिर से मुकदमा चलाने का आदेश दे सकती है, या सजा को बरकरार रखते हुए निष्कर्ष को बदल सकती है। नागराजन ने उच्च न्यायालय के 29 नवंबर, 2021 के आदेश को चुनौती दी थी नागराजन पर 11 जुलाई, 2003 को अपनी पड़ोसी के घर में जबरन घुसकर उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। अगले ही दिन महिला ने अपने शिशु के साथ आत्महत्या कर ली थी।

## एक नजर

### दो पीसीएस अधिकारियों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने बुधवार को दो पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिये। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी उन्नाव प्रमेश श्रीवास्तव को जिले में ही उप जिलाधिकारी पुरवा बनाया गया है। सहायक अभिलेख अधिकारी उन्नाव प्रशांत नायक को वर्तमान कार्यभार के साथ विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी उन्नाव का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

### सचिवालय कर्मियों को मिलेगा बढ़ा विशेष भत्ता

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र .सचिवालय में कार्यरत सचिवालय संवर्ग के कर्मियों को मिलने वाला विशेष भत्ता अगले माह से 25 प्रतिशत बढ़कर मिलेगा। बढ़े हुए विशेष भत्ते के लिए वित्त विभाग के बाद सचिवालय प्रशासन ने बुधवार को आदेश जारी कर दिया है। इसका लाभ सचिवालय सेवा में कार्यरत करीब साढ़े चार हजार से ज्यादा कर्मियों को मिलेगा। शासनादेश के अनुसार सचिवालय कर्मियों को अनुमन्य विशेष भत्ता की वर्तमान दरों में 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी गत 14 मई को की गई थी, यह बढ़ोत्तरी कैबिनेट की बैठक में अनुमोदनोपरांत की गई थी। वित्त विभाग के उक्त आदेश के सापेक्ष सचिवालय प्रशासन के सचिव जी श्रीनिवसुलू ने विशेष भत्ते की नई दरों को जारी कर दिया है।

### सर्वाधिक डॉल्फिन उप्र. में बाघों की संख्या हुई 205

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश में सबसे अधिक डॉल्फिन की संख्या उत्तर प्रदेश में है। बाघों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। वन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार राज्य में 2018 में इनकी संख्या 173 थी जो 2022 में बढ़कर 205 हो गई। इस बीच राज्य सरकार कछुओं के अवैध शिकार एवं इनके व्यावसायिक उपयोग पर अंकुश लगाने के साथ संरक्षण योजना चला रही है। सारनाथ और कुकरैल में कछुआ प्रजनन केंद्र स्थापित किए गए हैं। चूंकि गंगा नदी कछुओं का स्वाभाविक आवास रही है इसलिए गंगा के किनारे बसे मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़, बिजनौर, अमरोहा और बुलंदशहर पर खास फोकस है।

### वनावरण व वृक्षावरण में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश का वनावरण व वृक्षावरण 23437 .53 वर्ग किमी ( 9 .73 प्रतिशत) से बढ़ कर 23996 .72 वर्ग किमी ( 9 .96 प्रतिशत) 559 .19 वर्ग किमी . बढ़ गया है। वनावरण का अर्थ है वन के द्वारा आच्छादित क्षेत्र, जबकि वृक्षावरण का अर्थ है किसी भी प्रकार के वृक्षों द्वारा आच्छादित क्षेत्र, चाहे वह वन का हिस्सा हो या न हो। भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा वर्ष 2023 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वनावरण व वृक्षावरण वृद्धि की नजर से उत्तर प्रदेश, पूरे देश में दूसरे स्थान पर रहा है।

### अभियान में 8.10 लाख से अधिक किसानों ने की भागीदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकसित कृषि संकल्प अभियान में छठे दिन तक 8 .10 लाख से अधिक किसानों ने भागीदारी की। यह अभियान 12 जून तक चलेगा। शासन के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों अब तक लगभग 4725 स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि व सहवर्ती विभाग के अधिकारियों के साथ 8,10,000 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया। अधिकारियों ने बताया कि देश के 1.5 करोड़ किसानों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में प्रदेश में 10,125 कार्यक्रम के माध्यम से 50 लाख किसानों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित है।

### 25 तक चलेगा कृषि विभाग का बीज शोधन अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** फसलों को कीट, रोग, खरपतवारों और चूहों आदि के नुकसान से बचाने के लिए इन दिनों सरकार द्वारा बीज शोधन अभियान चलाया जा रहा है। सभी जिलों में 25 जून तक बीज शोधन अभियान चलेगा। दरअसल, उप्र. के 01 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का लक्ष्य प्राप्त करने में कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका है। प्रदेश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर आधारित है।

# पुख्ता होगी सहकारी बैंकों की सुरक्षा, बनेगा साइबर सिक्योरिटी कवच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार राज्य में सहकारी बैंकों को आधुनिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है।

▶▶ उप्र. कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड व 50 जिला सहकारी बैंकों में टेक्नोलॉजी एडॉप्शन की बड़ी तैयारी

अब प्रदेश के 50 जिला सहकारी बैंकों और उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड को साइबर सुरक्षा कवच से लैस किया जाएगा। इसके लिए बैंकों को कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) आधारित क्लाउड प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड किया जाएगा। जिससे ग्राहकों की बैंकिंग से जुड़ी हर गतिविधि सुरक्षित और पारदर्शी होगी।

इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए तकनीकी क्षेत्र की अग्रणी टीसीएस और विप्रो जैसी कंपनियां सहयोग करेंगी। ये कंपनियां सहकारी बैंकों के डाटा सुरक्षा, सर्वर मैनेजमेंट और साइबर हमलों से बचाव जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के साथ पूरे सिस्टम को सशक्त बनाएंगी। इस पूरी परियोजना के संचालन में नाबार्ड का सहयोग लिया जाएगा। इसमें तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और निगरानी के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी मिलेगी। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी सहकारी बैंक सुरक्षित, सशक्त और ग्राहकों के लिए और ज्यादा भरोसेमंद बनें।

### 10 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान

राज्य सरकार ने योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10 करोड़ रुपये का विशेष बजटीय प्रावधान किया है। यह राशि तकनीकी संसाधनों की स्थापना, सर्वर सुरक्षा, प्रशिक्षण, साइबर जागरूकता और क्लाउड प्लेटफॉर्म पर व्यय की जाएगी। इस पहल के तहत जिला सहकारी बैंकों की न केवल साइबर सुरक्षा को मजबूती दी जाएगी, बल्कि उनकी वित्तीय स्थिति को भी सशक्त बनाया जाएगा।

### उप्र. में एयरोस्पेस और डिफेन्स निवेश को एसओपी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने डिफेन्स एवं एयरोस्पेस सेक्टर में भारी निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2024' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को अधिसूचित किया है। इसके अंतर्गत अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, झांसी और चित्रकूट राज्य के 6 डिफेन्स नोड विकास के केंद्र बनेंगे। सरकार का मानना है इन क्षेत्रों में एयरोस्पेस और रक्षा उद्योगों की स्थापना के लिए प्रचुर संभावनाएं हैं। सरकार का लक्ष्य है कि इन नोड्स के माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, स्थानीय उत्पादन और रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि हो। इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उप्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल एजेंसी नामित किया है। इसी क्रम में शासनादेश के तहत एसओपी को लागू किया गया है, जिससे निवेश प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, अनुमोदन की तीव्रता और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### 25 डीलरों का ट्रेड सर्टिफिकेट निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊः** उप्र. परिवहन विभाग के आयुक्त ने बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन बेचने वाले 25 देकरों के सर्टिफिकेट निरस्त कर दिए गए हैं, साथ ही अन्य नियमों के उल्लंघन करने वाले 50 अन्य डीलरों को नोटिस जारी की गई है। ट्रेड सर्टिफिकेट प्रदेश के 20 जिलों के 25 डीलरों निरस्त किए गए हैं, इनमें बाराबंकी और सीतापुर में तीन-तीन डीलर और कुशीनगर के दो डीलर है, जबकि लखनऊ समेत 17 अन्य जिलों की एक - एक डीलर शामिल हैं।

# भारी खर्च फिर क्यों नहीं सुधरी बिजली कंपनियों की दक्षता

## विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से मांगा जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से पूछा है कि भारी-भरकम रकम खर्च होने के बाद भी बिजली कंपनियों की दक्षता में सुधार क्यों नहीं हुआ। आयोग ने पावर कॉरपोरेशन को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

आयोग ने पावर कॉरपोरेशन की ओर से दाखिल वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर यह सवाल उठाए हैं। आयोग ने राजस्व वसूली का भी पूरा विवरण मांगा है। यह भी कहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाने के बाद 'कलेक्शन एफिशिएंसी' कितनी हो जाएगी।

नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों के लिए 'लॉस रिडक्शन' में लगभग 16,112 करोड़ अनुमोदित किया था। इसमें वर्ष 2024-25 के अंत तक बिजली कंपनियों ने लगभग 12,693 करोड़ खर्च किया। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए आयोग ने 27,342 करोड़ अनुमोदित किया, इसके बाद भी बिजली कंपनियों की लाइन हानियां बढ़ गईं। आयोग ने इस पर सवाल उठाया है।

मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन ने बिजली दर के प्रस्ताव में पहले 10 हजार करोड़ का घाटा दिखाया था, पर एक सप्ताह बाद बिजली दरों में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव देते हुए घाटा 19,600 करोड़ दिखा दिया। आयोग ने बिजली दर संबंधी प्रस्ताव 'वार्षिक राजस्व आवश्यकता' को तीन दिन में समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का निर्देश दिया है।

### ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में गिरावट

प्रदेश में ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्तता में 33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसे बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हुआ है। शासन के अधिकारियों के अनुसार बीते अप्रैल-मई में 100 केवीए व इससे ऊपर के 1300 ट्रांसफार्मर कम क्षतिग्रस्त हुए। वर्ष 2024-25 में 4009 की तुलना में 2025-26 में यह संख्या 2709 रही। 2024 में अप्रैल-मई में 42 पावर ट्रांसफार्मर जले थे, जबकि 2025 में केवल 12 ट्रांसफार्मर जले हैं।

| वितरण कंपनी | अनुमोदित हानियां (भारत सरकार) | प्रस्तावित हानियां पावर कॉरपोरेशन |
|---|---|---|
| दक्षिणांचल | 18 .97 | 28 .48 |
| मध्यांचल | 17 .97 | 21.93 |
| पशिमांचल | 12 .69 | 13 .35 |
| पूर्वांचल | 18 .49 | 36 .08 |
| केस्को | 8 .07 | 10 .37 |
| कुल | 16 .43 | 23 .44 |

(नोट-लाइन हानियां प्रतिशत में)

### मनगढंत आंकड़ों पर सुनवाई गलत

विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों पर आम जनता की सुनवाई को लेकर बुधवार को नियामक आयोग में याचिका दाखिल की। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों के मनगढंत आंकड़ों पर आम जनता की सुनवाई कराना गलत है। उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन ने निजी घरानों को कम लागत पर बिजली कंपनियों को बेचने के लिए कंपनियों की हालत खस्ताहाल दिखाई है।



मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देते किसान संगठन के प्रतिनिधि।

### निजीकरण के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में किसानों ने प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारियों के जरिये मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस बीच, बिजली कर्मियों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया कि इस भीषण गर्मी में प्रबंधन अनावश्यक तौर पर बड़े पैमाने पर अभियंताओं का उत्पीड़न कर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति फैला रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के नाम पर 87 अभियंताओं पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई की जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारी व अभियंता इस भीषण गर्मी में उपभोक्ता सेवाओं के प्रति संवेदनशील हैं। इसीलिए संघर्ष समिति की नोटिस में कहा गया है कि आंदोलन के कारण उपभोक्ता सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। ऐसे वातावरण में जब उपभोक्ता सेवाओं की प्राथमिकता सबसे ऊपर है तब पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियंताओं को डांटने-फटकारने में लगे हैं।

### जेल में वीआईपी सुविधाएं देने के आरोप में डिप्टी जेलर निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊः** ललितपुर जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर को नियमों के खिलाफ जाकर वीआईपी सुविधाएं देने के आरोप में डिप्टी जेलर जय नारायण भारती को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू की गई है। इसके अलावा जेल अधीक्षक मुकेश कुमार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने की शासन से संस्तुति की गई है। वहीं जेलर जीवन सिंह के खिलाफ भी विभागीय कार्यवाही की जा रही है। इस मामले की जांच डीआईजी जेल कानपुर रेंज से कराई गई थी, जिसके बाद सोमवार को हेड जेल वार्डर राजेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र शाह और जेल वार्डर रजनेश यादव को निलंबित कर दिया गया था।

# जोशी और सावंत को ओबीसी सूची में शामिल करने की कवायद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ पिछड़ा वर्ग आयोग 23 को करेगा प्रारंभिक सुनवाई

▶▶ आयोग ने आवेदन के पक्ष व विपक्ष में सुझाव मांगे

**अमृत विचारः** जोशी (भड्डरी) और सावंत को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने की कवायद शुरू कर दी गई है। दोनों जातियों के आवेदन पर पिछड़ा वर्ग आयोग 23 जून को प्रारंभिक सुनवाई करेगा। आयोग ने पक्ष व विपक्ष से सुझाव मांगे हैं।

आयोग के सचिव मनोज कुमार ने बताया कि दोनों जातियों के प्रतिनिधियों ने आयोग में आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसमें इन जातियों को प्रदेश की अन्य पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। जोशी भड्डरी महासभा के अध्यक्ष सुमित कुमार जोशी की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि महाकवि घाघ भड्डरी से संबंधित जोशी भड्डरी डाकोत समाज लाखों की संख्या में प्रदेश में निवास करता है।

इन्हें देश भर में बोलचाल की भाषा में जोशी, जोशी भड्डरी, भडरी, भतरी, भटरी, भठरी, डाकोत, देशांतरि, पडिया, ज्योतिषी आदि नामों से पुकारा जाता है। यह समुदाय ज्योतिष का पैतृक कार्य करता है। शनिवार को शनिदेव का दान लेती है। मूल शांति कराती है।

वर्तमान तकनीकी युग में यह समुदाय काफी पिछड़ गया है। इनके पास खेती के लिए भूमि भी नहीं है। इसी तरह, सावंत समुदाय के प्रतिनिधियों ने खुद को पिछड़ा बताते हुए तर्क पेश किये हैं।

### इन जिलों में हैं जोशी भड्डरी

जोशी भड्डरी लखनऊ के अलावा बाराबंकी, रायबरेली, सीतापुर, कानपुर, फतेहपुर, इटावा, ओरैया, फर्रुखाबाद, जालौन, मैनपुरी, आगरा, एटा, बिजनौर, मेरठ, सहारनपुर, बदायूं, रामपुर, बरेली, मुरादाबाद, पीलीभीत और प्रयागराज आदि में निवास कर रही है।

### इलेक्ट्रिक बसों में तब्दील होंगी डीजल बसें, ट्रॉयल की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम पुरानी डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलने जा रहा है। इस कवायद के तहत कानपुर की राम मनोहर लोहिया वर्कशाप में दो डीजल बसों को इलेक्ट्रिक में बदला जा चुका है। इन बसों को झांसी-ललितपुर रूट पर ट्रायल के लिए चलाया जाएगा। दरअसल, पुरानी डीजल बसों को परिवहन निगम की गाइडलाइन के अनुसार 10 वर्ष या 11 लाख किमी की दूरी तय करने पर बस बेडे.से हटाया जाना अनिवार्य है। बड़ी संख्या में परिवहन निगम की बसों का प्रतिवर्ष नीलामी होती है। डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित करने से विभाग को बसों की खरीदारी पर अतिरिक्त व्यय नहीं करना होगा। इस रिट्रोफिटमेंट तकनीक से बसों को बदलने का खर्च कल्याणी पावर ट्रेन और जीरो 21 जैसी कंपनियां उठा रही हैं, जबकि बस की बॉडी का निर्माण परिवहन निगम करेगा। इससे नई बसें खरीदने का अतिरिक्त खर्च बचेगा।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल से प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिल रहा है। यह तकनीक प्रदूषण कम करेगी और पर्यावरण को स्वच्छ बनाएगी। परिवहन निगम 5000 इलेक्ट्रिक बसें जोड़ने की योजना पर भी काम कर रहा है। हाल ही में महाकुंभ के लिए 220 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी गई हैं, जिनमें 20 एसी डबल-डेकर बसें शामिल हैं।

### आंदोलनरत छात्रों की मांगों को सरकार तत्काल सुने : संजय सिंह

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में शिक्षक भर्ती के मुद्दे पर राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने योगी सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि वह प्रयागराज में आन्दोलनरत छात्रों की मांगों को सुने और उसे पर जल्द से जल्द फैसला ले साथ ही घोषित हो चुके शिक्षकों के रिक्त दो लाख पदों पर जल्द से जल्द भर्ती की जाए। उन्होंने बताया कि शिक्षक भर्ती को लेकर छात्रों के चल रहे आंदोलन में और उनकी मांगों को लेकर आप पूरी तरह छात्रों के समर्थन में खड़ी है। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह, गोमती नगर स्थित आप प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में छात्रों का बहुत बड़ा आंदोलन चल रहा है जिसमें वह 90 हजार शिक्षकों की भर्ती की बात कर रहे हैं, जबकि प्रदेश सरकार कह रही है कि हमारे यहां एक लाख 93 हजार पद खाली हैं।

### भाजपा नेताओं के कुकृत्य की वीडियों क्लिपें शर्मनाक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति का डंका पीटने वाली भाजपा अपराधियों को संरक्षण देने और अपने विरोध की हर आवाज को दबाने के लिए उनका उत्पीड़न करने का काम पूरी ईमानदारी से कर रही है। भाजपा सरकार में असहिष्णुता और नफरत को खुली छूट मिली हुई है और भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है।

सपा प्रमुख ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में इसके ही पदाधिकारियों और नेताओं द्वारा खुले आम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सरेआम अवैध कांड हो रहे हैं, इसके पीछे भाजपा नेताओं एवं प्रशासनिक अमले की सांठगांठ और मिली भगत होती है। नदियों की छाती चीरकर रेत निकाली जा रही है। आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र में यमुना नदी में अवैध खनन के चलते गड्ढे बन जाने से नहाने गई एक परिवार की छह लड़कियां डूब गईं। खनन अब उद्योग नहीं भाजपा सरकार में लूट का धंधा बन गया है। अगर कोई सरकारी भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करता है तो उसके खिलाफ झूठे केस लगाकर बुरी तरह उत्पीड़ित किया जाता है। भाजपा नेताओं के चरित्र पर सवाल उठाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अश्लीलता की हद पार करते हुए उनके वीडियो वायरल हुए हैं। भाजपाई नेताओं और उनके परिजनों के कुकृत्य की वीडियों क्लिपें निहायत शर्मनाक है। कोई भाजपा नेता सेक्स रैकेट चलाता मिलता है तो कोई सरेराह दुष्कर्म में लिप्त मिल रहा है।

# पेंशन में कटौती संबंधी हजारों याचिकाएं निस्तारित

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पेंशन में कटौती संबंधी राज्य सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों की हजारों याचिकाओं को निस्तारित कर दिया है। न्यायालय ने उक्त मामले के संबंध में राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी को याचियों का प्रत्यावेदन लेने व तीन माह के भीतर इसे निस्तारित करने का आदेश दिया है। यह भी स्पष्ट किया है कि कमेटी द्वारा मामले के निस्तारण तक याचियों के पेंशन से वसूली नहीं की जाएगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने पारित किया। याचियों की दलील थी कि उन्होंने सेवानिवृत्ति के समय पेंशन के आधार पर जो एकमुश्त धनराशि ली थी उसकी वसूली के तौर पर याचियों के मासिक पेंशन से एक निश्चित रकम की कटौती होती है, मासिक कटौती की धनराशि कर्मचारी द्वारा सेवानिवृत्ति के समय ली गई धनराशि के एक प्रतिशत से कुछ अधिक है। कहा गया कि इस प्रकार जो मासिक कटौती की जा रही है, उससे कर्मचारी से लिए गए उक्त एडवांस पेंशन का भुगतान ब्याज समेत 10 वर्ष 11 माह में हो जाता है। जिसे मोटे तौर पर 11 वर्ष किया जा सकता है या अधिकतम 12 वर्ष तक वसूला जा सकता है।

▶▶ राज्य सरकार की ओर से गठित कमेटी को मामले निस्तारित करने के लिए तीन माह का समय

दलील दी गई कि राज्य सरकार द्वारा 8 दिसम्बर 2008 को जारी शासनादेश के जरिए मासिक कटौती की मियाद 15 वर्ष कर दी गई जो विधिपूर्ण नहीं थी। वित्त विभाग की ओर से न्यायालय को बताया गया कि याचियों की समस्या के निवारण के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस पर न्यायालय ने याचियों को एक माह में उक्त कमेटी के समक्ष प्रत्यावेदन देने का समय दिया तथा उसके पश्चात तीन के भीतर याचियों के प्रत्यावेदनों को निस्तारित करने का आदेश दिया। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि कमेटी के निर्णय से क्षुब्ध याची दोबारा याचिका दाखिल कर सकते हैं। न्यायालय ने यही प्रक्रिया अपनाने का आदेश रेलवे के कर्मचारियों के संबंध में रेलवे को दिया है।

### आबकारी विभाग ने 5451.22 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित किया

**अमृत विचारः** राज्य सरकार को वर्तमान वित्तीय वर्ष के मई महीने में आबकारी विभाग से 4900 करोड़ रुपये लक्ष्य के सापेक्ष 5451.22 करोड़ रुपये (111.25 प्रतिशत) का राजस्व मिला है। आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बताया कि बीते वर्ष इसी माह के लिए निर्धारित लक्ष्य 4900 करोड़ रुपये के सापेक्ष 4593.44 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित किया गया था। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मई, 2025 तक 9770.68 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मई तक 19,800 अभियोग दर्ज करते हुए 5.47 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई।

# तबादले के पहले स्वास्थ्य विभाग में प्रोन्नति का तोहफा मिला

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** तबादलों के पहले स्वास्थ्य विभाग में प्रोन्नति की प्रक्रिया को तेज हो गयी है। लंबे समय से प्रमोशन का इंतजार कर रहे 76 डॉक्टरों के प्रमोशन की तीन वर्गों की अलग अलग सूची जारी हो चुकी हैं। इनमें चित्रकूट धाम मंडल बांदा की अपर निदेशक डॉ.रेखा रानी को निदेशक ग्रेड में प्रोन्नति मिली है।

उक्त क्रम में ही विशेष सचिव अनिल सिंह द्वारा बुधवार को जारी प्रोन्नति आदेश सूची में ग्रेड चार में संयुक्त निदेशक ग्रेड की चार महिला डॉक्टरों को ग्रेड पांच में अपर निदेशक ग्रेड में प्रोन्नति मिली है। प्रोन्नति पाने वाली डॉक्टरों में डॉ.नीना उपाध्याय,डॉ. रेनू जोशी पंत, डॉ.अलका शर्मा और डॉ.गीता अग्रवाल अपर निदेशक ग्रेड में पहुंच गयी हैं।

इसके अलावा सबसे ज्यादा संख्या ग्रेड तीन से ग्रेड चार में प्रोन्नति पाने वाले चिकित्सकों की रही है। ग्रेड तीन के 71 चिकित्सकों को संयुक्त निदेशक ग्रेड में प्रोन्नति मिल गयी है। प्रोन्नति पाने वाले सभी चिकित्सकों को वर्तमान पद पर ही वेतनमान ग्रेड पे के अनुसार बढ़कर मिलने लगेगा, नियुक्ति बाद में होगी।

### कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी से सुनने लगे 214 बच्चे

**अमृत विचार, लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में श्रवण बाधित बच्चों में कॉक्लियर इम्प्लांट कराने को 12 करोड़ 84 लाख रुपये जारी किए। इससे 214 दिव्यांग बच्चों में इम्प्लांट कराया गया है और उन बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बुधवार को बताया कि राज्य सरकार शल्य चिकित्सा अनुदान योजना अंतर्गत दिव्यांगता निवारण के लिए कॉर्निया प्लास्टी, पोस्ट पोलियो करेक्शन सर्जरी और आर्थोसिस जैसी 21 प्रकार की शल्य चिकित्सा के लिए अधिकतम 10 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है।

ज्ञापन

भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने विभाज्य कोष में राज्यों के अंश में समुचित अभिवृद्धि की मांग रखी

# वित्त आयोग से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए मांगी विशेष निधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** 16 वें वित्तीय आयोग के पैनल को उप्र. भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने भी लखनऊ में ज्ञापन प्रस्तुत करते राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिये विशेष निधि की आवश्यकता जतायी। ज्ञापन में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से विभाज्य कोष में राज्यों के अंश में समुचित अभिवृद्धि की मांग की है। वहीं वित्त आयोग के पैनल ने राज्य सरकार के अधिकारियों, शहरी स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, उद्योग-व्यापार और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

इससे पहले वित्त पैनल के समक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और एसीएस वित्त दीपक कुमार ने उल्लेख कर बजट को बढ़ाने की मांग की और केंद्र राज्य के बीच वित्तीय संसाधनों के बंटवारे पर चर्चा करते हुए उप्र. की प्रगति और आवश्यकताओं को बताया।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार केंद्रीय पैनल द्वारा यूपी की वित्त सम्बन्धी स्थिति पर संतोष जताया गया है। इसी के साथ सरकार ने बिजली, पंचायत राज, स्वा में मूलभूत सुविधाएं बढ़ाने के लिए करों में हिस्सेदारी के अलावा अलग से धनराशी की मांग रखी है। जैसे कि, स्वास्थ्य विभाग ने 26000 करोड़ रुपये और पंचायती राज विभाग ने 2.10 लाख करोड़ रुपये की मांग की है। वहीं बैठक में बिजली की दो कंपनियों के निजीकरण का भी मुद्दा उठा है।

### स्वास्थ्य महकमे के लिए मांगे 26000 करोड़ रुपये

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला अस्पतालों में उपकरणों की खरीद, रखरखाव के अलावा अस्पतालों की हालत सुधारने, लैबों के निर्माण, सीटी स्कैन व अल्ट्रा साउंड मशीनों के लिए धनराशी की मांग की गई है। इसी क्रम में राज्य के मेडिकल कालेजों के निर्माण व वहां मरीजों के साथ ही पढ़ने वाले मेडिकल छात्रों के लिए सुविधाएं भी इस धनराशि से जुटाने का प्रस्ताव रखा गया है।

### पंचायती राज विभाग ने मांगे 2.10 लाख करोड़ रुपये

पंचायती राज मंत्री ओमकाश राजभर के मुताबिक, 2 .10 लाख करोड़ रुपये 16 वें वित्त आयोग से विभाग के लिए मांगे गए हैं। जिसमें ग्राम सचिवालय, एसबीएम योजना, ब्लॉक भवन, जिला पंचायत भवन, शौचालय और हैंडपंप को रीबोर करने सहित तमाम योजनाओं के लिए धनराशि की मांग रखी गई है।

# सरकार ने शुरू किया हर बच्चा खास है पोस्टर अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऐसे बच्चे जो बोल नहीं सकते है, सुन नहीं सकते हैं या वो बच्चे जो सामान्य बच्चों की तरह पढ़ने में कठिनाई महसूस करते हैं, उन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह सम्मान व दक्ष बनाने के लिए राज्य सरकार ने जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। यह अभियान सिर्फ नीति की बात नहीं करता, बल्कि बेसिक शिक्षा विभाग की देखरेख में तैयार किए गए पोस्टर के माध्यम से दिलों को छूने का प्रयास करता है।

अभियान की शुरुआत से अब तक 75 जिलों के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों, सीएचसी-पीएचसी, बाल विकास केंद्रों और आशा केंद्रों पर पोस्टर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में 15,92,592 पोस्टरों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। पोस्टरों में इन बच्चों के अधिकारों, आवश्यकताओं और समाज की भूमिका को केंद्र में रखा गया है।

▶▶ 1,32,716 विद्यालयों तक पहुंच रहे छह प्रकार के 2.65 लाख पोस्टर सेट्स

▶▶ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पोस्टर अभियान

पोस्टर वितरण के साथ-साथ स्कूल शिक्षकों को प्रशिक्षण, अभिभावकों से संवाद और समुदाय स्तर पर जागरूकता गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी गई है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि हम केवल स्कूलों में बेंच बढ़ाने की बात नहीं कर रहे, हम दायरे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। समावेशी शिक्षा बच्चों के साथ-साथ पूरे समाज को बेहतर बनाती है। राज्य सरकार पोस्टर को केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और संवाद की चिंगारी मान रही है। यह एक ऐसा प्रयास है जो किसी बजट, टेंडर या स्कीम से आगे जाकर समाज की सोच में बदलाव लाने की क्षमता रखता है, क्योंकि असली समावेश वही है, जो सिर्फ नीति में नहीं, नजरिए में दिखे।

### सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालयों में पोस्टर वितरण

राज्य के एक लाख 32 हजार 716 सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में ये पोस्टर वितरित किए जा रहे हैं। प्रत्येक विद्यालय को एक सेट (छह पोस्टर) उपलब्ध कराया गया है, जिनमें समावेशी शिक्षा और दिव्यांगता के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले संदेश शामिल हैं।

### पोस्टर से समझा रहे 'सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श'

इन पोस्टरों की सबसे खास बात है इनका भावनात्मक, सरल और व्यावहारिक होना। ये न केवल जानकारी देते हैं, बल्कि आत्ममंथन को प्रेरित करते हैं। इन पोस्टरों से प्रेरणा मिलती है कि समावेशी शिक्षा केवल बच्चों के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य के लिए आवश्यक है। यह भी समझ में आता है कि हर बच्चा खास है, लेकिन कुछ बच्चों को थोड़ा और खास समझे जाने की जरूरत है। इस अभियान में ' 'सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श' ' जैसे अति आवश्यक विषय पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

बादल छाए रहेंगे बारिश होने की भी संभावना है।

38.0⁰ अधिकतम तापमान | 30.0⁰ न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- लक्ष्मण मेला मैदान छठ घाट पर गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम- 6:00 बजे।
- बाबूगंज स्थित रामाधीन सिंह इण्टर कालेज में श्याम परिवार की ओर से पौधारोपण का कार्यक्रम- 9:30 बजे।
- सीतापुर रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में विश्व पर्यावरण दिवस एवं योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस पर किसान व व्यापारी सम्मान समारोह- 9:30 बजे।
- एनबीआरआई में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ वन सेवा के अधिकारी विचार व्यक्त करेंगे- 10:00 बजे।
- गोसाईंगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत इस्माइल नगर, घुड़सारा, दुलारमऊ के पंचायत भवन में जनकल्याणकारी योजनाओं के कैंप- 10:00 बजे।
- विश्व पर्यावरण दिवस पर रिंग रोड स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के पास पौधरोपण- 12:00 बजे।
- यूपी प्रेस क्लब में श्रीमद्भागवत गीता के प्रथम अध्याय अर्जुन विषाद योग के त्रिभाषिक अनुवाद का लोकार्पण- 12:15 बजे।
- लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में विश्व पर्यावरण दिवस पर रोटी कपड़ा फाउंडेशन की ओर से वृक्ष भंडारे का आयोजन- 5:00 बजे।
- अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आनंद अनुभूति वेल्फेयर सोसाइटी की ओर से नाटक फितूर का मंचन- 7:10 बजे।

# किला मोहम्मदी ड्रेन साफ नहीं, जलभराव को रहें तैयार

## नाले पर पक्के निर्माण होने से पूरी तरह सिल्ट नहीं हो पाती साफ



किला मोहम्मदी ड्रेन में जमा सिल्ट। अमृत विचार

- जोन 5 और 8 की लगभग 8 लाख आबादी को होगी परेशानी
- आशियाना, रुचि खंड, एलडीए कालोनी में होता है जलभराव

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** इस बार भी बारिश में जलभराव की समस्या से जुझना पड़ेगा, क्योंकि अभी तक हैदर कैनाल नाले की तरह आशियाना में किला मोहम्मदी ड्रेन भी साफ नहीं हुआ है। अतिक्रमण होने से सिल्ट की सफाई नहीं हो पा रही है। इस नाले से बड़ी आबादी क्षेत्र की जलनिकासी होती है।

नाला चोक होने से बारिश में नगर निगम के जोन-5 और जोन-8 की लगभग 8 लाख आबादी लगभग हर वर्ष जलभराव की समस्या से जूझती है। आशियाना, रुचि खंड, एलडीए कालोनी सहित कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर जाता है। 15 जून तक सभी नालों और नालियों की सफाई का कार्य पूरा होना है, लेकिन कई जगह अभी शुरुआत ही नहीं हुई है। नाला सफाई के नाम पर अभियंता और ठेकेदार बिल बना बजट का बंदरबांट कर रहे हैं। सिंचाई विभाग की लापरवाही से नाले की बाउंड्री कई जगह टूटी पड़ी है। आशियाना में किला मोहम्मदी चौराहे के पास नाले की बाउंड्री टूटकर नाले में समा गई है। बारिश में नाले का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क तक फैल जाता है। इससे सड़क और नाले का पता नहीं लग पाता। इससे कई बार लोग नाले में गिरकर चोटिल हो जाते हैं।

### कई जगह कच्चे नाले को किया जाना है पक्का

सिंचाई विभाग का यह नाला कई जगह संकरा है तो कुछ जगह कच्चा है। जलभराव की समस्या दूर करने के लिए नगर निगम ने प्लान तैयार किया है। नाले की रि-डिजाइनिंग के साथ कई जगह कच्चे नाले को पक्का किया जाना है। बजट भी जारी हो चुका है लेकिन अभी तक इस पर काम शुरू नहीं हो पाया। नगर निगम की जगह अब यह काम जल निगम के सीएंडडीएस को दे दिया गया है।

### नाले का पानी सीधे सई नदी में गिरता है

इस नाले का गंदा पानी सीधे सई नदी में जाकर गिरता है। इससे प्रदूषण फैलता है। नदी में सीधे गिर रहे सीवर के गंदे पानी पर एनजीटी नगर निगम को फटकार लगा चुका है। अब इस नाले के पानी को शोधित करने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की कवायद चल रही है।

> नाले की सफाई का काम लगभग 200 मीटर और बचा है। लगभग 6 किमी नाले की सफाई मशीन से कराई जा चुकी है। नाले पर कुछ स्थानों पर अतिक्रमण है। इसलिए मैनुअल सफाई कराई जा रही है।
>
> **-मनोज प्रभात,** मुख्य अभियंता आरआर विभाग, नगर निगम

# सचल दस्ते को धमका कर छुड़ा ले गए लकड़ी लदा ट्रक

- सहायक आयुक्त ने बाजारखाला कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ऐशबाग फ्लाईओवर के पास राज्य कर सचल दस्ते को धमकाकर लकड़ी कारोबारी के लोग सागौन से लदा ट्रक छुड़ा ले गए। कारोबारी से फोन पर सचल दल के चालक से गाली गलौज कर धमकाया। सहायक आयुक्त ने बाजारखाला कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

सहायक आयुक्त रमेश कुमार ने बताया कि 30 मई को रात करीब 2 बजे चेकिंग दस्ते ने ऐशबाग फ्लाईओवर के पास लकड़ी लदे ट्रक को रोककर जांच की। ट्रक में सागौन की लकड़ी लदी थी। चालक के पास परमिट नहीं था। उसने माल हाजी जाबिर का होने की जानकारी दी। इस बीच ट्रक चालक ने फोन पर हाजी जाबिर को सूचना दी। कुछ ही देर में कार से करीब पांच लोग वहां पहुंचे। इन लोगों ने सचल दल दस्ते को धमकाया और ट्रक छुड़ाकर ऐशबाग लकड़ी मंडी की तरफ ले कर चले गए।

सहायक आयुक्त ने बताया कि बड़ी संख्या में हाजी जाबिर के समर्थक भी पहुंच गए थे। भीड़ बढ़ते देख सहायक आयुक्त ने डॉयल 112 पर फोन कर मदद मांगी। सचल दस्ते के साथ चालक मुलायम सिंह यादव मौजूद था। ट्रक ले जाने के बाद जाबिर ने नंबर तलाश कर मुलायम सिंह को फोन लगाया।

उससे कहा कि तुम्हारे कारण ही सहायक आयुक्त हम तक पहुंचे, इसके बाद गाली गलौज करने लगा। जाबिर का फोन आने की जानकारी चालक ने सहायक आयुक्त को दी थी। सहायक आयुक्त ने बाजारखाला कोतवाली में हाजी जाबिर, ट्रक चालक और उनके साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# समर उपाध्याय बने अधीक्षण अभियंता अवध विहार वृत्त

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** आवास विकास में अधीक्षण अभियंता सहित अधिशासी अभियंताओं की तैनाती में फेरबदल किया गया है। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव विपिन कुमार जैन की ओर से जारी आदेश के तहत अधीक्षण अभियंता बुंदेलखंड वृत्त, झांसी समर उपाध्याय को अधीक्षण अभियंता अवध विहार वृत्त के पद पर तैनाती दी गई है। उनकी जगह अधीक्षण अभियंता अवध विहार वृत्त प्रमोद कुमार वर्मा को भेजा गया है। अधिशासी अभियंता अभियंत्रण अनुभाग मुख्यालय को अधीक्षण अभियंता के कर्तव्यों के साथ निदेशक, गुण नियंत्रण एवं परिकल्पना वृत्त बनाया गया है। अधिशासी अभियंता निर्माण खंड कानपुर 1 को अधिशासी अभियंता अभियंत्रण अनुभाग मुख्यालय स्थानांतरित किया गया है। उप निदेशक गुण नियंत्रण एवं परिकल्पना 2 के अतिरिक्त कार्य के लिए अधिकृत किया है। अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लखनऊ 8 को इसके साथ निर्माण खंड लखनऊ 6 के अधिशासी अभियंता की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है।

# सिंचाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने बुधवार को हजरतगंज स्थित कर्मचारी प्रेरणा स्थल पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी कर विभाग में अहम पद समाप्त करने पर नाराजगी जताई।

संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के नेतृत्व में जिलों में धरना आयोजित किया गया और मुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। प्रेरणा स्थल पर जुटे कर्मचारियों ने शासन के फैसले को कर्मचारी विरोधी बताया।

# शोध के लिए पैसा दिया भरपूर समीक्षा हुई न हाथ आया रिसर्च

## आंबेडकर विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन में ही होना था शोध

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. पंकज अरोड़ा को भारत सरकार ने औद्योगिक कचरे से भूमि और भूजल को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए जो 5 वर्षीय शोध का काम सौंपा। इसके लिए 98 लाख रुपये का भुगतान कर गाइडलाइन भेजी थी। गाइड लाइन के मुताबिक शोधकर्ता को अपना काम विश्वविद्यालय प्रशासन के मार्गदर्शन में करना था। इस शोध के अनुबंध स्पष्ट लिखा है कि शोधकर्ता और वित्तीय एजेंसी के बीच पत्राचार विश्वविद्यालय के माध्यम से ही होगा। विश्वविद्यालय हर वर्ष 31 मार्च को शोध की समीक्षा करेगा।

शोध के लिए मिलने वाली हर क़िस्त से पहले शोधकर्ता को शोध की प्रगति के बारे में विश्वविद्यालय को जानकारी देनी होगी। ऐसे में विश्वविद्यालय की जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. रचना गंगवार का पल्ला झाड़ लेना समझ से परे है कि इस मामले से विश्वविद्यालय का कोई लेना देना नहीं, जो बात करनी हो वह डॉ. पंकज से करिये। शोध के बारे में उन्होंने कहा कि जिसने पैसा दिया शोध पत्र उसे भेजा गया। उसका विश्वविद्यालय से क्या लेना देना। डॉ. पंकज को शोध के दौरान पहले साल 21 लाख रुपये, दूसरे साल 7.5 लाख और इसके बाद हर साल 5 लाख रुपये की राशि विश्वविद्यालय के माध्यम से मिलती रही। शोधकर्ता को शोध कार्य अपने विभागाध्यक्ष को देना था, वहां से वित्त विभाग होता हुआ कुलपति तक पहुंचना था। कुलपति के माध्यम से शोध पत्र वित्तीय एजेंसी तक जाना था। लेकिन शोध पत्र बीच में ही कहीं अटक गया।

### 5 कॉपी में तैयार होना था शोध पत्र

शोध पत्र 5 कापी में तैयार होना था और सॉफ्ट कापी में दिया जाना था लेकिन आश्चर्यजनक है कि विश्वविद्यालय लगातार धन देता रहा और शोध कार्य के बारे में जानकारी ही नहीं ली। शोधकर्ता ने दो साल की छुट्टी ली और अपने विभागाध्यक्ष को उपकरण व केमिकल सौंपकर नो ड्यूज हासिल कर लिया। नो ड्यूज में ही यह भी बता दिया कि शोध पत्र अपूर्ण होने की वजह से वह साथ ले जा रहे हैं और पूर्ण करके भेज देंगे। शोध कार्य में क्या निकला जब इसकी पड़ताल शुरू हुई तो हकीकत सामने आई। डॉ. पंकज रुहेलखंड विवि में एसोसिएट प्रोफ़ेसर हो चुके हैं और विवि शोध कार्य से अपना पल्ला झाड़ चुका है। जनता की गाढ़ी कमाई का 98 लाख रुपया तो डूबा ही साथ ही जिस मंशा से भारत सरकार ने इतना धन खर्च किया वह मंशा भी पूरी नहीं हो पाई। यह भारत सरकार को तय करना है कि अकेले डॉ. पंकज जिम्मेदार हैं या फिर विश्वविद्यालय की भी कोई जवाबदेही है।

### ऐसे ही नहीं मिलता नौ दिन में शोध का जिम्मा

यथार्थ के धरातल पर बात की जाए तो इस मामले में अकेले डॉ. पंकज अरोड़ा जिम्मेदार नहीं हैं। जितना शोधकर्ता जिम्मेदार है उतना ही विश्वविद्यालय भी जिम्मेदार है। भारत सरकार ने डॉ. पंकज को शोध का जिम्मा सिर्फ इसलिए सौंपा क्योंकि वह बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफ़ेसर थे। शोध के लिए जो धन दिया वह भी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के माध्यम से दिया। इस मामले में सबसे दिलचस्प बात यह है कि डॉ. पंकज को जब यह शोध का कार्य मिला तब उन्हें विश्वविद्यालय ज्वाइन किये हुए सिर्फ 9 दिन हुए थे। विश्वविद्यालय ने उनका 21,600 रुपये का वेतन तय किया था, लेकिन शोध का काम मिला तो 85 हजार रुपये प्रति माह पारिश्रमिक और 7500 रुपये प्रति माह आवास का किराया मिलना शुरू हो गया।

## एक नजर

### मृतक आश्रित पदों पर नियुक्ति की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के सफाई सहित सभी संवर्गों में कर्मचारियों की मृत्यु के बाद नियुक्ति न किये जाने से परिवार के आश्रितों के पालन-पोषण में कठिनाई हो रही है। नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने महापौर को पत्र लिखकर सफाईकर्मी, मेट, अनुचर, मैकेनिक, अनुचर और बेलदार के 19 पदों पर मृतक आश्रितों की नियुक्ति के लिए सम्बंधित को समय पर निर्देशित करने का अनुरोध किया है।

### छह महीने से नहीं मिला वेतन और पेंशन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जल निगम (नगरीय) के 2219 कर्मचारियों और 7153 पेंशनर्स को दिसंबर 2024 से मई 2025 तक 6 महीने का वेतन व पेंशन नहीं मिली है। उत्तर प्रदेश जल निगम एकीकृत संघर्ष मोर्चा के महासचिव एके सिंह ने बताया कि 4, 5 और 6 मार्च को समस्याओं को लेकर मोर्चा ने जल निगम मुख्यालय के सामने धरना दिया था। प्रबंधन ने वार्ता की, लेकिन किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया है।

### गहरू में जमीन कराई अतिक्रमण मुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के प्रवर्तन दल ने बुधवार को सरोजनीनगर तहसील के ग्राम गहरू में दो करोड़ मूल्य की 0.406 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई। खसरा संख्या 1233 (0.385 हेक्टेयर) और खसरा संख्या 1151 (1.176 हेक्टेयर) में से कुल 0.406 हेक्टेयर भूमि पर कुछ लोगों ने बाउंड्रीवाल बनाकर कब्जा कर लिया था। स्थानीय लोगों के विरोध के बीच टीम ने जेसीबी की मदद से बाउंड्रीवाल सहित अन्य निर्माण ध्वस्त कर दिए।

सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून 2025
विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर मिशन हरियाली की टीम आप सभी से एक विनम्र अपील करती है
आइए, मिलकर अपने पर्यावरण को संवारें और संजोएं पेड़ लगाएं, प्लास्टिक से परहेज़ करें, पानी बचाएं, और प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलें आपका एक छोटा कदम, आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा भविष्य बना सकता है।
विवेक वर्मा
इंचार्ज प्रधानाध्यापक
कंपोजिट विद्यालय मैंना हार
विकासखंड देवा, बाराबंकी
सोनम पटेल
सहायक अध्यापक,
कंपोजिट विद्यालय बतियामऊ,
विकासखंड देवा, बाराबंकी
दिव्यांश वर्मा
प्रकृति से प्रेम करें
हरियाली को बढ़ावा दें।
मिशन हरियाली टीम
विकास खण्ड देवा
बाराबंकी

सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून 2025
पर्यावरण का सीधा संबंध हमारे जीवन, हमारी सृष्टि से है। स्वच्छ-सुरक्षित पर्यावरण सभी प्राणियों के जीवन को सुगम बनाता है। आइए, अपनी सृष्टि की रक्षा हेतु पर्यावरण के संरक्षण के लिए संकल्पित हों।
सतीश शर्मा
राज्यमंत्री,
खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति, उत्तर प्रदेश सरकार
सौजन्य सुंदरम शर्मा नगर पंचायत दरियाबाद
बाराबंकी

सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून 2025
की हार्दिक शुभकामनाएं
सहदेव मौर्य
अधिवक्ता,
सिविल कोर्ट, बाराबंकी
नीरज सिंह
प्रधान प्रतिनिधि,
ग्राम पंचायत भिखरा, हैदरगढ़, बाराबंकी

सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून 2025
अभिषेक सिंह
जेई
नगर पंचायत रामसनेहीघाट, बाराबंकी
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर
नगर पंचायत रामसनेहीघाट
बाराबंकी
ऋषभ शर्मा
बीट प्रभारी
वन विभाग रामसनेहीघाट
बाराबंकी
डॉ0 विनय कुमार मिश्रा
खंड विकास अधिकारी
ब्लॉक बनीकोडर
बाराबंकी

# गर्भ में ही पता चल गया नहीं हैं पैर, केजीएमयू ने दी हौसलों को उड़ान

पंकज द्विवेदी, लखनऊ

▶▶ महाराष्ट्र की बच्ची को पीएमआरआर ने लगाए पैर

▶▶ वर्ष में एक बार पैर लगवाने आती है केजीएमयू



प्रोस्थेटिक ऑर्थोटिक यूनिट की प्रभारी शगुन सिंह के साथ जीनत।

**अमृत विचार :** धन्य हैं इस बेटी के माता-पिता और उन माता-पिता के लिए नजीर भी जो बेटी को बोझ समझते हैं। कोख में ही मारने की कोशिश करते हैं या फिर जन्म लेने के बाद कूड़े में फेंक देते हैं।

ये वो हैं जिन्हें गर्भ में पल रही बच्ची के पैर न होने की जानकारी हो गई थी, अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट के बाद चिकित्सकों ने विकृत बच्चे के होने की बात कही। रिश्तेदारों ने गर्भपात कराने की सलाह दी। लेकिन एक मां गर्भ में पल रहे बच्चे से किए गए वादे को कैसे भुला देती। समय पूरा होने पर बच्ची ने जन्म लिया, उसे ''उड़ने के लिए पंख'' किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन (पीएमआर) विभाग ने लगाए। बच्ची अब 10 साल की हो चुकी है। साल में एक बार कृत्रिम पैर लगवाने के लिए केजीएमयू आती है। अब वह सामान्य बच्चों की तरह न सिर्फ उछल कूद करती है, बल्कि स्कूल में होने वाली दौड़ और नृत्य प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग करती है।

महाराष्ट्र के जलगांव, भुसावल के रहने वाले कमालुद्दीन शेख सिलाई का काम कर पत्नी तरन्नुम निशा और तीन बेटियां मंतशा, फातिमा और जीनत शेख के साथ रहते हैं। मंतशा बीकॉम सेकेंड ईयर, फातिमा कक्षा आठ और तीसरी बेटी जीनत कक्षा-3 में पढ़ाई कर रही है। जीनत के नाना मो.यूनुस लखनऊ में पारा क्षेत्र में रहते हैं। यूनुस बताते हैं कि जब जीनत करीब 5 माह के गर्भ में थी तभी अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में उसके पैर न होने की जानकारी हो गई थी। जन्म के बाद घर के सदस्य अवसाद में चले गए थे। इस बीच उन्हें केजीएमयू में कृत्रिम अंग बनने की जानकारी हुई। जीनत एक साल की थी तभी वह केजीएमयू के संपर्क में आ गए थे। यहां प्रोस्थेटिक ऑर्थोटिक यूनिट की प्रभारी शगुन सिंह के प्रयास से बच्ची का इलाज शुरू हुआ।

### उम्र कुदरत और लंबाई केजीएमयू बढ़ा रहा

प्रोस्थेटिक ऑर्थोटिक यूनिट की प्रभारी शगुन सिंह बताती है कि बच्ची का एक साल की उम्र में यहां से इलाज शुरू हो गया था। बच्ची के घुटने के नीचे के पैर नहीं हैं। शुरुआत में नाप लेकर कृत्रिम जूते बनाए गए। अब उसकी उम्र बढ़ना तो कुदरत की देन है लेकिन उसकी लम्बाई केजीएमयू बढ़ा रही है, यानि साल में एक बार उसे केजीएमयू आना पड़ता है। वहीं, नाना यूनुस का कहना है कि गर्मियों की छुट्टियों में वह इलाज के बहाने पारा स्थित अपने ननिहाल आ जाती है।

### कोई स्कूल दाखिला लेने को तैयार नहीं था

नाना यूनुस का कहना है कि जीनत अब 10 साल की है। शुरुआत में कोई भी स्कूल उसका दाखिला नहीं ले रहा था। इसलिए उसकी पढ़ाई काफी देर से शुरू हो पाई। अब वह कक्षा-3 की छात्रा है। पढ़ाई में इतनी तेज है कि वह अपने सीनियर बच्चों का भी होम वर्क कराने में मदद करती है। स्कूल में सभी शिक्षकों की चहेती बनी हुई है। यूनुस के मुताबिक दिव्यांग प्रमाणपत्र बनवाने के लिए जीनत को सीएमओ कार्यालय के दिव्यांग बोर्ड के सामने पेश किया गया। वह स्वयं चलकर अधिकारियों के सामने गई। जबकि, आवेदन फॉर्म में दोनों पैर न होने का हवाला दिया गया था। यह देख अफसर सकते में आ गए। शुरुआत में वह उसे दिव्यांग मानने को ही तैयार नहीं हुए बाद में कृत्रिम पैर दिखाने पर उन्हें विश्वास हुआ।

## केजीएमयू में 1972 से बन रहे कृत्रिम अंग

पीएमआर विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल गुप्ता ने बताया लिंब सेंटर में कृत्रिम अंग बनाने का काम 1972 से किया जा रहा है। यहां उच्च तकनीक से कम पैसों में अंग उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सबसे पहले जिसको कृत्रिम अंग लगाना होता है उसके पैर या हाथ की सही माप ली जाती है। इसके बाद भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग (डीपीएमआर डिपार्टमेंट) में पैर का मेजरमेंट किया जाता है। फिर टीम मरीज के पहले पैर या हाथ जैसे ही कृत्रिम अंग तैयार करती है।


डॉ. अनिल गुप्ता

डॉ. अनिल गुप्ता के मुताबिक कृत्रिम अंगों को लेकर जागरुकता बढ़ी है। विभाग में गत वर्ष 11 माह में 29 हजार 121 मरीजों का इलाज हुआ। 2450 छोटे व 108 मरीजों के बड़े ऑपरेशन हुए हैं। पहली जनवरी से 30 नवंबर तक विभाग में 7616 मरीजों को ऑक्यूपेशनल थैरेपी दी गई। इसके अलावा 7847 मरीजों को फिजियोथैरेपी देकर ठीक किया गया। 372 कृत्रिम अंग और 2604 कैलिपर्स लगाए गए। 11 महीने में 50 हजार मरीजों का एक्स-रे हुआ।

डॉ. अनिल के मुताबिक साल-दर-साल कृत्रिम अंग व सहायक उपकरणों की मांग बढ़ रही है। लिंब सेंटर में हर साल करीब 150 से ज्यादा कृत्रिम अंग तैयार किए जा रहे हैं। प्रो. अनिल के मुताबिक सेंटर में पूरे प्रदेश से मरीज रेफर होकर आते हैं। सेंटर की खासियत यह है कि यहां चार से छह हजार रुपये में पैर व अन्य अंग बन जाते हैं। जबकि निजी कंपनियों में इसकी कीमत 50 से 60 हजार तक की होती है। गरीबों के लिए सरकारी फंड और निजी संस्था के माध्यम से मुफ्त में भी अंग लगाए जा रहे हैं।

## एक नजर

### 88 वाहनों का चालान और 41 किए सीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित विशेष संयुक्त समिति ने शहर के प्रमुख स्थानों पर अभियान चलाया। होटल क्लार्क अवध के पीछे, घण्टाघर चौक, मड़ियांव सीतापुर रोड, पालीटेक्निक, अर्जुनगंज में अभियान चलाते हुए कुल 88 वाहनों का चालान और 41 सीज किए। अभियान के दौरान गठित की गईं टीमों ने जिलाधिकारी के निर्देशन में राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों, मार्गों, चौराहों, अवैध टैक्सी स्टैण्ड एवं सड़क के किनारे अवैध रूप से पार्क वाहन, मुख्य मार्ग एवं चौराहों पर सवारियों को बैठाने वाले व्यवसायिक वाहनों पर भी कार्रवाई की।

### वित्त आयोग के अध्यक्ष से यूपी के लिए मांगा अधिक धन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का एक प्रतिनिधि मंडल 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया से मिला और आयोग के अध्यक्ष को माकपा की तरफ से एक सुझाव पत्र दिया। प्रतिनिधि मण्डल में माकपा राज्य सचिव कामरेड रविशंकर मिश्र के साथ ही राज्य सचिव मण्डल के सदस्य कामरेड मुकुट सिंह व कामरेड बीएल भारती शामिल रहे। सुझाव पत्र में माकपा ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सर्वाधिक आबादी वाला राज्य है। अनेक प्रयासों के बाद भी यहां पर शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के क्षेत्र में कुछ ख़ास नहीं किया जा सका है।

# गूगल बताएगा आरोग्य मंदिर का पता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ स्वास्थ्य विभाग स्मार्ट सिटी से मिलकर शुरू की कवायद

**अमृत विचार :** शहर में खुले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) को तलाशने के लिए अब मरीजों को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। गूगल मैप के सहारे आसानी से इसका पता चल जाएगा। सेंटर को गूगल से जोड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग व स्मार्ट सिटी मिलकर काम करेंगे। अधिकारियों ने जल्द ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को गूगल मैप से जोड़ने का दावा किया है।

लोगों को उनके घर के नजदीक मुफ्त इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से मोहल्ला क्लीनिक के तर्ज पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोले गए हैं। राजधानी में 108 सेंटर संचालित है। अभी तक कॉलोनी के नाम से संचालित हो रहें। कोई लैंडमार्क भी न होने के कारण मरीजों को सेंटर तलाशने में दिक्कत होती है।

सीएमओ डॉ.एनबी सिंह ने बताया अधिक से अधिक मरीजों को सरकारी सेवाओं का लाभ मिले इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सेंटर की व्यवस्थाओं को और दुरुस्त करने का फैसला किया है। सेंटरों की गूगल मैपिंग कराई जा रही है। मरीज या तीमारदार गूगल पर इलाके का नाम डालेंगे। उस पर नजदीक के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का पता स्क्रीन पर आ जाएगा। इससे मरीजों को सेंटर की तलाश करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि करीब 100 मीटर से लैंडमार्ग के बोर्ड भी लगेंगे।

### सेंटर खोलने में मानकों की हुई है अनदेखी

स्वास्थ्य विभाग ने मानकों की अनदेखी करते हुए तमाम सेंटर गली मोहल्लों में खोल दिए हैं। पॉश इलाकों में कई डॉक्टरों के घरों में सेंटर खोल दिए गए हैं। वहीं योजना से जुड़े कर्मचारी ने अपने घर पर ही सेंटर खोल दिया है। सबसे ज्यादा घालमेल सरोसा-भरोसा, त्रिवेणीनगर इलाके के सेंटर में हैं। यहां कर्मचारी के घर में सेंटर खोला गया है। पॉश इलाकों में सेंटर खुलने से गिने चुने मरीज ही जा पा रहे हैं। ऐसे में सेंटर खोलने के मकसद को झटका लग रहा है। शिकायत के बावजूद अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। जबकि गली-मुहल्लों व मलिन बस्ती में सेंटर खोले जाने थे।

### पीजीआई में मिलेगी निशुल्क गोल्फ कार्ट वाहन की सुविधा

**अमृत विचार, पीजीआई :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में अब मरीजों और उनके तीमारदारों को अस्पताल परिसर में आने जाने के लिए गोल्फ कार्ट वाहन की सुविधा निशुल्क मिलेगी। संस्थान निदेशक डॉ. आरके धीमन ने बुधवार को प्रवेश द्वार से पांच गोल्फ कार्ट वाहनों का उद्घाटन किया। ये गोल्फ कार्ट आईसीआईसीआई बैंक ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी के तहत संस्थान को रोगियों के आवागमन के लिए दिए हैं। पीजीआई में प्रतिदिन करीब तीन हजार रोगी उपचार के लिए आते हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश हर्षवर्धन ने बताया कि गोल्फ कार्ट वाहन का संचालन मेन गेट नम्बर-2 से नवीन ओपीडी, ओल्ड ओपीडी, इमरजेंसी मेडिसिन, इएमआरटीसी, एलटीयू बिल्डिंग एवं जनरल हॉस्पिटल आदि स्थानों से किया जाएगा। अभी तक रोगी और तीमारदार किराया देकर ई-रिक्शा से आते-जाते थे। संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवेंद्र गुप्ता, संयुक्त निदेशक प्रशासन कर्नल जयदीप सिंह घुम्मन और प्रभारी वाहन विभाग योगेंद्र भारद्वाज के अलावा आईसीआईसीआई बैंक के स्टेट हेड सुमित मेहरोत्रा, रीजनल हेड दीप्ती माथुर व जोनल हेड विशाल सक्सेना आदि मौजूद रहे।


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम मोहम्मद अनवार खान (MOHAMMAD ANWAR KHAN) था, वर्तमान में मेरा नाम, बदलकर अनवार अहमद (ANWAR AHMAD) रख लिया है, मुझे नये नाम से जाना व पढ़ा जाये। **पता : ग्राम- जिगनी, पो0- मडराँव, थाना बिन्दकी, जिला- फतेहपुर, उ0प्र0- 212635।**

**सूचना**

मैं तनवीर सूबूही रिज़्वी पुत्री सैय्यद अबुल हसन, निवासिनी -401/99 दबेरुददौला, चौपटिया, चौक लखनऊ, पिनकोड 226003 की हूं। त्रुटि वश मेरा नाम कुछ बैंक कागजातो में तनवीर रिजवी/तनवीर सूबूही लिख गया है।जबकि सही नाम तनवीर सूबूही रिज़्वी हैं, (TANVEER SUBUHI RIZVI) भविष्य में हमें इसी नाम से जाना व पहचान जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेंद्र कुमार पुत्र नन्हेलाल किशुनपुर केवई पो. सरवन थाना फुरसतगंज, परगना रोखा, तहसील तिलोई, जिला अमेठी का निवासी हूं। मेरे दो पुत्र अनुज कुमार, अरुन कुमार और एक पुत्री आंचल है। मेरा बड़ा लड़का अनुज कुमार आवारा किस्म का है। उसका चाल चलन गलत और समाज विरोधी होने के कारण अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता और सरोकार नहीं होगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिये 'खुली' ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:-

**क्रम सं. -1, निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: 08-2025-कालोनी,** कार्य का नाम: मुख्यालय स्थित विभिन्न हॉलों और कार्यालयों में वातानुकूलन की व्यवस्था हेतु विद्युत आपूर्ति की क्षमता में वृद्धि से संबंधित विद्युतीय कार्य। अनुमानित लागत: ₹ 3,84,91,888/-, बयाने की राशि: ₹ 3,42,500/-, ई-निविदा फार्म का मूल्य: शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से: 06 माह।

• ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 24-06-2025 समय 15:00 बजे तक। • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी**
मुजाधि/विद्युत-54 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 02 वर्ष 2025-26**

अधोलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द खुली निविदाएँ भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मण्डल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती हैं:- **कार्यों का विवरण : 1.** कन्नौज स्टेशन पर विविध सिंगनलिंग कार्य तथा गुड्स शेड/मानीमऊ को कनेक्ट करने हेतु निर्माणाधीन साइडिंग लाइन के लिए कन्नौज-अरोल खण्ड के सिगनल एवं दूरसंचार यूटिलिटी को शिफ्ट करना, **अनुमानित लागत :** ₹ 3,16,71,446.65, **बयाना राशि :** ₹ 3,08,400/-, **कार्य समापन अवधि :** 9 माह। **कार्यों का विवरण : 2.** महत्वपूर्ण सिगनलिंग एवं दूरसंचार सर्किटों की विश्वसनीयता उन्नयन हेतु 16 किमी से अधिक सेक्शनल लम्बाई के शेष ब्लॉक सेक्शनों में अतिरिक्त ओ.एफ.सी. केबिल का प्रावधान (लालकुआँ-गूलरभोज, गूलरभोज-बाजपुर, लालकुआँ-हल्द्वानी एवं भोपतपुरा-बीसलपुर) और इज्जतनगर मंडल के रुद्रपुर सिटी-लालकुआँ खण्ड में सेफ्टी फेंसिंग के प्रावधान हेतु विविध दूरसंचार कार्य, **अनुमानित लागत :** ₹ 2,26,25,490.86, **बयाना राशि :** ₹ 2,63,100/-, **कार्य समापन अवधि :** 6 माह। **कार्यों का विवरण : 3.** इज्जतनगर मंडल में स्थापित Efftronics मेक डाटा लॉगर, आर.टी.यू. एवं सी.ओ.ए. सिस्टम की तीन वर्ष के लिए Comprehensive ए.एम.सी., **अनुमानित लागत :** ₹ 2,70,71,584.68, **बयाना राशि :** ₹ 2,85,400/-, **कार्य समापन अवधि :** 36 माह। **ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 26.06.2025 को 11:00 बजे। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

**वरि. मण्डल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर,**
**मुजाधि/सिगनल-18 पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है। **निविदा सं. एवं कार्य का विवरण:** EL-MWS-GKP-2025-26-06, इंस्टालेशन आफ 500 के0डब्लू0पी0 ऑन-ग्रिड (विदाउट बैट्री बैक-अप) सोलर रूफ-टॉप प्लान्ट एट न्यू एल0एच0बी0 शेड एण्ड आराकल शेड इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर। **अनुमानित लागत:** ₹ 2,12,05,363.82, बयाने की राशि: ₹ 2,56,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/ अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से - 06 महीना। आन लाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 25.06.2025 समय 11:00 बजे। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर**
मुजाधि/विद्युत-55 (कार.)गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।






DIRECT/COUNSELLING ADMISSION OPEN
CITY GROUP OF COLLEGES
(Affiliated to A.K.T.U. & Lucknow University, Approved by PCI, BCI, UPSMF)
LL.B. (3 &5 Years) | LL.M. | D.Pharm. | B.Pharm. | B.Com.
B.Com. (H) | B.B.A. | B.C.A. | B.Sc. (Ag.) | M.B.A.
M.C.A. | M.Com. 6306233816, 9369638650
B.Sc. (Nursing) | B.M.L.S. | A.N.M. | G.N.M. | E.T.C.T.
O.T. Tech. 9918985809, 9369638650
CHINHAT | JANKIPURAM | ANSAL | AASHIYANA | BARABANKI

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **24.06.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या:** 06202025 dated 02.06.2025 |
| 2 | **निविदा संख्या: (1)** 14/DEN-V-LKO/2025-2026, **(2)** 15/DEN-V-LKO/2025-2026 |
| 3 | **कार्य का नाम: (1)** सहायक मंडल अभियंता (द्वितीय)/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/बीबीके के अंतर्गत 10 लेवल क्रॉसिंग एलसी संख्या 158, 159, 160, 161, 162, 163, 164, 165, 166 और 167 (डीवाईडी-आरईएस) पर प्री-फैब्रिकेटेड फाउंडेशन और लॉकिंग सिस्टम सहित भारी ट्रैफिक लेवल क्रॉसिंग के लिए रबरयुक्त पैनलों का प्रावधान, एसएसई/पी.वे/बीबीके के अंतर्गत 10 लेवल क्रॉसिंग संख्या 168, 169, 170, 172, 175, 177, 178, 179, 181 और 187 (एसजीजे-एलबीएच), 08 लेवल क्रॉसिंग संख्या 26, 27, 29, 30, 31, 32, 37 (एजे-सीपीबी) और 126 (बीक्यूपी-ओएन) एलकेओ-सीएनबी सेक्शन और डीएमडब्ल्यू-ओएन एसएसई/पी.वे/ओएन के अंतर्ग, 08 नंबर लेवल क्रॉसिंग संख्या 5, 6, 8, 9, 11, 12, 17 और 19 (एमकेजी-एजे) एसएसई/पी.वे/लाइन लखनऊ के अंतर्गत। **(2)** सहायक मंडल अभियंता अयोध्या कैंट के अधिकार क्षेत्र में 10 नंबर लेवल क्रॉसिंग नंबर 122, 123, 125, 126, 129, 130, 133, 135, 136 और 137 (एवाईसी-बीएनएम) पर प्री-फैब्रिकेटेड फाउंडेशन और लॉकिंग सिस्टम सहित भारी ट्रैफिक लेवल क्रॉसिंग के लिए रबराइज्ड पैनलों का प्रावधान, एसएसई/पी.वे/आरडीएल के तहत 9 नंबर लेवल क्रॉसिंग नंबर 138, 139, 140, 141, 142, 144, 146, 147 और 149 (बीएनएम-पीटीएच), 09 नंबर लेवल क्रॉसिंग नंबर 86, 88, 91, 91A, 93, 95, 97, 98 और 99 (एबीपी-बीएलजी), 09 नंबर लेवल क्रॉसिंग नंबर 102, 103, 104 एसएसई/पी.वे/एवाईसी के अंतर्गत 107, 108, 109, 111, 113 और 115 (बीएलजी-एवाईसी), एसएसई/पी.वे/आरडीएल के अंतर्गत 8 लेवल क्रॉसिंग संख्या 150, 151, 152, 153, 154, 155, 156 और 157 (पीटीएच-एसवाईके)। |
| 4 | **अनुमानित लागत: (1)** Rs. 8,54,81,679.84, **(2)** Rs. 11,22,93,774.45 |
| 5 | **धरोहर राशि: (1)** Rs. 5,77,400.00, **(2)** Rs. 7,11,500.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि: 1 एवं 2 के लिये:** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 6 माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ:** 10.06.2025 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 24.06.2025 at 15:00 hrs. |
| 9 | **वेबसाईट:** www.ireps.gov.in |

**नोट:** 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1637/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# दो रूटों से 34 आश्रयहीन और असहायों को किया रेस्क्यू

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने चलाया अभियान



रेस्क्यू के दौरान इमामबाड़ा के पास उपस्थित जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रशासन की टीमों ने सार्वजनिक स्थलों पर आश्रयहीन और असहाय व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बुधवार को जिला प्रशासन व पुलिस विभाग ने संयुक्त शुरू किया। 8 जून तक चलने वाले इस अभियान में पहले दिन रूट 1 पर स्वास्थ्य भवन से इमामबाड़ा, केजीएमयू, दुबग्गा तक और रूट नंबर 2 में बसंतकुंज, नाका से आलमबाग तक अभियान चलाया गया। इसमें 2 बच्चे, 4 महिलाएं और 28 पुरुष व वृद्धजनों को रेस्क्यू किया गया।

अभियान में जिलाधिकारी विशाख जी व संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था बब्लू कुमार ने इमामबाड़ा क्षेत्र के आस-पास अभियान का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी व अपर पुलिस उपायुक्त, अपराध ने रूट संख्या 2 के अन्तर्गत बसंतकुंज से आलमबाग तक के क्षेत्रों में रेस्क्यू अभियान का पर्यवेक्षण किया। जिलाधिकारी ने जियामऊ स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण भी किया।

### कंट्रोल रूम से भिक्षावृत्ति में लगे 169 लोग चिन्हित

जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी स्थित आईटीएमएस कंट्रोल रूम के माध्यम से भिक्षावृत्ति के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान की मॉनिटरिंग की समीक्षा की। अपर नगर आयुक्त ने बताया विभिन्न चौराहों पर मॉनिटरिंग के दौरान जैसे ही कोई भी संदिग्ध गतिविधि या बच्चे की भिक्षावृत्ति करते हुए फुटेज प्राप्त होती है, तत्काल उस क्षेत्र की टीम को सूचना देते हुए कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तक कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग के दौरान कुल 169 लोगों को चिन्हित करते हुए इसकी सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी के माध्यम से टीमों को उपलब्ध कराई गई है। संदिग्ध गतिविधियों की फुटेज को सेफ सिटी भेजा गया है, जहां से व्यक्तियों को ट्रेस करने की कार्यवाही की जाएगी।

## 4 प्लाटिंग ध्वस्त रो-हाउस समेत 11 निर्माण सील

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। गोमती नगर विस्तार व सैरपुर में चार अवैध प्लाटिंग बुलडोजर से ध्वस्त कर दी। चार अवैध रो-हाउस भवन व चार व्यावसायिक निर्माण सील किए।

प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि श्याम कुमार व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार में इंदिरा नहर के किनारे अहिरन ढ़कवा में 15 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करके एलएचडी सिटी नाम से कालोनी विकसित की जा रही थी। जोकि प्रवर्तन टीम द्वारा पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कर दी। इसके अलावा डॉ. केपी मिश्रा द्वारा गोमती नगर के विराम खंड में लगभग 450 वर्गमीटर में, हबीबुल हसन द्वारा विभूति खंड में 100 वर्गमीटर क्षेत्रफल व अरविंद कुमार द्वारा गोसाईंगंज के चांद सराय में लगभग 200 वर्गमीटर में अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण निर्माण सील किया गया।

**उपचार** सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने आयुष्मान योजना से किया प्रत्यारोपण

# बुजुर्ग के दोनों घुटनों का एक साथ हुआ प्रत्यारोपण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ आठ वर्ष से भी गठिया से परेशान थी महिला, एक वर्ष से चल-फिर भी नहीं पा रहीं थी

**अमृत विचार :** हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल (सिविल) के चिकित्सकों ने एक बुजुर्ग महिला के दोनों घुटनों का एक साथ प्रत्यारोपण किया है। आयुष्मान योजना के तहत प्रत्यारोपित होने पर परिजनों का कोई खर्च भी नहीं आया है। महिला स्वास्थ्य है धीरे-धीरे चलने-फिरने भी लगी हैं।

अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील भारतीय ने बताया लखनऊ निवासी वाणी (65) के दोनों घुटने गठिया की चपेट में थे। करीब आठ साल से समस्या थी। गत एक साल से मरीज चलने-फिरने में असमर्थ हो गई थीं। वह घर में कैद होकर रह गई थी। नतीजतन धीरे-धीरे वह डिप्रेशन की शिकार होने लगी थी। कई डॉक्टरों को दिखाया।

डॉक्टरों ने दोनों घुटने प्रत्यारोपण की सलाह दी। करीब छह से सात लाख रुपये का खर्च बताया। मरीज के पास आयुष्मान कार्ड था। कई अस्पतालों में दिखाया। लेकिन पूरी तरह से आयुष्मान योजना से मुफ्त ऑपरेशन का आश्वासन नहीं मिला। सिविल में हड्डी रोग विभाग में डॉ. जीपी गुप्ता ने मरीज को देखा।

डॉ. गुप्ता ने मरीज की जांचें कराई। काउंसिलिंग कर ऑपरेशन के डर को भगाया। फिर दोनों घुटने का प्रत्यारोपण निशुल्क करने का आश्वासन दिया। मरीज ने एक साथ दोनों घुटना प्रत्यारोपण कराने को कहा। डॉक्टर राजी हो गए। 28 मई को डॉ. जीपी गुप्ता व उनकी टीम ने मरीज के दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण किया। ऑपरेशन के दूसरे दिन वह सहारे से चलने लगी। डॉ. जीपी गुप्ता ने बताया कि दो से तीन दिनों में टांका काट कर उनकी छुट्टी कर दी जाएगी। सिविल चिकित्सालय में आयुष्मान योजना के अंतर्गत मरीजों का पूर्व में दोनों कूल्हे का प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि से घुटने के लिगामेंट व मेनिस्कस का सफल ऑपरेशन किया गया। लेकिन दोनों घुटने का एक साथ ऑपरेशन पहली बार किया गया।अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने डॉ. जीपी गुप्ता को बधाई दी है। इस मौके पर डॉ. एसआर सिंह, डॉ. अनस, डॉ. लालबहादुर, डॉ. एसके सिंह व डॉ. प्रेम प्रकाश ने एनस्थीसिया दी।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | | कार्य का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 02/डब्ल्यू./बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल.के.ओ/2025-26 | | डीडीयू-बीएसबी खंड पर वीवाईएन-केईआई के बीच मौजूदा Br.No. 11 (मालवीय गंगा पुल) के स्टील सदस्यों का मेटलाइजिंग। |
| 2. | अनुमानित लागत | | रु. 9,97,34,335.75 |
| 3. | बोली सुरक्षा राशि | | रु. 6,48,700.00 |
| 4. | कार्य की समापन अवधि | | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5. | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | | 16.06.2025 |
| 6. | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | | निविदा 30.06.2025 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एंव निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7. | न्यूनतम पात्रता की शर्तें | | |
| अ | तकनीकी | | (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। **या** दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। **या** एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय | | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार **V/N (वी/एन)** या **'V' (वी)** जो भी कम हो जहाँ **V (वी)** = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड रूपये में। **N (एन)** = कार्य पूरा करने की लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं हैं, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन-पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8. | एक समान कार्य | | ''पुल स्टील गर्डर्स/स्टील संरचनाओं का मेटलाइजिंग/गैल्वनाइजिंग।'' |
| 9. | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है | | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता / से. कर्म., उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

**नोट:** 1. ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अर्न्तगत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू.सं.- 02/डब्ल्यू./बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल.के.ओ/2025-26 दिनांक 03.06.2025
1654/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

दिनांक 01-04-2025 से सांझेदारी फर्म Krishna Enterprises and Solution के सांझेदार विशाल प्रकाश पांडे पुत्र श्री सुरेश चंद्र पांडे को निकालकर भास्कर पांडे पुत्र श्री सुरेश चंद्र पांडे को नए सांझेदार के रूप मे नियुक्त करते हुए फर्म के नाम मे संशोधन कर Krishna Solutions किया जाता है।

**सूचना**

मैने अपना नाम EHRAR AHAMAD से बदलकर EHARAR AHAMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o - KALIM ADD- Ho.No. 424 JEEWAL POST-SIKRI DIST-BARABANKI - 225415(U.P)**

**सूचना**

हम पति, पत्नी ने अपने पुत्र अब्दुल्ला व पुत्र वधू साजिमा उनके बच्चों फरमान, अरहान से संबध विच्छेद कर लिया है। उनके किसी भी अच्छे व बुरे काम से मेरा व मेरी पत्नी का कोई वास्ता नहीं है वह खुद के जिम्मेदार होंगे। इन सभी को मैने व मेरी पत्नी ने अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **इरशाद खां पुत्र दिलदार खां व मैसर वेगम पत्नी इरशाद खां निवासीगण गांधी नगर वार्ड नं. -3 गौरी निवादा थाना गुरसहायगंज - कन्नौज।**

**सूचना**

मै, जुहैब जाहिद वयस्क पुत्र जाहिद जमशेद निवासी फ्लैट नं0-805, 16/16 गोकुल अपार्टमेंण्ट सिविल लाइन्स ग्वालटोली थाना कोतवाली, कानपुर नगर अपनी पत्नी दानिया नाजिम पुत्री श्री मोहम्मद नाजिम निवासी म0नं0 44/8 चौबे गोला नई सड़क थाना मूलगंज कानपुर नगर को अपने पूर्ण होशो हवास में अन्तिम, तृतीय तलाक दि0 13-05-2025 को दे रहा हूँ। आज से आप व मेरे मध्य कोई भी पति पत्नी का सम्बंध नही रह गया है। इस सम्बंध में मेरे द्वारा आपको प्रथम तुहर की प्रथम तलाक दि0 1-3-2025 व द्वितीय तुहर की द्वितीय तलाक 12-04-2025 से सम्बन्धित नोटिस भी प्रेषित की जा चुकी है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम RAMESH KUMAR से बदल कर RAMESH KUMAR DALAI S/o GANGADHAR DALAI रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाए। **पता- 3/85 VIJYANT KHAND GOMTI NAGAR LUCKNOW Pincode 226010**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि आधार, पैन, व बैंक रिकॉर्ड में मेरा नाम शान्ती देवी पत्नी स्व0 राम अजोर सिंह है। जो सही है। पेंशन रिकॉर्ड में शांता देवी दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है। मै स्पष्ट करती हूं कि मेरा नाम शान्ती देवी ही है। **शान्ती देवी पत्नी स्व राम अजोर सिंह ग्राम - बनभोकार पोस्ट - खानपुर, सुल्तानपुर उ. प्र. पिन -** 222303

**सूचना**

मेरा खेत/प्लाट स्थित बलरामपुर देहात का रजिस्ट्री दिनांक 04/02/2020 का मूल दस्तावेज संख्या 202000925000560 जो कि प्लास्टिक के बैग में रखा था। दिनांक 29/05/2025 को गांव से गोविंदपुर के बीच में कहीं गिर कर खो गया है। काफी तलाश के बाद भी नहीं मिला है। **रिशू श्रीवास्तव पुत्र रमेश कुमार श्रीवास्तव ग्राम सहियापुर थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर**

**सूचना**

मेरा सही नाम सुलोचना देवी (SULOCHANA DEVI) है। मेरी जन्मतिथि हाईस्कूल प्रमाणपत्र- सह-अंकपत्र में 17.12.2002 है,जो सभी अभिलेखों में अंकित है। मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम सिलोचना सरोज (SILOCHANA SAROJ) व जन्मतिथि 01.01.2002 अंकित हो गया है। मेरे आधार कार्ड में संसोधन करते हुए नाम सुलोचना देवी (SULOCHANA DEVI) व जन्मतिथि 17.12.2002 अंकित किया जाये। **सुलोचना देवी पत्नी प्रदीप कुमार सरोज पता- ग्राम- बीरापुर, परगना- पट्टी, तहसील- रानीगंज, जिला - प्रतापगढ़, यू. पी.**

# प्लास्टिक के प्रभाव से विषैले हो रहे कृषि उत्पाद

## किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के डॉ. सूर्यकांत ने बताए प्लास्टिक से होने वाले नुकसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्लास्टिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है, लेकिन इससे होने वाला प्रदूषण बड़ी समस्या है। प्लास्टिक से न केवल पर्यावरण प्रभावित होता है बल्कि स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्लास्टिक के प्रभाव से कृषि उत्पाद भी विषैले हो रहे हैं। ये जानकारी किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने विश्व पर्यावरण दिवस पर साझा की।

डॉ. सूर्यकांत ने बताया प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की इस दिवस की थीम प्लास्टिक खत्म करना है। उन्होंने बताया प्लास्टिक प्राकृतिक रूप से संशोधित प्राकृतिक चीजों जैसे प्राकृतिक रबर, नाइट्रोसेल्यूलोज कोलेजन, गेलाईट आदि से विकसित हुआ है। प्लास्टिक का बैग हल्का होने के बावजूद कई गुना अधिक वजन उठा सकता है, इसलिए बहुत उपयोगी होता जा रहा है। प्लास्टिक विघटित होने तक जहरीली गैस और पदार्थ रिलीज करता रहता है। जिसके कारण भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म हो सकती है। इसके प्रभाव से कृषि उपज में विषैले पदार्थ होते हैं, जो कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं।

**विश्व पर्यावरण दिवस आज**

### नमक और चीनी में मिला माइक्रोप्लास्टिक्स

एक अध्यन के मुताबिक वर्ष 2040 तक जलीय पारिस्थितिक तंत्र में 23-37 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा होने का अनुमान है। वर्ष 1950 से 2017 तक लगभग 9.2 बिलियन टन प्लास्टिक का उत्पादन किया गया है। प्लास्टिक के बड़े टुकड़ों के टूटने या प्लास्टिक के उत्पादन के दौरान माइक्रोप्लास्टिक बनते हैं जिनका आकार पांच मिमी से कम होता है। एक अध्ययन में माइक्रोप्लास्टिक हवा, भोजन, पानी में मिले हैं। अध्ययन में समुद्री नमक, रॉक साल्ट, टेबल साल्ट, स्थानीय कच्चे नमक सहित 10 प्रकार के नमक और ऑनलाइन तथा स्थानीय बाजारों से खरीदी गई पांच प्रकार की चीनी पर शोध किया गया। निष्कर्ष में सामने आया कि नमक और चीनी के सभी नमूनों में अलग-अलग तरह के माइक्रोप्लास्टिक्स थे। माइक्रोप्लास्टिक्स का आकार .1 मिमी से .5 मिमी था। एक किलो नमक में माइक्रोप्लास्टिक्स के लगभग 90 टुकड़े मिले हैं व एक किलो चीनी के नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक्स की मात्रा 11.85 से 68.25 टुकड़े पाई गई।



प्लास्टिक प्रदूषण विषयक कार्यक्रम में मौजूद मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना समेत अन्य।

### हार्मोनल असंतुलन और कैंसर का भी खतरा

प्लास्टिक से हार्मोनल असंतुलन, कैंसर और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। बच्चों पर इसका गंभीर असर देखने को मिलता है। समय से पहले बच्चे का जन्म, मृत बच्चे का जन्म, जन्मजात प्रजनन अंगों में दोष, तंत्रिका संबंधी कमजोरी, फेफड़ों के विकास में बाधा और बचपन में कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है।

### कैंसर का कारण बन सकती हैं प्लास्टिक की बोतल

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि जब भी कहीं जाएं घर से पानी लेकर जाएं, प्लास्टिक बोतलों और पाउच के पानी, खासकर सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचें। प्लास्टिक की बोतल के कण पानी में घुल कर कैंसर का कारण बन सकते हैं। प्लास्टिक पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ हमारे स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है। पर्यावरण मंत्री बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर गोमतीनगर स्थित सीएमएस स्कूल में उप्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम के लिए आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी उपस्थित विद्यार्थियों उनके अभिभावकों तथा श्रोताओं से अपील की कि हम सबको प्लास्टिक के प्रयोग से बचना चाहिए क्योंकि यह हमारे पर्यावरण के लिए हानिकारक है। मंत्री ने प्लास्टिक प्रदूषण पर पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्य पर्यावरण अधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि हमें पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने में पूर्ण योगदान करना चाहिए। उप्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हम सभी को प्लास्टिक के प्रयोग को प्रतिदिन अपने जीवनशैली से दूर ले जाने का प्रयास करना आवश्यक है। मुख्य रूप से सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से बचें। कार्यक्रम में अतिथियों को पौधा और जूट का थैला देकर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया गया। इस मौके पर आयोजित प्रतियोगिताओं में सीएमएस स्कूल की सभी शाखाओं से कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरण के नुकसान पर पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी और वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया तथा उप्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों को पारितोषिक प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

# दर्शकों को बताए प्लास्टिक के दुष्प्रभाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंडिंग प्लास्टिक पॉलूशन ग्लोबली विषय पर विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान और सीएसआईआर-एनबीआरआई-ईआईएसीपी कार्यक्रम सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में दर्शकों के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाकर दर्शकों को प्लास्टिक तथा उसके दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया। इसके साथ ही प्राणि उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गयी।

इस अवसर पर क्षेत्रीय वनाधिकारी दिनेश बडोला के साथ प्राणि उद्यान के कर्मचारी और कार्यक्रम की डॉ. संध्या मिश्रा साथ ही अन्य सहयोगियों की ओर से प्राणि उद्यान में आने वाले दर्शकों को जागरूक किया गया।



जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्रीय वनाधिकारी दिनेश बडोला व अन्य।

विश्व पर्यावरण दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्यामजी गुप्ता
संस्थापक
सकंल्प-1000, हरदोई
पूर्णिमा सिंह
इंचार्ज प्रधानाध्यापिका
उ.प्रा.विद्यालय मुजाहिदपुर, बावन हरदोई

विश्व पर्यावरण दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मुनीर
ग्राम प्रधान
मानवेंद्र शुक्ला
सचिव
गगन सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत तत्यौरा वि.ख.बावन, हरदोई

सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक
5 जून 2025
शुभकामनाएं
विवेक सिंह / रितेश मिश्रा/ विमल पांडे
कॉन्टैक्टर लोक निर्माण विभाग
जनपद मिर्जापुर

## एक नजर

### गंगा दशहरा आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन ही भागीरथ गंगा को धरती पर लाए थे। इस दिन गंगा धरती पर अवतरण हुई थी जिसे हम गंगा दशहरा के नाम से मनाते है। उदयातिथि अनुसार गंगा दशहरा 5 जून को मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार जेठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन हस्त नक्षत्र में मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर आई थी। इस साल हस्त नक्षत्र 5 जून को प्रातः 3:35 से लेकर 6 जून को प्रातः 6:34 बजे तक रहेगा।

### भक्तों ने किए मां बाराही देवी के दर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बुधवार को झमाझम बारिश के बीच अटेर गांव स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर में दर्शन के लिए भक्त मां के भजनों पर झूमते हुए मंदिर पहुंचे। भक्त डाले में डीजे पर मां के गाने व भजन बज रहे थे। गानों व भजनों पर युवा, वृद्ध और बच्चे सहित महिलाएं भी भक्ति में लीन थी। मंदिर प्रांगण में प्रतिमाह अमावस्या के दिन मेले का आयोजन किया जाता है।

### संविदा बस चालकों ने प्रदर्शन की चेतावनी दी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ड्यूटी न मिलने से परेशान लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (एलसीटीएसएल) के संविदा कर्मचारियों ने 11 जून प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है। उत्तर प्रदेश नगरीय परिवहन कर्मचारी संघ ने प्रबंध निदेशक एलसीटीएसएल लखनऊ से कर्मचारियों को शेड्यूल के अनुसार ड्यूटी दिलवाने का अनुरोध किया है। कर्मचारी संघ प्रदेश संयोजक राजकमल सिंह ने बताया कि 850 संविदा चालक और परिचालकों के अनुपात में बसों की संख्या कम हैं। जिसके कारण बस कई चालकों को निर्धारित ड्यूटी नहीं मिल पा रही है, जिससे उनका वेतन प्रभावित हो रहा है। मौजूदा समय में 300 से अधिक बस चालकों के सामने समस्या है। पूरा वेतन न मिलने से आर्थिक संकट पैदा हो रहा है। उन्होंने प्रबंध निदेशक से अनुरोध किया है कि जब तक बसों की संख्या पर्याप्त नहीं हो जाती, तब तक मानकों में छूट देते हुए संविदा कर्मचारियों को पूरा वेतन दिया जाए।

# मंत्री से मिला कायस्थ समाज का प्रतिनिधिमंडल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** कायस्थ समाज का एक प्रतिनिधिमंडल शेखर कुमार के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री डॉ अरुण सक्सेना से बुधवार को उनके आवास पर मिला। मंत्री का माला, पटका पुष्प गुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। शेखर कुमार ने कहा कि लखनऊ में युवाओं में राजनीतिक चेतना पैदा करते हुए अब आगे बढ़ चढ़ कर समाज में नई विचारधारा के साथ साथ सकारात्मक उर्जा का संचार करते हुए समाज को संगठित करने में मुख्य भूमिका निभानी होगी। सभी ने विशेष तौर से युवाओं ने अपने विचारों से मंत्री को अवगत कराया और मुख्य धारा में शामिल किए जाने पर खुशी जाहिर की। सभी ने मिलकर स्नातक प्रत्याशी को हर सम्भव कोशिश करते हुए मंत्री से भी अपना बेशकीमती आशीर्वाद देने का अनुग्रह किया।



मंत्री से मिलते कायस्थ समाज के लोग। अमृत विचार

प्रतिनिधिमंडल में लखनऊ की सभी प्रमुख समितियों, संगठनों के अध्यक्ष व महामंत्री मुनेन्द्र श्रीवास्तव, आलोक भटनागर, राजेश श्रीवास्तव, विरेन्द्र निगम, भानु प्रताप सिंह, एस के श्रीवास्तव, नरेश प्रधान, सर्वेश श्रीवास्तव, अभीषेक सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, श्रद्धा श्रीवास्तव, निधि श्रीवास्तव, सारिका, सुनीता श्रीवास्तव, विकास सक्सेना, अवधेश श्रीवास्तव, व लखनऊ के क्षेत्रीय गणमान्य युवा शक्ति प्रत्युश श्रीवास्तव, दिव्यांश, गौरव, शरद, अमिताभ, दिलीप इत्यादि लखनऊ खण्ड स्नातक प्रत्याशी प्रोफेसर आर्किटेक्ट सुनील कुमार श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति रही।



उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान की बैठक शमिल पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

### रिटायर्ड आईजी आरके चतुर्वेदी बने पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान के अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान की बैठक बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन के संगोष्ठी सदन में हुई। इस बैठक में नई कार्यकारिणी का चुनाव भी कराया गया। इस गोष्ठी में लखनऊ जिले के 181 सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में कई पेंशनर्स ने अपनी समस्याओं साझा करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। जिसपर कार्रवाई का आश्वासन अध्यक्ष ने दिया। चुनाव प्रक्रिया एडीसीपी राजेश कुमार यादव की निगरानी में पूरी हुई। जिसमें पुलिस पेंशनर्स द्वारा निर्विरोध रूप से रिटायर्ड आईजी आरके चतुर्वेदी को अध्यक्ष, रिटायर्ड एएसपी अजय कुमार मिश्रा व रिटायर्ड डीएसपी मिथिलेश सिंह को उपाध्यक्ष, रिटायर्ड डीएसपी आरएल निरंजन को महासचिव व रिटायर्ड उपनिरीक्षक हीरा लाल गिरि को कोषाध्यक्ष चुना गया। रिटायर्ड निरीक्षक अनिल कुमार सिंह व रिटायर्ड उपनिरीक्षक हरि भजन सिंह सचिव पद पर निर्वाचित हुए। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मुनेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार त्रिवेदी, भुवनेश तिवारी, एनसी अवस्थी, अतुल अग्निहोत्री, श्याम कुमार सिंह व भावना पुनेठा को नामित किया गया।

**नाटक** प्रेमचन्द रंगोत्सव में बौद्ध शोध संस्थान में किया गया मंचन

# 'कफन' में तार-तार होती दिखीं मानवीय संवेदनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कशिश आर्टस एंड वेल्फेयर सोसाइटी की ओर से तीन दिवसीय नाट्य समारोह प्रेमचन्द रंगोत्सव की तीसरी संध्या में चित्रण कला मंच समिति के बैनर तले मुंशी प्रेमचन्द द्वारा लिखित नाट्य कृति कफन का मंचन किया गया। इसका निर्देशन विपिन कुमार ने किया। नाट्य समारोह गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली के सहयोग से किया गया। नाटक कफन मुंशी प्रेमचंद की एक मार्मिक कहानी है। जिसमें घीसू व माधव नामक बाप बेटे के अत्यंत निकृष्ट स्वभाव व मानवीय संवेदनाओं को तार-तार कर देने वाली सोच को दर्शाया गया है।

नाटक की शुरुआत में रात के समय में एक झोपड़ी में माधव की पत्नी प्रसव पीड़ा से परेशान कराह रही है, मानव हृदय को भेदने वाली उसकी प्रसव पीड़ा को न सह पाने की वेदना को दर्शाते हुए उसका ससुर घीसू उसे झूठी सांत्वना देता है, बार-बार चुप रहने का आग्रह करता है, इस समय ग्रामीण कन्हैया का आगमन होता है, जो एक मिल में नौकरी करता है। दोनों के बीच सामान्य सी बातें होती हैं। इसी बीच खाना पानी के इंतजाम से निकला हुआ माधव भी आ जाता है। सभी लोगों की बातों के बीच-बीच प्रसव पीड़ा से परेशान स्त्री की बार-बार आवाजें आती रहती हैं। कन्हैया के जाने के बाद माधव द्वारा चुराकर लाए गए आलुओं को बाप बेटा आग में भून कर खाते हैं और स्त्री की कोई परवाह नहीं करते। प्रसव पीड़ा से जूझते जूझते वह स्त्री अंततः मर जाती है। सुबह क्रिया कर्म व कफन के लिए घीसू व माधव गांव वालों से कुछ धन मांग कर इकट्ठा करते हैं, कफन खरीदने के लिए जब वह बाजार में जाते हैं तो क्रिया कर्म व कफन के लिए इकट्ठे किए गए पैसे से मदिरापान करके स्वयं को आनंदित करते हैं, माधव के कहने पर कि अब उसकी पत्नी का क्रिया कर्म कैसे किया जाएगा तब घीसू उससे कहता है की रात का समय हो गया है सभी लोग सो रहे होंगे, उसे बांस में बांधकर नदी में बहा देंगे इन्हीं हृदय विधारक वार्तालाप के साथ ही नाटक का अंत होता है। नाटक में शीलू मलिक, विपिन कुमार, राम नरेश मौर्या ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

### भला लकड़हारा ने बताई हरियाली की कीमत

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रगति इवेंट और जेटेक के संयुक्त तत्वाधान में यूपी दर्शन पार्क में चल रहे हैं समर कार्निवाल में भारतीय परंपराओं की विलुप्त होती धरोहरों के दर्शन हो रहे हैं। पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर काफिला लोकनाट्य संस्था ने चंद्रशेखर शुक्ला द्वारा लिखित भला लकड़हारा कठपुतली नाटक के माध्यम से अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। इस कठपुतली नाटक के जरिये पर्यावरण को लेकर बहुत अच्छा संदेश दिया गया। गांव के लड़के द्वारा कार खरीदी गई और उसको रखने के लिए घर के सामने लगे पेड़ को कटवाने का प्रयास किया गया। उसी समय उसका दोस्त शहर से आया और उसने कहा कि यहां पर काफी हरा भरा है। मैं यहां कुछ दिन रुक के पर्यावरण का आनंद ले पाऊंगा, लेकिन उसको पता चला कि उसका वह दोस्त अपनी गाड़ी रखने के लिए पेड़ कटवा रहा है तो उसे बहुत दुख हुआ। जिस लकड़हारे को पेड़ काटने के लिए बुलाया गया था उसने पेड़ काटने से साफ इनकार कर दिया और कहा कि वह जब भी काम करके थक जाता है तो वह इसी हरे भरे पेड़ के नीचे आराम करता है। वह किसी भी हाल में इस पेड़ को नहीं काट सकता। जब एक लकड़हारा जिसकी रोजी-रोटी पेड़ काटना है जब वह हरा पेड़ काटने से मना कर सकता है तो हम क्यों नहीं? कलाकारों में तान्या मेराज, अजरा मेराज ने दर्शकों को अच्छा सन्देश दिया। इसका निर्देशन मेराज आलम ने किया।

सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
विश्व पर्यावरण दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं सुंदर हरियाली
जब होगी पेड़ पौधों की रखवाली
प्रवीण कुमार
कोटेदार
गजवा खेड़ा पिहानी हरदोई

सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
विश्व पर्यावरण दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं सुंदर हरियाली
जब होगी पेड़ पौधों की रखवाली
राम ज्ञान गुप्ता
सचिव
सपा व्यापार सभा प्रदेश

सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
विश्व पर्यावरण दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं सुंदर हरियाली
जब होगी पेड़ पौधों की रखवाली
रंजीत सिंह इटोरिया
प्रधान
जिला संयोजक कार्यालय निर्माण विभाग भाजपा
हरदोई अवध क्षेत्र

सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित
डॉ0 राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अल्लीपुर, हरदोई (उ0प्र0)
(सम्बद्धः लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)
(NCTE) नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त तथा UGC से 2 (b) तथा 12 (b) से प्रमाणित
बी. ए. (गृह विज्ञान, चित्रकला, भूगोल, इतिहास, हिन्दी, अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, संस्कृत)
बी. एस-सी. (जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित)
बी. कॉम. (सभी विषय) बी. एड. (सभी विषय)
एम. ए. (हिन्दी, अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र)
एम. एस.-सी. (जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान)
सुशील चंद्र त्रिवेदी मधुपेश

जयप्रकाश
सांसद हरदोई
असीम अरुण
मंत्री प्रभारी हरदोई
ओमप्रकाश राजभर
पंचायती राज मंत्री
मुस्लिम कल्याण विभाग
हज कमेटी एवं वक्फ बोर्ड
सभी पर्यावरण प्रेमियों एवं प्रदेश वासियों को
विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
5 जून 2025
तभी आएगी सुंदर हरियाली
जब होगी पेड़ पौधों की रखवाली
सविता वर्मा
प्रधान
ग्राम पंचायत निजामपुर
विकास खंड बावन, हरदोई
सतीश कुमार वर्मा
समाजसेवी
प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय ओबीसी
अनुसूचित महासभा उत्तर प्रदेश

## एक नजर

### बीमारी से परेशान मजदूर ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा इलाके के मुन्नूखेड़ा में बुधवार सुबह पेड़ से श्रीकृष्ण (40) का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को उतारा। तफ्तीश में पता चला है कि श्रीकृष्ण बीमारी से परेशान थे। इसी वजह से उन्होंने जान दी है।

इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि श्रीकृष्ण मूल रूप से बंथरा के रहीमनगर पड़ियाना गांव के रहने वाले थे। वह पुराने पारा थाने के पास शत्रोहन के साथ रहते थे। मंगलवार देर रात मुन्नूखेड़ा जंगल में श्रीकृष्ण ने पेड़ के सहारे मफलर से फंदे लगाकर जान दे दी। पड़ोसी रंजीत ने बताया कि श्रीकृष्ण मजदूरी करता था। कई साल से बीमारी के कारण परेशान था। पेट संबंधी बीमारी के अलावा कई अन्य दिक्कतें थी। शराब का भी आदी था। आशंका है कि बीमारी से परेशान होकर ही श्रीकृष्ण ने खुदकुशी की है।

### संदिग्ध हालात में बुजुर्ग की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज के इंद्रजीतखेड़ा के रहने वाले छंगा (75) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पौत्र आशीष ने बताया कि बाबा मंगलवार देर रात शौच के लिए घर से बाहर गए थे। वह काफी देर तक जब वह नहीं आए तो वह लोग उन्हें तलाशने निकले। घर से कुछ दूरी पर छंगा बेहोशी की हालत में पड़े मिले। परिजन ने आनन-फानन में उन्हें अपेक्स ट्रामा-2 पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। छंगा के परिवार में पत्नी कलादेवी हैं। परिजन ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

### विद्यालय में चोरी, पुलिस पर गश्त न करने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगराम स्थित बेसिक विद्यालय अंबवा मुर्तजापुर से चोर इनवर्टर बैटरी, खेल का सामान चोरी कर ले गए। आरोप है कि गश्त न होने की वजह से दूसरी बार स्कूल में चोरी की वारदात हुई। डॉयल-112 पर चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। अंबवा मुर्तजापुर गांव से बाहर कंपोजिट विद्यालय है। सहायक अध्यापक संजय मिश्र ने बताया कि इस समय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार ताला तोड़कर चोर अंदर दाखिल हुए। कंप्यूटर लैब कक्ष में रखा इनवर्टर बैटरी व स्टोर रूम में रखा खेल का सामान, आफिस में रखे कई महत्वपूर्ण अभिलेख और रिकार्ड चोरी कर ले गए। बुधवार सुबह चोरी का पता चला। चोरी की सूचना कंट्रोल रूम पर दी गयी। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका हिना रावत का आरोप है कि मेन रोड के किनारे स्कूल है। पुलिस कभी यहां गश्त करने नहीं करती है। दो दिन पहले भी ताला तोड़ कर चोरी हुई। तहरीर देने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी थी। एसओ नगराम विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# प्रेमी संग मिलकर की थी रेलकर्मी की हत्या, दोनों गिरफ्तार

संवाददाता, सरोजनीनगर

- 40 हजार में साथी को दी थी सुपारी, 5 हजार दिए थे एडवांस
- घटना में प्रयुक्त रॉड व रस्सी बरामद

**अमृत विचार:** बंथरा इलाके में रेलकर्मी सिद्धि प्रसाद लोधी (38) की हत्या उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी व उसके एक दोस्त के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने पत्नी व प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पत्नी व प्रेमी ने साथी को 40 हजार रुपये की सुपारी दी थी। जिसमें 5 हजार रुपये एडवांस दिए थे। आरोपी प्रेमी रेलकर्मी का रिश्ते का भांजा लगता है। पुलिस ने वारदात में प्रयोग की गई लोहे की रॉड और रस्सी बरामद कर ली है। वारदात में शामिल एक आरोपी की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं।

दरियापुर निवासी सिद्धि प्रसाद लोधी (38) का शव 25 मई की शाम करीब 6 बजे घर से करीब 50 मीटर दूर तालाब के किनारे झाड़ियों में औंधे मुह पड़ा मिला था। उसके चप्पल, मोबाइल, शर्ट और पैंट बगल में ही पड़े थे। सिर से खून बह रहा था और गले पर कसाव का निशान था। पुलिस ने मृतक की पत्नी मंजू देवी की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी।

मंजू ने पुलिस को बताया था कि सिद्धि प्रसाद जहां नौकरी करते थे, वहां से काफी दिनों पहले ब्याज पर



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

रुपये लिए थे। दोबारा रुपये लेने को कह रहे थे। आशंका व्यक्त की थी कि शायद ब्याज के विवाद में वारदात की गई। पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया तो पारा नरपत खेड़ा निवासी आकाश वर्मा उर्फ लकी रडार पर आया। हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आकाश ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। सख्ती के आगे वह टूट गया। उसने पुलिस को बताया कि सिद्धि रिश्ते में उसका मामा लगता था। इसलिए आकाश उसके घर अक्सर जाता था। इस दौरान उसकी नजदीकियां मामी मंजू देवी से बढ़ गई। दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे। दोनों में प्रेम संबंध हो गए।

मंजू और आकाश ने हत्या की पूरी प्लानिंग की। इसके बाद आरोपी आकाश ने हत्या करने के लिए गोंडा निवासी अपने दोस्त संजय कश्यप को तैयार किया। एडीसीपी साउथ अमित कुमावत ने बताया कि आकाश व संजय सरोजनीनगर नादरगंज स्थित एक दालमोठ कंपनी में काम करते हैं। तभी से दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई थी। सिद्धि प्रसाद की हत्या के लिए उसने संजय को 40 हजार रुपये देने की बात कही थी। एडवांस में 5 हजार रुपये मंजू से लेकर दे दिए थे। बाकी की रकम हत्या के बाद देने की बात तय हुई थी।

एसीपी कृष्णानगर विकास पांडेय ने बताया कि 24 मई को मंजू ने आकाश को फोन कर बताया कि घर के सभी लोग शादी में गए हैं। सिद्धि को रास्ते से हटाने का अच्छा मौका है। आकाश अपने दोस्त संजय के साथ सिद्धि के घर पहुंच गया। जहां दोनों ने मिलकर प्लास्टिक की रस्सी से सिद्धि का गला कसकर हत्या कर दी। बाद में शव को घर के पीछे तालाब के सूखे गड्ढे में झाड़ियों के बीच फेंक दिया। लोहे के पाइप से सिद्धि के सिर पर कई वार भी किए थे। पुलिस ने मंजू देवी और आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर का कहना है कि वारदात के पीछे एक कारण यह भी था कि सिद्धि को पत्नी मंजू और आकाश के बीच प्रेम संबंधों की भनक लग गई थी।

### नाले में गिरी कार, बचाने के दौरान उचक्का बैग लेकर फुर्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोहिया पार्क के पास कार अनियंत्रित होकर नाले में चली गयी। चालक डॉक्टर को बचाने के लिए तीन युवक नाले में उतरे। तभी एक युवक कार में रखा बैग लेकर भाग निकला। पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। विजयखंड-1 निवासी डा. काजी सज्जाद अहमद ने बताया कि लोहिया पार्क चौराहे के मोड़ पर ऑटो को बचाने में कार अनियंत्रित होकर सूखे नाले में चली गयी। इसी दौरान चालक को बचाने के लिए तीन युवक नाले में उतरे। एक युवक एंबुलेंस कॉल करने लगा, जबकि दूसरा गाड़ी में रखा बैग निकालकर फुर्र हो गया। पीड़ित ने बताया कि बैग में लैपटाप, सैमसंग टैब, 7-8 एटीएम कार्ड, वोटर कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड और केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना एवं ईसीएचएस सम्बन्धित मरीजों की मूल कापी थी।

# बेकाबू ट्रक ने बस में मारी टक्कर, चालक केबिन में फंसा, बाल-बाल बची 40 सवारियां

संवाददाता, गोसाईंगंज

- सवारियों को लेकर बंगाल से गुजरात जा रही थी बस
- चालक व परिचालक अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार:** इंदिरा नहर के पास मंगलवार देर रात बस और ट्रक में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक चालक केबिन में फंस गया। कांच लगने से वह घायल हो गया। बस में करीब 40 सवारियां बाल-बाल बच गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को ट्रक से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगा रही है। प्रारंभिक जांच में आया है कि ट्रक ने बस में पीछे से टक्कर मारी थी।

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दुलारमऊ गांव के पास इंदिरा नहर के किनारे एक बस (जीजे 11 डब्ल्यू 0883) को पीछे से ट्रक (यूपी 78 जेटी 3213) ने टक्कर मार दी है। जिसके चलते कानपुर सजेती के घुराहुपुर निवासी ट्रक चालक शुभम (29) केबिन में फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फंसे हुए ट्रक चालक व क्लीनर सुशील निवासी घाटमपुर कानपुर को क्रेन की मदद से ट्रक की बॉडी को खिंचवाकर बाहर निकाला। उसके बाद इलाज के लिए सीएचसी गोसाईंगंज भेजा। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया।



केबिन में फंसा चालक।

इंस्पेक्टर ने बताया कि हादसे के दौरान बस में करीब 40 सवारियां थी। बस पश्चिम बंगाल से गुजरात कच्छ जा रही थी। इसी दौरान चालक ने बस की सफाई और रेस्ट के लिए बस को किनारे रोक दिया। इसी बीच बेकाबू ट्रक पीछे से बस से टकरा गया। हादसे में किसी सवारी को कोई चोट नहीं आई। लखनऊ पुलिस द्वारा बस को ठीक कराकर सभी यात्रियों को सकुशल बस में बैठाकर उनके गंतव्य को रवाना कर दिया गया है।

## ट्रक की टक्कर से भट्ठा कर्मी की मौत, साथी घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ से शादी समारोह से लौटते समय किसान पथ पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज के पूरनपुर स्थित किसान पथ पर मंगलवार देर रात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई और साथी घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद साथी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मृतक के परिजन की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रायबरेली जिले के पूरे शमशेर सिंह का पुरवा निवासी माता चरण (41) ईंट भट्ठे में नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी रीता दो बच्चे शिवम व शिवानी हैं। मंगलवार को वह दोस्त पवन के साथ बाइक से लखनऊ एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। देर रात लगभग 1:30 बजे दोनों बाइक से लौट रहे थे। बाइक चला रहा पवन हेलमेट पहने था। मोहनलालगंज स्थित किसान पथ पूरनपुर के पास दोनों रास्ता भटक गए। डिवाइडर के पास बाइक रोकी और माता चरण गूगल मैप पर रास्ता देखने लगा।




इसी बीच बेकाबू ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पवन उछल कर दूसरी तरफ जा गिरे, जबकि माता चरण की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मोहनलालगंज पुलिस ने पवन को अस्पताल पहुंचाने के साथ दोनों के परिजनों को सूचना दी। प्राथमिक उपचार के बाद पवन को छुट्टी दे दी गई। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि माता चरण के परिजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

## रिवर फ्रंट के पास चलती कार में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमती रिवर फ्रंट पुल पर बुधवार शाम चलती कार में आग लग गई। हादसे के वक्त कार में चालक समेत तीन लोग थे। बोनट से धुआं निकलते देख चालक ने सड़क किनारे कार रोक दी। कार में निजी कम्पनी के दो कर्मचारी भी सवार थे, जो समय रहते बाहर निकल आए। सूचना डॉयल 112 पर दी गई। इस दौरान 1090 से रिवर फ्रंट की तरफ आने वाले रास्ते पर जाम लग गया। करीब 20 मिनट बाद हजरतगंज फायर स्टेशन से पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग को काबू किया।

माल एवेन्यू निवासी चालक निजाम जेपी कंपनी में काम करते है। बुधवार शाम वह विजय कुमार व एक अन्य कर्मचारी के साथ



गोमती रिवर फ्रंट पुल पर कार में लगी आग। अमृत विचार

- चालक व दो कर्मचारी समय रहते निकल गए

कार से गोमतीनगर उजरियांव जा रहा था। 1090 चौराहे से रिवर फ्रंट पुल पर पहुंचे थे। तभी बोनट से धुआं निकलने लगा। निजाम ने आम्बेडकर गोमती पार्क के पास कार रोक दी। जिसके बाद कार में रखे जरूरी कागज किसी तरह से निकाले। साथ ही कार में मौजूद दो कर्मचारी भी नीचे उतर आए। चालक निजाम ने बताया कि धुआं निकलने के बाद कार से तेज आवाज आई थी। उन्हें कुछ समझ नहीं आया। उनका कहना है कि शार्ट सर्किट की वजह से कार में आग लगी। हादसे की सूचना तत्काल ही डॉयल 112 पर दी गई थी। दमकल टीम ने कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

### प्लॉट का झांसा देकर रिटायर्ड पुलिसकर्मी से ऐंठे 1.28 लाख

**पीड़ित ने कैंट कोतवाली में चाचा-भतीजे पर दर्ज कराई रिपोर्ट**


**अमृत विचार, लखनऊ :** प्लॉट बेचने का झांसा देकर जालसाज चाचा-भतीजे ने रिटायर्ड पुलिसकर्मी से 1.28 लाख रुपये ऐंठ लिए। कोर्ट के निर्देश पर कैंट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कृष्णानगर के गीतापल्ली स्थित चंदरनगर निवासी अशोक कुमार यूपी पुलिस में सिपाही के पद से रिटायर्ड हैं। रिटायरमेंट के बाद वे एक प्लॉट खरीदना चाहते थे। 27 सितंबर 2023 को उनकी मुलाकात राजूदास से हुई। आरोपी ने खुद को प्रॉपर्टी डीलर बताया और कहा कि उनके द्वारा हरिहर नगर व सेवई बरौना में प्लाटिंग की जा रही है। समाज सेवा के कारण प्रॉपर्टी का काम भतीजा संभालता है। पीड़ित ने 1000 वर्गफुट का प्लॉट खरीदने की इच्छा जतायी। पीड़ित ने बताया कि राजूदास व मोहित उन्हें गाड़ी पर बैठाकर साइट पर ले गए। हरिहरनगर में प्लॉट पसंद आने पर सौदा 10 लाख में तय हुआ। मोहित ने कहा कि कुछ रुपये एडवांस देकर शेष रकम ईएमआई पर देते रहना। आधी रकम देने के बाद बैनामा कर दिया जाएगा। पीड़ित ने 1,28,250 रुपये राजू दास के कहने से उनके भतीजे मोहित दास के खाते में ट्रांसफर किया। फिर भी मोहित दास नकद की मांग करने लगा। शक होने पर पीड़ित ने प्लॉट के बारे में जानकारी जुटायी तो पता चला कि वह दूसरे का है। पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर धमकाया। पीड़ित ने कोतवाली व अधिकारियों के पास शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित अशोक कुमार ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। निर्देश पर कैंट पुलिस ने राजूदास व मोहित दास निवासी सदर बाल्दा कैंट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कार की छत पर बनाई रील, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर विस्तार जी-20 रोड पर कार की छत पर खड़े होकर एक युवक ने रील बनाई। जिसे अपने इंस्टाग्राम आईडी से अपलोड किया। वायरल रील के सामने आने पर आनन-फानन में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आईटीएमएस की मदद से रील बनाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी ने बताया कि मंगलवार रात जी-20 रोड पर स्टंट करते हुए कार सवार का वीडियो वायरल हुआ था। युवक ने पहले कार का गेट खोल कर फोटो खिंचवाई। फिर कार रोक कर छत पर चढ़ कर रील बनाने लगा। वायरल वीडियो सामने आने पर पुलिस ने सीसी फुटेज की मदद से कार का नंबर ट्रैक किया। आईटीएमएस की मदद से कैमरे चेक करने पर पता चला कि रील



रील बनाता युवक। अमृत विचार

बनाने के बाद युवक लोहिया पथ होते हुए हुसैनगंज की तरफ गया है। कार नंबर को ट्रैक करने पर हुसैनगंज डायमण्ड डेरी उदयगंज बर्फखाना निवासी मो. कासिफ (24) का पता चला। पूछताछ में कासिफ ने बताया कि उसे रील बनाने का शौक है। रील पर लाइक हासिल करने के लिए वह कार लेकर जी-20 चौराहे की तरफ गया था। कासिफ ने खुद ही रील बना कर अपलोड भी की थी।

### दुष्कर्म का आरोपी जीजा गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी जीजा को गिरफ्तार किया है। आरोपित कई दिनों से फरार चल रहा था। थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने 16 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके जीजा ने उसे शादी करने का झांसा दिया। इसके बाद पीड़िता को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने बीबीडी निवासी आरोपी को प्राथमिक विद्यालय नेवाजनगर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## दबंगों ने महिला को पीटकर घर से निकाला

संवाददाता, आशियाना

- चौकी व थाने पर प्रदर्शन, पीड़िता की तहरीर पर आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के बंगला बाजार में वकील की वेशभूषा में पहुंचे लोगों ने एक महिला को मारपीट कर घर से निकाल कर अपना ताला लगा दिया। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि बंगला बाजार निवासी आरती वर्मा का यह पुश्तैनी मकान है। मकान में उसका भाई विष्णु और भतीजे भी रहते हैं। आरोप है कि उनके घर से कुछ दूरी पर ही रहने वाली आशिया बानो ने उसके भाई से धोखे से मकान की रजिस्ट्री करा ली। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने आपत्ति दर्ज कराते हुए वर्ष 2023 में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि आशिया बानो ने मंगलवार को वकील की वेशभूषा में मौजूद लोगों की मदद से आरती के साथ मारपीट कर उसे घर से भगा कर ताला लगा दिया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने आरती के समर्थन में चौकी और थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया। उसके बाद आरती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## ड्यूटी से लौट रहे होमगार्ड को कंटेनर ने रौंदा, मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** इटौंजा अलादातपुर के पास बुधवार शाम ड्यूटी से घर जा रहे होमगार्ड को कंटेनर ने टक्कर मार दी। बाइक से छिटक कर होमगार्ड सड़क पर जा गिरा, जिसे रौंदते हुए ड्राइवर भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अमानीगंज निवासी अमरनाथ मिश्र (38) बुधवार शाम करीब 5 बजे वह बाइक से घर लौट रहे थे। अलादातपुर गांव के पास पहुंचने पर पीछे से आ रहे कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। अमरनाथ बाइक से उछल कर सड़क पर जा गिरे। ग्रामीणों के शोर मचाने पर ड्राइवर ने कंटेनर की रफ्तार बढ़ा दी। जिसके चलते पहिए के नीचे दबने से अमरनाथ की मौत हो गई। आधार कार्ड की मदद से पुलिस ने भाई मुन्ना को सूचना दी। बुधवार शाम को हादसे के कारण सड़क पर जाम लग गया।

इंस्पेक्टर मार्कण्डेय यादव ने बताया कि सीसी फुटेज की मदद से टक्कर मारने वाले कंटेनर ड्राइवर को पुलिस तलाश रही है।

## सार-संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** कोतवाली क्षेत्र के प्रेम जाल में फंसाकर युवक ने युवती से दुष्कर्म किया। फिर शादी का झांसा देकर आरोपी पांच साल तक यौन शोषण करता रहा। शादी की बात करने पर प्रेमी ने घरवालों के साथ मिलकर उसे बुरी तरह पीटा। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर दुष्कर्म समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। एक गांव में रहने वाली युवती ने बताया गांव के रहने वाले दीपक ने करीब पांच साल पहले उससे दोस्ती की। फिर प्रेम जाल में फंसाकर आरोपी ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी शादी का झांसा देकर यौन शोषण करता रहा। पीड़िता ने बताया कि जब उसने शादी की बात कही तो आरोपी दीपक ने इंकार कर दिया। पीड़िता ने बताया कि 30 मई को दीपक ने बात करने के बहाने अपने घर पर बुलाया। वह वहां पहुंची तो दीपक के भाई बऊवा, पड्डू, चड्डू व उसकी मां किरन ने लात घूसों व डंडों से बुरी तरह पीट दिया। यही नहीं शिकायत पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर कोतवाली पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दीपक समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### झूले में मिला बालक का शव

**अमृत विचार, चौक :** ठाकुरगंज क्षेत्र में मंगलवार रात दुर्गा देवी मार्ग सतखंडा चौकी क्षेत्र में लगे मिक्की माउस झूले में करीब 12 साल के बच्चे का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस मान रही है कि बच्चे की मौत झूले के अंदर फंसकर हुई है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर ने बताया कि मंगलवार रात करीब 8 बजे कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। देखा कि मिक्की माउस झूले के अन्दर एक 12 साल का बच्चा मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस ने छानबीन की तो मृतक के पेट में खरोंच व रगड़ के निशान मिले। पुलिस ने शिनाख्त कराने का प्रयास किया। स्थानी लोगों ने शव की पहचान कलमुद्दीन पुत्र कल्लू मूल निवासी जनपद हरदोई के रूप की। पता चला कि कलमुद्दीन ठाकुरगंज क्षेत्र में अपनी बहन के यहां रहकर घंटा घर के आस-पास बोतल बंद पानी की बिक्री करता था। परिजन को सूचना दी गयी है।

### सवारी से लूटपाट करने वाले टेंपो चालक समेत चार गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाराबंकी निवासी छंगा ने लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि 21 मई की रात ससुराल से लौटा था। चारबाग में उतरा। वहां से आलमबाग स्थित घर जाने के लिए टेंपो में बैठा था। मवैया में चालक और उसके साथियों ने जमकर पीटा। इसके बाद मोबाइल और पांच हजार रुपये निकाल लिए थे। इंस्पेक्टर नाका वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसी कैमरों की फुटेज और सर्विलांस का सहारा लिया गया। जिसके बाद पुलिस ने जीआरपी मोड़ के पास से चार बदमाशों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सूरज कुमार वर्मा, शिवजल राजपूत उर्फ सुज्जल निवासी नया सरदारी खेड़ा कृष्णानगर, राजेश सिंह निवासी भिलावां आलमबाग और धनेश शर्मा उर्फ ध्रुव निवासी सुंदर नगर कृष्णानगर बताया। पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### गलती से ट्रांसफर हुए 7.50 लाख, धारक ने हड़पे

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** थाना क्षेत्र में सर्विस सेंटर चलाने वाले एक व्यक्ति से गलती से 7.50 लाख रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गए। पीड़ित ने फोन कर खाते से रुपये वापस मांगा तो कुछ दिन टरकाने के बाद आरोपी ने नम्बर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। पीड़ित ने गोसाईंगंज थाने पर खाता धारक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। ग्राम कासिमपुर बिरुहां निवासी प्रदीप शंकर का बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा गोसाईंगंज में खाता है। पीड़ित ने बताया कि 19 मई 2025 को पंकज श्रीवास्तव के यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया लोहरा जिला आजमगढ़ में गलती से 7.50 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए। खाता किसी रोहित विश्वकर्मा निवासी ग्राम अमड़ी (कुटिया), पोस्ट गोबिन्द साहब, थाना कटका, जिला अम्बेडकर नगर का है। बैंक मैनेजर और पीड़ित ने रोहित विश्वकर्मा को कॉल कर रुपये वापस मांगे तो उसने टालमटोल की। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**विवेचक ने बनाया नजरी नक्शा** | **आरोपी असिस्टेंट कमिश्नर के निलंबन के बाद तेज हुई जांच**

# डिप्टी कमिश्नर गौरव गर्ग के बयान किए गए दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बयान में बोले गिलास के वार से मुंह से निकलने लगा था खून, मारे थे मुक्के
- करीब ढाई घंटे तक चले सवाल-जवाब के दौरान डिप्टी कमिश्नर ने घटनास्थल का निरीक्षण भी कराया

**अमृत विचार :** आयकर मुख्यालय में डिप्टी कमिश्नर गौरव गर्ग पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी असिस्टेंट कमिश्वर योगेंद्र मिश्रा का निलंबन होते ही बुधवार को हजरतगंज पुलिस ने जांच की रफ्तार बढ़ा दी है। जांच अधिकारी नरही चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अमित कुमार ने दोपहर में डिप्टी कमिश्वर गौरव गर्ग के बयान दर्ज किए। बयान के दौरान गौरव गर्ग ने तहरीर की सभी बातें दोहराई। करीब ढाई घंटे तक चले सवाल-जवाब के दौरान डिप्टी कमिश्नर ने घटनास्थल का निरीक्षण भी कराया। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने बयानों के आधार पर नजरी नक्शा तैयार किया। जांच अधिकारी ने यह पता किया है घटना के समय कौन कहां पर खड़ा था? कैसे हमला हुआ? किस चीज से वार हुआ?

बयान में डिप्टी कमिश्वर गौरव गर्ग ने बताया कि असिस्टेंट कमिश्वर योगेंद्र मिश्रा 29 मई की दोपहर करीब 3:30 बजे कक्ष में घुसे थे। उस समय वरिष्ठ अधिकारी ऋचा रस्तोगी, शौर्य शाश्वत शुक्ला के साथ मिलकर एक साथी कर्मी के फेयरवेल पर हम सब बैठे चर्चा कर प्लान बना रहे थे। घुसते ही योगेंद्र गाली-गलौज करने लगे। गालियां देते हुए बोले कि तुम्हारी वजह से मेरा ट्रांसफर काशीपुर हुआ है। मेरा ट्रांसफर वापस लखनऊ कराओ। गाली-गलौज का विरोध करने पर उन्होंने हमला बोल दिया।

कांच का गिलास तोड़कर उससे मुंह पर वार किया। मुंह से खून निकल रहा था। इसके बाद भी वह मुक्कों से मुंह, नाक पर ताबड़तोड़ वार करते रहे। फिर गला पकड़कर दबाने लगे। जूते से प्राइवेट पार्ट पर वार किया। अधिकारी ऋचा रस्तोगी, शौर्य शाश्वत शुक्ला ने विरोध किया तो उनकी भी नहीं सुनी। धक्का मुक्की की, इसके बाद धमकाते हुए चले गए थे। अधिकारी और कर्मचारी सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां वह बेहोश हो गए थे। करीब ढाई घंटे तक जांच अधिकारी ने बयान दर्ज किए। इसके बाद विवेचक ने घटनास्थल पर मौजूद अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों से भी घटनाक्रम के संबंध में सवाल-जवाब किए।

## दहेज के लिए किया प्रताड़ित, धर्म परिवर्तन में शामिल होने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गुडंबा थाने में महिला ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पति व ससुराल वाले रुपयों का लालच देकर सीधे-साधे लोगों का धर्म परिवर्तन कराते हैं। इस कार्य में शामिल होने से इनकार पर उसके साथ मारपीट की गई। गुडंबा पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आदिलनगर निवासी हेबा उमर ने बताया कि उनका विवाह 25 अप्रैल 2024 को गाजीपुर जनपद के धावा गांव निवासी सैय्यद मो. आरिफ से हुआ था। शादी के बाद से ही पति के साथ सास अतिया, जेठ सैय्यद मो. अजमल, जेठानी उजमा व देवर सैय्यद मो. हमजा दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल के सभी लोग दूसरे धर्म के लोगों का ब्रेनवाश करके धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। पति का दोस्त अर्जुन यादव भी धर्म परिवर्तन करके अब अब्दुल्ला बन गया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसपर भी हिंदू लड़कियों को लाकर धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बना रहे हैं। इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एक नजर

### एकेटीयू में बीटेक में अब तक 23 हजार पंजीकरण

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध इंजीनिरिंग संस्थानों के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया में अबतक करीब 23 हजार अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया है। जबकि करीब नौ हजार ने शुल्क भी जमा कर दिया है। पंजीकरण में अभ्यर्थियों को विभिन्न जानकारी के साथ ही प्रमाणपत्र आदि की जानकारी भरनी है। पंजीकरण 30 जून तक चलेगा। इस बार जेईई मेंस की मेरिट के साथ ही सीयूईटी यूजी और 12वीं पास अभ्यर्थियों को भी प्रवेश का मौका दिया जाएगा।

### लूटा की नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) के पदाधिकारियों ने बुधवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ले ली। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का चुनाव 31 मई को किया गया था। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। विवि परिसर स्थित स्टाफ क्लब में आयोजित आम सभा में चुनाव अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार ने सभी को पद एवं को गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने अभिवादन के माध्यम से एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

### बीबीए, बीसीए, बीजेएमसी का परिणाम हुआ जारी

अमृत विचार, लखनऊ : नेशनल पीजी कॉलेज ने चतुर्थ सेमेस्टर विभिन्न परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। छठे सेमेस्टर का परिणाम पहले ही जारी किया जा चुका है। जिसके बाद बीएजेएमसी, बीवाक बैंकिंग फाइनेंस, बीकॉम आनर्स, बीबीए, बीबीए एमएस और बीकॉम छठे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम पहले ही जारी किया जा चुका है। आज बीबीए, बीबीए डीवी, बीएजेएससी और बीसीए सेमेस्टर चार का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। छात्र अपने परीक्षा परिणाम कॉलेज की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### राष्ट्रीय लेख-लेखन प्रतियोगिता का समापन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन ने विधि संकाय के तत्वावधान में डॉ. अवतार सिंह स्मृति तृतीय राष्ट्रीय लेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न किया। न्यायविद् और शिक्षाविद् प्रो. (डॉ.) अवतार सिंह की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता ने देशभर के विधि विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कानून कानूनी नवाचार का एक नया युग जैसे समसामयिक विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने का एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किया। प्रतियोगिता में देश के प्रमुख विधि संस्थानों के 29 प्रतियोगियों और उनकी टीमो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी अनुसंधान क्षमता एवं विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# नैक टीम ने भाषा विवि का किया निरीक्षण

## ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में त्रिदिवसीय नैक निरीक्षण का हुआ समापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



विश्वविद्यालय का निरीक्षण करते टीम के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विगत तीन दिनों से राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा विश्वविद्यालय का पूर्ण निरीक्षण किया गया। जिसमें निरीक्षण के अंतिम दिन नैक टीम द्वारा एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स–रेंजर्स, नॉन टीचिंग स्टॉफ, टीचिंग स्टॉफ के साथ संवाद किया गया। वास्तव में यह निरीक्षण भाषा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता, आधारभूत संरचना, शिक्षण विधियों, शोध कार्यों, नवाचार, विश्वविद्यालय कल्याण, सामाजिक गतिविधियां और समग्र विकास पर केंद्रित रहा।

नैक की पीयर टीम के सदस्यों ने तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, प्रशासनिक खंड, छात्र-छात्राओं से संवाद, और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का सूक्ष्म अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संस्थान की उपलब्धियों, नवाचारों एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षण प्रयासों को जांच परखा गया। निरीक्षण के अंतिम दिवस की संध्या पर सभी शिक्षकों के साथ मिलकर विचार विमर्श किया।

भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने नैक पीयर टीम का हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाषा विश्वविद्यालय के लिए नैक पीयर टीम द्वारा किया गया निरीक्षण विश्वविद्यालय परिवार के लिए आत्मविश्लेषण का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा। नैक पीयर टीम द्वारा दिए गए सुझावों का पालन करते हुए हम अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता को और भी बेहतर बनाएंगे। प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि भाषा विश्वविद्यालय अकादमिक, प्रशासनिक और सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में और अधिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए भी कृतसंकल्पित है।

नैक पीयर टीम के निरीक्षण के दौरान छात्र, शिक्षक, और स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की और भाषा विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता, एकता और भाषाई विविधता को भी दर्शाया। भाषा विश्वविद्यालय की नैक पीयर टीम में प्रो. हेमन्त कुमार जी, चेयरपर्सन, डॉ. रोशन लाल, डॉ. विकास डोगरा, डॉ. तनूजा राउत, डॉ. त्रिमूर्ति पी, डॉ. मूंगा कृष्ण प्रसाद, डॉ. सरबजीत सेन गुप्ता और डॉ. सुजाता शानबाग ने हाईब्रिड मोड में अवलोकन किया। भाषा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने कहा कि नैक पीयर टीम द्वारा किए गए निरीक्षण और मूल्यांकन विश्वविद्यालय के हित में होगा साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा नैक में जमा किए गए एसएसआर दस्तावेजों और भौतिक निरीक्षण के आधार पर दी जाने वाली ग्रेडिंग की घोषणा आगामी सप्ताहों में सुखद रहेगी।

# नेशनल पीजी, कालीचरण और डीएवी में भी छात्रों को बेहतर मौका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए जारी है आवेदन प्रक्रिया

**अमृत विचारः** विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त राजधानी में कुछ ऐसे भी कॉलेज हैं, जहां अद्यतन पाठ्यक्रमों और कम फीस में स्नातक करने का बेहतर मौका छात्रों के पास है। इन कॉलेजों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। हालांकि महिला कॉलेजों की तरह ही यहां भी सीटों के मुकाबले आवेदन की संख्या बहुत उत्साहजनक नहीं कही जा सकती है। जबकि स्वायत्तशासी नैशनल पीजी कॉलेज कई मामलों में विश्वविद्यालय परिसर के समकक्ष पठन पाठन से लेकर पाठ्यक्रमों में हैं।

नेशनल पीजी कॉलेज लखनऊ का एकमात्र ऑटोनामस कॉलेज है। जहां पाठ्यक्रम, पढ़ाई और शैक्षिक वातावरण बेहतर है। यहां पर पाठ्यक्रमों को अपडेट किया जा रहा है और इसे कौशल आधारित बनाने के प्रयास चल रहे हैं जिससे अधिक से अधिक छात्रों को रोजगार उपलब्ध हो सके। यहां पर बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीजेएमसी और परस्नातक के कई विषयों में पढ़ाई होती है। इस समय आवेदन प्रक्रिया गतिमान है। छात्र ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से आवेदन कर सकते हैं।

कालीचरण पीजी कॉलेज भी लखनऊ के सर्वाधिक पुराने कॉलेजों में माना जाता है जिसकी स्थापना 1912 में हुई थी। यहां पर भी बीए, बीएससी, बीकॉम समेत अनेक प्रोफेशनल कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। छात्र 600 रुपए आवेदन शुल्क के साथ ऑनलाइन और आफलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह कॉलेज हरदोई सीतापुर रोड की तरफ के छात्र-छात्राओं के लिए अनुकूल है।

डीएवी कॉलेज भी कालीचरण पीजी कॉलेज की तरह पुराना कॉलेज है। आजादी के आंदोलन के दौरान इसकी स्थापना की गई थी। आज यह महाविद्यालय स्नातक और परास्नातक के विभिन्न पाठयक्रमों सहित विधि पाठ्यक्रम का भी संचालन कर रहा है। यहां भी आवेदन प्रक्रिया जारी है छात्र ऑनलाइन आवेदन कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर कर सकते हैं।

## खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में पर्यावरण दिवस मनाया गया

अमृत विचार, चौक : चौक क्षेत्र में स्थित खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर प्राचार्य डॉ. अंशु केडिया के निर्देशन में पर्यावरण दिवस मनाया गया। कॉलेज की छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स एवं शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को डॉ. शगुन रोहतगी द्वारा निम्न शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर शपथ ली गई कि हम अपने पर्यावरण की रक्षा करेंगे और उसे स्वच्छ व हरित बनाए रखने के लिए सदैव प्रयास करेंगे। अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे और जब तक वह बड़े नहीं हो जाते उनकी देखभाल करेंगे। बाजार या कहीं भी जाते समय कपड़ा या जूट का थैला साथ रखेंगे। प्लास्टिक के उपयोग से बचेंगे। एनसीसी कैडेट्स के द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रबंध तंत्र से निरंजन शर्मा द्वारा निर्णायक की भूमिका निभाते हुए प्रथम स्थान अंजली गौतम को दूसरा स्थान करिश्मा चौरसिया को दिया। प्राचार्या डॉ. अंशु केडिया जी ने छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि विशेष दिवस जन्मदिन आदि में बड़े पेड़ की पौध लगानी चाहिए ताकि उम्र के साथ साथ पेड़ भी बड़ा हो। इस अवसर पर कॉलेज की एनसीसी एएनओ डॉ. प्रियंका एवं सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# दो छात्र गुटों में हुई जमकर हुई मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच शुरू की

**अमृत विचारः** जानकारीपुरम इलाके में दो छात्र गुट आपस में भिड़ गए और जमकर मारपीट हुई। घटना में पांच लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। बताया जाता है कि उपद्रवी छात्रों ने मुहल्ले में खड़ी कार के शीशे भी तोड़ डाले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज जांच शुरु कर दी है।

इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि जानकीविहार कॉलोनी में पवन सिंह का लखनऊ ब्वायज नाम से हॉस्टल है। जिसकी देखरेख अंकित और लकी करते हैं। वर्तमान समय में करीब 70 लड़के हॉस्टल में रहते हैं। स्थानीय निवासी अंकित मिश्रा, देशराज यादव व पारुल गोयल ने बताया कि मंगलवार रात करीब 11 बजे शोरशराबा, फायरिंग व पथराव की आवाज सुनकर सभी लोग घर से बाहर आए। हॉस्टल के बाहर खड़े करीब 50 लड़के बवाल मचा रहे थे। कॉलोनी के लोगों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। जिसके बाद उपद्रवी लड़कों ने पथराव शुरू कर दिया। बाहर खड़ी दो कार और एक बाइक तोड़ दी। पथराव में आदर्श उपाध्याय का सिर फट गया। अंबुज मिश्रा का हाथ फ्रैक्चर हुआ। शेखर राजपूत, अभिषेक और प्रदीप श्रीवास्तव भी चोटिल हो गए। कॉलोनी वासियों के एकजुट होकर उपद्रवियों का पीछा किया और एक युवक को दबोच लिया। अखण्ड प्रताप सिंह, अमित कुमार व मृदुल राय के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा की बैठक सम्पन्न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बैठक में आरटीआई सत्र 2025-26 के नामांकन की स्थिति की हुई समीक्षा

▸▸ अभिभावकों की लिस्टिंग करके क्रॉस चेकिंग किए जाने के दिए निर्देश

**अमृत विचारः** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा की बैठक आयुक्त कक्ष कार्यालय में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त केके सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक, अपर शिक्षा निदेशक, डीआईओएस व बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थिति रहे।

आरटीआई सत्र 2025-26 के नामांकन की स्थिति की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि लखनऊ में 18093 आवेदित विद्यार्थियों की कुल आवंटित संख्या के सापेक्ष 12125 प्रवेश होने वाले बच्चों की संख्या है। 3627 अभिभावकों द्वारा इच्छित स्कूल न मिलने के कारण स्वेच्छा से प्रवेश नहीं लिया गया। शेष 2341 बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया गतिमान है। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन स्कूलों द्वारा बताया गया कि अभिभावक द्वारा इच्छित स्कूल न मिलने पर प्रवेश नहीं लिया गया है। उन अभिभावकों की लिस्टिंग करके क्रॉस चेकिंग कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

स्कूल चलो अभियान सत्र 2025-26 प्रथम चरण में परिषदीय विद्यालय में नामांकन की स्थिति लखनऊ में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक कुल विद्यार्थियों की संख्या 135902 है। जिसके क्रम में उन्होंने कहा कि बच्चों के आधार कार्ड प्राथमिकता पर बनवाया जाए जिससे स्कूलों में दाखिला कराने में आसानी आ सके। शिक्षक घर-घर जाकर सर्वे करते हुए बच्चों को स्कूल चलो अभियान से जोड़ने के लिये जागरूक करें। माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि लखनऊ के 27 माध्यमिक विद्यालयों में यूपी नेडा द्वारा विद्यालय में सोलर पैनल स्थापित कर दिया गया है। करियर गाइडलाइंस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में कॅरियर मेलों का आयोजन किया जाए। ग्रेडिंग के आधार पर अच्छा कार्य करने वाले टीचर व स्टाफ को पुरस्कृत किया जाए।

# डॉ. अमरजीत बनाए गए राज्य स्तरीय समन्वय समिति सदस्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आयुष महानिदेशक ने 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बनाई समन्वय समिति



**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग और अल्टरनेटिव मेडिसिन विभाग के कोआर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव को 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश की समन्वय समिति का सदस्य बनाया गया है।

आयुष विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के महानिदेशक कार्यालय की ओर से इस आशय का पत्र जारी कर कहा गया है कि प्रदेश में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए 10 सदस्यीय राज्य स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग के डॉ. अमरजीत यादव को सदस्य बनाया गया है। डॉ. यादव योग और प्राणायाम के वैज्ञानिक महत्व पर करीब दो दर्जन पुस्तकें प्रकाशित कर चुके हैं। इसके अलावा वह योग के प्रचार प्रसार के लिए सदैव सक्रिय रहते हैं। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय एक माह तक योग को लेकर वृहद आयोजन कर रहा है जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग योग के लाभ से अवगत हो रहे हैं।

# कोचिंग संस्थानों की वसूली के खिलाफ अभियान चलाएगी विद्यार्थी परिषद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आपातकाल के बंदियों से मिलेंगे अभाविप कार्यकर्ता




**अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक में चार प्रस्ताव पारित किए गए हैं जिसमें कोचिंग संस्थानों की मनमानी और विद्यार्थियों के शोषण पर नियंत्रण के लिए विद्यार्थी परिषद अभियान चलाएगी। इसके लिए सरकार से नीति निर्माण की मांग की जाएगी।

केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्ति की प्रक्रिया में हो रही अनावश्यक देरी पर प्रस्ताव पास किया गया। देश की आंतरिक सुरक्षा और वैश्विक स्थिति पर चर्चा और विश्वविद्यालय परिसरों में बढ़ती वैचारिक अस्थिरता के समाधान संबंधी प्रस्ताव पारित किए गए। ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन कगार में हमारी सेना के साहस और सामरिक कौशल को अभाविप ने सराहा और भारतीय सुरक्षा बलों के प्रति एकजुट समर्थन प्रकट किया।

आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के संदर्भ में 25 जून से आगामी दो वर्षों तक विश्वविद्यालय परिसरों में पूर्व कार्यकर्ताओं व मीसा बंदियों के साथ संवाद, रैली आयोजित किए जाएंगे। यशवंत राव केलकर की जन्म शताब्दी पर प्रांत केंद्रों पर पूर्व कार्यकर्ता एकत्रीकरण, अभ्यास वर्ग, भाषण, प्रदर्शनी एवं साहित्य निर्माण जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, संघ शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक कार्य विस्तार एवं कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रहेगा तथा 'पंच परिवर्तन' के आह्वान के साथ संकल्पबद्ध अभियान चलाया जाएगा। अभाविप अवध प्रांत के मंत्री पुष्पेन्द्र वाजपेई ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए जानकारी दी। बैठक में केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य कु. शीतल, प्रान्त मीडिया संयोजक विकास तिवारी व महानगर मंत्री शाश्वत सांकृत मौजूद रहे।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा के आचार्य रहे डॉ. श्यामलेश बने कोआर्डिनेटर



**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने डॉ. श्मामलेश कुमार को ओरियंटल संस्कृत विभाग का कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति आगामी तीन वर्षो के लिए होगी। डॉ. श्यामलेश को ज्योर्तिविज्ञान के अतिरिक्त ओरियंटल संस्कृत विभाग के कोआर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. श्यामलेश कुमार तिवारी प्राच्य संस्कृत विभाग सहायक आचार्य हैं और अयोध्या में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नवकुण्ड में से त्रिकोणकुण्ड के आचार्य रहे हैं। महाकुंभ में लखनऊ विश्वविद्यालय शिविर संयोजक होने के साथ डॉ. श्यामलेश के मार्गदर्शन में विविध विषयों पर शास्त्रीय गहन चर्चा, विविध कर्मकांडीय यज्ञ आदि महाकुंभ में सम्पन्न कराए गए।

# सैन्यकर्मी समेत पांच के खातों से उड़ाए 8 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ केवाईसी अपडेट व कस्टमर केयर कर्मी बनकर दिया था झांसा

▸▸ कैंट, गोमतीनगर विस्तार, कृष्णानगर और पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज



**अमृत विचारः** साइबर जालसाजों ने सैन्यकर्मी की पत्नी और सूबेदार समेत पांच लोगों के खातों से करीब 8 लाख रुपये उड़ा लिए। कहीं जालसाज ने केवाईसी अपडेट का झांसा दिया तो कहीं कस्टमर केयर कर्मी बनकर रिफंड के नाम पर लिंक भेज कर रिमोट एक्सेस एप डाउनलोड कराई थी। साइबर ठगी के यह मामले कैंट, गोमतीनगर विस्तार, कृष्णानगर और पीजीआई के हैं। पुलिस सभी मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से पड़ताल कर रही है।

मूल रूप से बिहार निवासी सैन्यकर्मी उपेंद्र कुमार कैंट गन फैक्ट्री एरिया कॉलोनी में रहते हैं। उनकी पत्नी आरती ने 1 जून को फ्लिपकार्ट पर आर्डर किया था। उनके अकाउंट से 899 रुपये कट गए, लेकिन सामान बुक नहीं हुआ। इस बात की शिकायत करने के लिए आरती ने इंटरनेट सर्च करने के बाद कस्टमर केयर नम्बर निकाला। जिस पर कॉल मिलाने के बाद रुपये वापस करने का झांसा देकर लिंक डाउनलोड कराया। जिसके बाद आरती के एचडीएफसी खाते से करीब 95,661 रुपये निकल गए। पीड़िता ने कैंट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वहीं, गोमतीनगर विस्तार के खरगापुर निवासी सूबेदार किशन सिंह नेगी ने बताया कि 29 मई को साइबर जालसाज ने उनके खाते से 2,10,906 रुपये की ऑनलाइन शॉपिंग कर डाली। पीड़ित ने सारी शॉपिंग फ्लिपकार्ट और ब्लिंकिट से हुई है। साइबर सेल में शिकायत करने के बाद पीड़ित ने गोमतीनगर विस्तार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उधर, कृष्णानगर के विजयनगर निवासी जगन्नाथ तिवारी ने बताया कि कुछ दिन पहले अनजान नम्बर से कॉल आई। फोनकर्ता ने निवेश स्कीम के बारे में बताया गया। कुछ ही दिन में रुपये दोगुने होने का झांसा देते हुए करीब 18,042 रुपये जमा करा लिए। इसी थाना क्षेत्र के गीतापल्ली निवासी त्रिवेणी प्रसाद वर्मा ने बताया कि उनके पास एक कॉल आई। जालसाज ने बैंककर्मी बनकर केवाईसी अपडेट करने के नाम पर रिमोट एक्सेस एप डाउनलोड कराई। जिसके बाद पीड़ित के अकाउंट से ठगों ने 3,82,600 रुपये गायब कर दिए। रुपये कटने का मैसेज देख पीड़ित के पैरों तले जमीन खिसक गई। इसके अलावा एल्डिको उद्यान निवासी दीपक कुमार दीक्षित ने बताया कि ब्लिंकिट से सामान आर्डर किया था। रुपये कटे लेकिन सामान नहीं आया। गूगल से कस्टमर केयर का नंबर हासिल कर कॉल की। रिफंड का झांसा देकर जालसाज ने खाते से 92 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# शोधछात्र ने विभागाध्यक्ष पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के एक शोध छात्र ने विभागाध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

छात्र का कहना है कि उसने ईमेल और डाक के जरिए विवि को शिकायत भेजी है। छात्र ने विवि प्रशासन पर भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्र ने चेतावनी दी है कि विवि की ओर से उचित कार्रवाई न होने पर वह कोई भी कदम उठा सकता है। छात्र ने शिकायत के जरिए आरोपी को प्रशासनिक पद से हटाने के साथ उन पर एफआईआर की मांग की है। छात्र कहना है कि प्रशासनिक पद पर रहते आरोपी जांच में विघ्न डालेंगे। कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने कहा है कि शोधार्थी की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है, मामला संज्ञान में है। जांच विवि की आंतरिक समिति को सौंपी गई है।

### महिला की चेन की पार

अमृत विचार, लखनऊ : मडियांव इलाके में ई–रिक्शा से पालीटेक्निक चौराहा जा रही नौबस्ता निवासी रीना देवी बुधवार दोपहर टप्पेबाजी का शिकार हो गईं। रिक्शे पर उनके साथ बैठी टप्पेबाज महिला ने उनके बैग से सोने की चेन और 10 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़िता ने मडियांव थाने में तहरीर दी है। पीड़िता ने बताया कि वह गोंडा जाने के लिए पॉलिटेक्निक जा रही थी। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# महिला कार चालक को मदेयगंज पुलिस ने मुचलका भरवाकर थाने से छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पुलिस का दावा, दर्ज मामले में धाराएं सात साल से कम सजा की

▸▸ कार की टक्कर से हुई थी एक युवक की मौत, दो घायल

**अमृत विचारः** खदरा स्थित शिया कॉलेज के पास रियल एस्टेट कारोबारी की बेटी तनु द्वारा दौड़ायी गयी कार से कुचलकर साइकिल सवार एलआईजी एजेंट की मौत हो गयी थी। जबकि 10 साल का बच्चा समेत दो लोग घायल हुए थे। मामले में को मदेयगंज पुलिस ने बुधवार को आरोपी तनु गुप्ता को थाने से जमानत दे दी। इंस्पेक्टर राजेश सिंह ने बताया कि दर्ज रिपोर्ट में सात साल के कम सजा की धाराएं होने के कारण आरोपी चालक तनु से थाने में मुचलका भराकर छोड़ा गया है। तनु को उसके घरवाले लेकर चले गए।

मंगलवार को हादसे में मृत साइकिल सवार वीरेंद्र कुमार उर्फ रवींद्र के भाई देवेंद्र की तहरीर पर तनु के खिलाफ मंगलवार देर शाम करीब 7:30 बजे रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इंस्पेक्टर मदेयगंज राजेश सिंह ने बताया कि तनु के खिलाफ दर्ज मामले में जेल भेजने की धाराएं नहीं थी। इसलिए उन्हें मुचलका भराकर थाने से जमानत दे दी गई। वहीं, बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद वीरेंद्र का शव घर पर पहुंचा। परिवार का रोना देख लोगों की आंखें नम हो गयी।

बताते चलें कि मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे सआदतगंज निवासी तनु अपनी मां रजनी गुप्ता के साथ एक रिश्तेदार के घर से मड़ियांव से लौट रही थी। इस बीच बेकाबू कार ने पहले साइकिल सवार वीरेंद्र उर्फ रवींद्र को टक्कर मार कर रौंद दिया था। इसके बाद 10 साल के बच्चे दक्ष और भीख मांग रही वृद्धा को टक्कर मारी थी। हादसे में वीरेंद्र की मौत हो गई थी, जबकि दक्ष और वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। ट्रामा सेंटर में भर्ती घायल दक्ष की हालत में सुधार बताया जा रहा है। वहीं, वृद्धा की हालत स्थिर है। उसकी पहचान अभी भी नहीं हो सकी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि तनु के पिता चीनू गुप्ता रियल एस्टेट कारोबारी और अधिवक्ता हैं।

# फर्जीवाड़ाः 1.32 करोड़ में बेचा मकान, फिर महिला ने भाई-बहनों को प्रॉपर्टी की दान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** तालकटोरा थाने में बुजुर्ग ने महिला, उसकी दो बहनों व एक भाई के खिलाफ 1.32 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि आरोपियों ने अनापत्ति प्रमाण पत्र बहन को देकर मकान का सौदा कराया था। पीड़ित ने रुपये देकर बैनामा रजिस्टर्ड करा लिया। उसके बाद आरोपी भाई-बहनों ने मिलकर फर्जीवाड़ा किया। आरोपी बहन ने भाई बहनों को दान विलेख कर उपनिबंधक कार्यालय में रजिस्टर्ड करा लिया। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर तालकटोरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कैसरबाग निवासी 63 वर्षीय जुन्नुन नोमानी ने बताया कि तरन्नुम अनवर का एफ-ब्लॉक राजाजीपुरम में मकान है। वर्ष 2021 में तरन्नुम अनवर, उनका भाई चौधरी असद हुसैन, बहन तबस्सुम किदवई और तराना अनवर ने उक्त मकान बेचने के लिए संपर्क किया। यही नहीं तीनों भाई बहन ने एक लिखित अनापत्ति पत्र दिया कि तरन्नुम उक्त मकान को बेच सकती है। बातचीत में सौदा 1.32 करोड़ रुपये में तय हुआ था। पीड़ित जुन्नुन और बेटे नबील ने पूरी रकम अदा कर दी थी। जिसके बाद तरन्नुम ने नवंबर में रजिस्ट्री कर दी थी।

इसके बाद तरन्नुम ने साजिश के तहत उक्त मकान अपने भाई व दोनों बहनों को जून 2024 में दान विलेख कर रजिस्टर्ड करा लिया। फर्जीवाड़े की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने संपर्क कर अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने टालमटोल की। पीड़ित जुन्नुन ने डीसीपी पश्चिम से मुलाकात कर शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर तालकटोरा पुलिस ने तरन्नुम अनवर निवासी राजाजीपुरम, उनका भाई चौधरी असद हुसैन निवासी अमेठी, बहन तबस्सुम किदवई निवासी दिल्ली और तराना अनवर निवासी कानपुर के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और आपराधिक साजिश की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दु:खियों-रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दु:खी हो जाता है।

## संपादकीय

# साइबर सुरक्षा प्राथमिकता

भारत में बढ़ते डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ, साइबर सुरक्षा खतरे भी बढ़ रहे हैं जो देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं। सूचना युद्ध और साइबर हमलों से भारत की राजनीतिक व्यवस्था को नुकसान हो सकता है। वित्तीय धोखाधड़ी, जैसे ऑनलाइन निवेश घोटाले और अवैध ऋण देने वाले ऐप, डिजिटल वित्त में विश्वास को कमजोर करते हैं। साइबर अपराधियों ने 2024 में डिजिटल धोखाधड़ी के जरिए 1,750 करोड़ रुपये से अधिक की हानि पहुंचाई है। कहा जा सकता है कि भारत का बढ़ता डिजिटल बुनियादी ढांचा साइबर खतरे में है और सुरक्षा खतरे तेजी से जटिल होते जा रहे हैं। ये खतरे डेटा उल्लंघन, फिशिंग अटैक और रैनसमवेयर के रूप में सामने आते हैं। यह मुख्य रूप से साइबर अपराधों से निपटने के लिए मजबूत बुनियादी अवसंरचना की कमी के कारण होता है। डेटा उल्लंघन एक प्रमुख चिंता है, जिसमें संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुंच हो जाती है। फिशिंग अटैक में, साइबर अपराधी लोगों से संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने के लिए ईमेल, संदेश या वेबसाइटों का उपयोग करते हैं। रैनसमवेयर हमले में, साइबर अपराधी डेटा को एन्क्रिप्ट कर देते हैं और उसे वापस प्राप्त करने के लिए फिरौती मांगते हैं।

साइबर सुरक्षा चुनौतियां बढ़ जाने की वजह से साइबर हमलों से विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित हो सकती हैं। भारत के नेतृत्व, संस्थान और रणनीतिक संपत्ति डिजिटल निगरानी के निशाने पर रहते हैं। अधिकांश लोगों को साइबर सुरक्षा नियमों की जानकारी नहीं होती है, जिससे वे फिशिंग और अन्य सामाजिक इंजीनियरिंग तकनीकों के लिए अधिक असुरक्षित हो जाते हैं। देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में विकसित हो रहे डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के लिए देश में लगभग 7,90,000 साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी है। साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, नियमित प्रशिक्षण, सिमुलेशन, और साइबर सुरक्षा ऑडिट आवश्यक हैं। साइबर खतरों के तेजी से परिष्कृत और अंधाधुंध होने के साथ, नैतिक हैकर्स, साइबर विश्लेषकों और डिजिटल रक्षकों की आवश्यकता बढ़ेगी और भारत को पहले से कहीं ज्यादा साइबर योद्धाओं की जरूरत होगी। कुल मिलाकर जब भारत की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा डिजिटल होता जा रहा है, भारत डिजिटल क्रांति से गुजर रहा है और साइबर सुरक्षा युद्ध अब हाशिये पर नहीं है, बल्कि यह सबसे आगे और केंद्र में है। साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए।

# विरासत और विकास की नई इबारत लिख रहे योगी



डॉ. चंद्रमोहन
प्रदेश सचिव
उत्तर प्रदेश भाजपा

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है।



आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन है। ये अवसर इसलिए खास है, क्योंकि देश और दुनिया में आज जिस उत्तर प्रदेश के विकास की चर्चा हो रही है, उसका श्रेय योगी आदित्यनाथ को जाता है। योगी आदित्यनाथ ने 'जो कहा, वो करके दिखाया'। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी 'विरासत और विकास' की भावना को साथ लेकर एक दुनियाभर में एक नई पहचान बना रहा है। आपने देखा कि 14 जनवरी से लेकर 27 फरवरी तक तीर्थराज प्रयाग में अद्भुत तरीके से महाकुंभ का सफल आयोजन योगी के नेतृत्व में किया गया। मानवता के इस 'महायज्ञ' में, आस्था, एकता और समता का महापर्व में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व और अविस्मरणीय आयोजन है। हमारी सांस्कृतिक विरासत को इतने भव्य तरीके से जीवंत करने और इस आयोजन में विभिन्न माध्यमों से लाखों लोगों को विकास और रोजगार की पावन धारा से जोड़ने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस आयोजन से लाखों लोगों को रोजगार मिला और उनके जीवन का कायाकल्प हुआ।

इसी तरह अयोध्या नगरी में रामलला का भव्य मंदिर बना, जो रामलला बरसों से टाट में थे, वो अब अपने भव्य और दिव्य भवन में विराजमान हैं। योगी सरकार का प्रयास ही है कि देश-विदेश से हर रोज लाखों की संख्या में भक्त रामनगरी अयोध्या में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। अयोध्या नगरी आज फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, इसके बाद एक वर्ष के भीतर 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। अयोध्या में दान का रिकॉर्ड भी टूट रहा है। यहां दस काउंटरों पर प्रतिदिन 10 लाख रुपये से अधिक चढ़ावा आ रहा है। अयोध्या और उसके आसपास का क्षेत्र आज विकास की एक नई इबारत लिख रहा है। विरासत को विकास से जोड़ने का यह अद्भुत उदाहरण है। भगवान राम का विचार था कि प्रजा का एक भी व्यक्ति अगर चैन से नहीं सो पा रहा है, तो राजा को भी नींद लेने का कोई हक नहीं। भगवान राम अपना सुख, चैन त्यागकर, मानव कल्याण के लिए राक्षसों का सर्वनाश करने निकल पड़े थे। 14 बरस भोग की हर वस्तु का त्यागकर प्रभु राम जमीन पर सोए और नंगे पैर कांटों भरे रास्ते पर चले। आज हमारे प्रदेश के मुखिया योगी, उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर दिन रात प्रदेश के जनता की सेवा कर रहे हैं।

संतकबीर नगर में बाबा तामेश्वरनाथ धाम का कायाकल्प कर इसे एक भव्य तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। बाबा तामेश्वरनाथ धाम को अयोध्या और काशी की तर्ज पर एक सुव्यवस्थित व भव्य तीर्थस्थल का स्वरूप दिया जाएगा। वृंदावन में भव्य और दिव्य बांकेबिहारी कॉरिडोर का निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। 500 करोड़ रुपये से बांके बिहारी मंदिर के निकटवर्ती क्षेत्र में सुविधाओं का सुधार किया जाएगा और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर माहौल बनाया जाएगा। मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी धाम को दिव्य बनाने के लिए 331 करोड़ की लागत से कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। सहारनपुर में सिद्ध पीठ मां शाकुंभरी देवी मंदिर के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट योगी सरकार ने स्वीकृत किया है। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 4560 करोड़ रुपये की लागत से धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों का कायाकल्प किया जा रहा है। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, चित्रकूट, प्रयागराज, नैमिषारण्य और मीर्जापुर के धार्मिक स्थलों को विकसित कर नई पहचान दिलाने का काम योगी आदित्यनाथ की सरकार कर रही है। आज हर जनपद में जिस तरह मेडिकल कॉलेजों का निर्माण हो रहा है, पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई कॉलेजों का कायाकल्प हो रहा है, उसी तरह वहां के प्रमुख धार्मिक स्थलों और विरासतों का मूलभूत विकास भी सरकार करा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी चहुंमुखी विकास की गाथा लिख रहा है। एक समय प्रभु राम की नगरी अयोध्या में जैसा शासन रहा होगा, उसी राम राज्य को स्थापित करने की कल्पना साकार होती दिख रही है।

स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो रहा है। टूटी-फूटी सड़कें एक्सप्रेस का रूप ले रही हैं, गरीबों के खाते में सीधे सहायता राशि पहुंच रही है। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में रामराज्य की कल्पना साकार हो रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार, गुंडाराज, घोटाला, अपराध, जंगलराज, धांधली, तुष्टीकरण, कोरोना, जबरन धर्मांतरण आदि पर जबरदस्त प्रहार हो रहे हैं। गुंडे-माफियाओं पर शिकंजा कसता जा रहा है। बदमाश गले में तख्ती डालकर थाने में स्वयं सरेंडर करने आ रहे हैं। बाहुबली और माफिया योगी राज में थर-थर कांप रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने दूसरे कार्यकाल से पहले लोक कल्याण संकल्प पत्र में जो संकल्प लिए थे, उन्हें एक-एक कर पूर्ण कर दिखाया है। प्रदेश में युवाओं को रोजगार की बात हो, प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को निवेश के लायक बनाने की चुनौती हो, एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हो या फिर माफिया-अपराधियों पर नकेल कसने का संकल्प हो, हर मुद्दे पर योगी आदित्यनाथ ने जनता के प्रति समर्पण के भाव से प्रभावशाली काम किया है। अपने ऐतिहासिक कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ ने न सिर्फ योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया, बल्कि समय-समय पर योजनाओं के विकास की समीक्षा भी की, जिससे कोई योजना सरकारी फाइलों में दब नहीं सकी और पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों को उनका लाभ मिल सका।

योगी आदित्यनाथ पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डों वाले यूपी में सभी मंडलों को एयर कनेक्ट करने की महात्वाकांक्षी परियोजना पर मिशन मोड में काम कर रहे हैं। यूपी में 1,225 किलोमीटर तक फैले एक्सप्रेस-वे के जाल ने न सिर्फ यात्राओं को सुगम और तेज बनाया है, बल्कि इनके दोनों ओर डेवलप किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र प्रदेश के विकास को भी गति दे रहे हैं। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ एटीएम लगाए जा रहे हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज के अलावा गोरखपुर-रायबरेली में एम्स का संचालन किया जा रहा है। 6.51 करोड़ प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड के जरिए पांच लाख रुपये तक के बीमा से कवर किया जा चुका है। मेट्रो को अब गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, बरेली और मेरठ में भी चलाने की योजना बनाई जा रही है। आगरा में मेट्रो की सवारी शुरू हो चुकी है।

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में सबसे ज्यादा निवेश आईटी और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में 94,632 करोड़ रुपए का हुआ है। हर हाथ को रोजगार देने की दिशा में योगी आदित्यनाथ आगे बढ़ रहे हैं।

## प्रसंगवश

# गंगाजल भारतीय चिंतन और दर्शन का प्रतीक



आचार्य टेकनारायण उपाध्याय
वरिष्ठ अर्चक, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी

श्रीकृष्ण ने गीता के अध्याय 10 श्लोक 31 में स्वयं मुख से कहा है- 'स्रोतसामस्मि जाह्नवि' अर्थात् दियों में भागीरथी गंगा मैं हूं। भगवद् स्कंद 11 अध्याय 16 में आता है-'तीर्थानां स्रोतसां गंगा' तीर्थों में गंगा सबसे श्रेष्ठ है। यों गंगाजल की लौकिक महत्ता भी कम नहीं है, पर इसका मूल महत्व तो परलौकिक एवं आध्यात्मिक ही है। गंगा से कितने मनुष्यों और अन्य जीव-जंतुओं की तृष्णा शांत होती है, कितनी भूमि हरी-भरी शस्यश्यामला बनती है, उसके जल से सिंचित होकर कितनी घास-पात, कितना अन्न, शाक, फलों का भंडार उत्पन्न होता है इसे सभी लोग जानते हैं।

सभी जानते हैं कि लाखों करोड़ों मनुष्यों और पशु-पक्षियों का जीवन गंगा पर निर्भर रहता है। यदि गंगा का अवतरण न हुआ होता तो आज जहां की भूमि हरी-भरी दीखती है, जहां अगणित मनुष्य और पशु-पक्षी आनंद से किलोल करते हैं, वहां का दृश्य दूसरा ही हुआ होता। उस भूमि पर आज श्मशान जैसी विभीषिका दृष्टिगोचर होती। गंगा जिस प्रदेश में होकर गुजरती है, वहां के समीपवर्ती लोगों को तो जीवन के बहुमूल्य आधार दिए ही हैं, साथ ही दूरवर्ती जनता को भी बहुत कुछ दिया है। यहां की समृद्धि दूर-दूर तक फैलकर प्रकारांतर से सारे देश की समृद्धि को बढ़ाती है। प्रसिद्ध नदीसूक्त में सर्वप्रथम गंगा का ही आह्वान किया गया है। ऋग्वेद में 'गंगय' शब्द आया है। महाभारत एवं पुराणों गंगा की महत्ता एवं पवित्रीकरण के विषय में सैकड़ों प्रशस्तिजनक श्लोक हैं। भारत की अनेक धार्मिक अवधारणाओं में गंगा नदी को देवी के रूप में निरुपित किया गया है।

बहुत से पवित्र तीर्थस्थल गंगा नदी के किनारे पर बसे हुए हैं। अनेक पर्वों और उत्सवों का गंगा से सीधा संबंध है। इस नदी के बारे में पं. जवाहर लाल नेहरू ने लिखा है, "गगा तो लोकतांत्रिक भारत की नदी है, जनता की प्रिय है, जिसकी झलक भारत की जातीय स्मृतियां, उसकी आशाएं और उसका भय, उसके विजयगान, उसकी विजय और पराजय है।" इसके तटों पर अनेक प्रसिद्ध मेलों का आयोजन किया जाता है और अनेक प्रसिद्ध मंदिर गंगा के तट पर ही बने हुए हैं। ये तीर्थ स्थल संपूर्ण भारत में सांस्कृतिक एकता स्थापित करते हैं। गंगा को लक्ष्य करके अनेक भक्ति ग्रंथ लिखे गए हैं। गंगाजल के बारे में प्रचलित मान्यताएं व तथ्य तो यहां तक कहते हैं कि यदि मृत्युशय्या पर पड़े व्यक्ति के मुख में गंगाजल डाल दिया जाए तो वह बंधनों से मुक्त हो जाता है। गंगा जी के प्रति हमारी श्रद्धा और आस्था अकारण नहीं है। इसका वैज्ञानिक आधार भी है।

अनेक शोधकर्ताओं ने परिक्षण से सिद्ध किया है कि गंगाजल में ऐसे बहुत से औषधीय गुण हैं, जो विविध शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्ति दिलाते हैं, इसके पान, स्नान, स्पर्शन और नव प्राणशक्ति का संचार होता है। पुरानी मान्यता है कि वृद्धावस्था में जब शरीर जर्जर और व्याधिग्रस्त हो जाए तो केवल गंगाजल ही इसका उपचार है। "शरीर जर्जरीभूते व्याधिग्रस्त कलेवर औषधि जाह्नवी तायं वैद्यो नारायणोहरि।" "वैज्ञानिक कहते हैं कि गंगा के पानी में बैक्टीरिया को खाने वाले बैक्टीरियोफाज वायरस होते हैं। ये वायरस बैक्टीरिया की तादाद बढ़ते ही सक्रिय होते हैं और बैक्टीरिया को मारने के बाद फिर छिप जाते हैं। पश्चिमी प्रकृति ने भी गंगा के जल की इस अद्भुत विशेषता को सिद्ध किया है। डॉ. एफ.सी. हरिसन के अनुसार गंगा जल में एक विशिष्ट गुण है, जिसका संतोषजनक वर्णन कठिन है। इसमें हैजे के जीवाणु की तीन से पांच घंटे में मृत्यु हो जाती है। जबकि कई नदियों में यही जीवाणु तेजी से फैलते हैं।

यह नदी उन खेतों के लिए पोषक तत्व भी प्रदान करती है, जिनसे यह गुजरती है। गंगा की सहायक नदियां 300 मिलियन से अधिक लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं। गंगाजल को हर भारतीय अमृत तुल्य मानकर उसका पान करता है। अपने पूर्ण जीवन काल के अंतिम समय में हर भारतीय के प्राण गंगा की सिर्फ एक बूंद मात्र के लिए तरसते हैं। यहीं विशेषता गंगा को संसार की हर नदी से पृथक बनाती है और मुक्ति का यही विश्वास गंगा को एक सामान्य नदी के बजाय देवी के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

# पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी पहाड़वासी



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया।

पहाड़ समस्त प्राणी जगत के मूलाधार हैं। पारिस्थितिकी और जैव विविधता के आश्रय स्थल हैं। बशर्ते कि पहाड़ विविध प्रजाति के जंगलों से आच्छादित हो। 'पहाड़' शब्द की कल्पना मात्र से मस्तिष्क में बर्फ की सफेद चादर से ढके हिमालय, श्रृंखलाबद्ध पहाड़ियों में गहनों की भांति सजे हरे वृक्ष, झरने, गाड-गधेरे और कल-कल करती नदियों का चित्र उभर आता है। पेड़, पानी और पहाड़ का वजूद एक-दूसरे से गहरे तौर पर जुड़ा है। पहाड़ हैं तो पेड़ हैं, पेड़ हैं तो पानी है। ये सब मिलकर पहाड़ को 'पहाड़' बनाते हैं। इनके बगैर पेड़, पहाड़, पानी और पर्यावरण की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

मनुष्य और जंगलों के बीच आदिम युग से अटूट रिश्ते रहे हैं। उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की समूची अर्थव्यवस्था सदियों से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रही है। पर्वतीय समाज का पूरा जीवन चक्र वनों की ऊर्जा से घूमता था। वन यहां के निवासियों के जीवनाधार थे। ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश जरूरतें वनों से ही पूरी होती थीं। यही वजह है कि यहां के निवासियों का वनों के प्रति भावनात्मक और आत्मीय लगाव था। जंगल, पेड़ और पहाड़ के प्रति पहाड़वासियों की संवेदनशीलता के चलते वन महोत्सव की शुरुआत भी पहाड़ से ही हुई।

अविभाजित उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने 1953 में वन महोत्सव की शुभारंभ नैनीताल से की थी। इस अवसर पर श्री मुंशी ने नैनीताल के राजभवन परिसर में बांज का पौधा लगाया था। जंगल, पेड़ और पर्यावरण के संरक्षण के लिए जन्मे 'चिपको आंदोलन' के प्रणेता भी पहाड़वासी ही हैं। पहाड़वासी सदियों से जंगल, पेड़ और पर्यावरण का संरक्षण करते आ रहे हैं। जंगलों और यहां के बाशिंदों के बीच सहअस्तित्व का रिश्ता रहा है, लेकिन उत्तराखंड में ब्रिटिश राज कायम होने के बाद वनों के संरक्षण के नाम पर थोपे गए तमाम अव्यावहारिक वन कानूनों ने पहाड़ के ग्रामीण समाज और वनों के बीच एक गहरी खाई पैदा कर दी। यहां के निवासियों का वनों के प्रति दिनों-दिन लगाव कम होते चला गया।

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया। परिणामस्वरूप गांव के लोगों और जंगलों के बीच दरार और चौड़ी होती चली गई। आज इसका खामियाजा ग्रामीण समाज, जंगल, पर्यावरण तीनों को उठाना पड़ रहा है। दो शताब्दी पहले तक पहाड़ के जंगलों और इसके आसपास रहने वाले मनुष्यों के मध्य भावनात्मक रिश्ता था। कुमाऊं में देशज राजवंश के शासनकाल में यहां के निवासी संपूर्ण वन संपदा का नियंत्रित दोहन नैसर्गिक अधिकार के रूप में करते थे। उनका समूचा जीवन चक्र जंगलों से जुड़ा था, सो जंगलों की सुरक्षा करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी हुआ करती थी। 1790 में यहां गोरखा सैनिक शासन कायम हो गया था। गोरखों ने बेहिसाब जंगल काटे। 1815 में उत्तराखंड में ईस्ट इंडिया कंपनी का राज कायम हो गया। इसके बाद यहां के ग्रामीणों और जंगलों के बीच सदियों पुराने रिश्तों में दरारें आनी शुरू हुई। धीरे-धीरे जंगलों और स्थानीय निवासियों के आदिकाल से चले आ रहे रिश्ते तार-तार हो गए।

हालांकि अंग्रेजी शासनकाल में पहाड़ के भीतर यातायात व संचार का विकास सामरिक जरूरतों और यहां की अकूत वन संपदा के दोहन के नजरिए से ही हुआ। इसके बावजूद यह भी सच्चाई है कि अंग्रेजों ने जंगलों के एकतरफा दोहन की नीति नहीं अपनाई। अंग्रेज वनों के दोहन के साथ संरक्षण पर भी उतना ही ध्यान देते थे। अंग्रेजी शासनकाल में वनों की निगरानी और हिफाजत की पुख्ता व्यवस्था थी। आजाद भारत में अंग्रेजों की वनों के प्रति संरक्षणवादी और दूसरे सकारात्मक पक्षों को तो तिलांजलि दे दी गई है, लेकिन वनों को जनता से जोड़ने के सवाल पर गंभीरता से नहीं सोचा गया। ग्रामीण जन समुदाय को वनों से जोड़ने की नीति बनाने की दिशा में ठोस पहल नहीं हो पाई। जबकि उत्तराखंड के वन सिर्फ उत्तराखंड के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के संदर्भ में अमूल्य संपत्ति हैं।

यदि वनों के प्रति सुविचारित नीति हो, तो इन्हें सरकार और आम जनता, दोनों के लिए लाभदायी बनाया जा सकता है। वन संपदा को समृद्ध बनाकर वनोत्पादों पर आधारित लघु एवं कुटीर उद्योगों के माध्यम से बेरोजगारी और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं से निपटा जा सकता है। असल सवाल सोच और इच्छाशक्ति का है, जो फिलवक्त दिखलाई नहीं पड़ती। याद रहे कि पहाड़ के वनों और वनोपज के संरक्षण और संवर्धन की ठोस एवं व्यावहारिक नीति बनाए बगैर वन और पर्यावरण संरक्षण की बात बेमानी है।

## सोशल फोरम

# उदार होना अधिक जरूरी है



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

आर्थिक उदारीकरण आया, बाजार को मुक्त करके और समाज को विभक्त करके चला गया। इस समय दुनिया सामाजिक रूप से दो जनवर्गों में विभक्त है-कूपमंडूक और उदार। हमारे देश में भी हर विचारधारा, हर धर्म, हर जाति, हर प्रांत में दो तरह के लोग हैं- कूपमंडूक और उदार। कूपमंडूक के पास भी बुद्धि होती है, पर उसकी बुद्धि उसे कुआं के बाहर कुछ भी सोचने नहीं देती। वह कुआं को ही पूरा विश्व समझता है।

इसके विपरीत उदार व्यक्ति की बुद्धि में तर्क, संवेदना और खुलापन-ये तीन खास गुण होते हैं। यह एक बड़ी विडंबना है कि हमारे समय के लोग बाजार में उदार हैं, सब तरह के आधुनिक माल खरीदेंगे, चीन का भी माल खरीदेंगे, पर विचारों से धर्म, जाति और प्रांत के मामलों में कूपमंडूक होंगे। इस समय कूपमंडूकों की शक्ति और संख्या दोनों बढ़ी है। कूपमंडूक होने में फिलहाल बड़े फायदे हैं। निश्चय ही उनकी तुलना में उदार चित्त के लोग कम हो गए हैं, पर मनुष्यता या नागरिक भाव सचमुच यदि है, तो ऐसे ही लोगों में हैं, जो उदार हैं, उनकी सबसे बड़ी कमाई उनकी उदारता है, उन्हें इस मनुष्यता में ही आनंद है। जब समाज का भविष्य अंधकार में हो तो फिर उन्हें अपने लिए उज्ज्वल भविष्य क्यों चाहिए? उदारता क्या है, यह जानना हो तो, जिस 'वसुधैव कुटुंबकम्' को लोग तलवार की तरह इतना भांजते हैं, उसके पूरे श्लोक को एक बार देख लेना चाहिए- अयं निजः परे वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम्॥ अर्थात् जो मोर-तोर की भिन्नता वाले लघु चित्त से ऊपर उठ जाए और उदार चरित्र का हो उसके लिए यह पृथ्वी घर-परिवार की तरह है।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा का संबंध कूपमंडूकता से नहीं उदारवाद से है। यदि कुछ भी संस्कृति है, तो उसमें उदारता एक प्रमुख तत्व है। कूपमंडूकता विकृति है, जबकि उदारता संस्कृति है। प्रसाद ने 'लहर' में लिखा है : तुम हो कौन और मैं क्या हूं/इसमें क्या है धरा सुनो/ मानस जलधि रहे चिर चुंबित/ मेरे क्षितिज उदार बनो। साहित्य केवल पढ़ने-पढ़ाने के लिए ही नहीं है, अपने जीवन में जगह देने के लिए भी है। -फेसबुक वॉल से

# पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की जरूरत



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, अगर उस पर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। आज जब 48 डिग्री सेल्सियस की गर्मी मनुष्य के लिए असहनीय है, तो 60 डिग्री सेल्सियस गर्मी को कैसे बर्दाश्त कर सकता है। तापमान बढ़ने से सूर्य की किरणें कैंसर जैसे भयंकर रोगों में वृद्धि करेंगी। कहीं सूखा पड़ेगा, कहीं गरम हवाएं चलेंगी तो कहीं भीषण तूफान व बाढ़ का सामना करना पड़ेगा। यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए, तो आर्कटिक एवं अंटार्कटिका के विशाल हिमखंड पिघल जाएंगे, जिससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि समुद्रतटीय नगर समुद्र में डूब जाएंगे। भारत के मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पणजी, विशाखापट्टनम, कोचीन और त्रिवेंद्रम नगर समुद्र में होंगे। इसी तरह न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, पेरिस और लंदन आदि बड़े नगर भी जलमग्न हो जाएंगे।

प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व भर में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। पर विडंबना यह है कि इस दिवस पर हम एक ओर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हैं, संगोष्ठियां करते हैं, नए कानून गढ़ते हैं, वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश करते हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया है। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसद की कमी आई है। उदाहरण के लिए भारत में पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। इससे मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ है। गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वनों के विनाश से वातारण भी जहरीला होता जा रहा है। यानी प्रतिवर्ष दो अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाईआक्साइड वायुमंडल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है।

विडंबना यह है कि ओजोन परत की सुरक्षा से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के मांट्रियल प्रोटाकाल में इन तत्वों पर नियंत्रण की कोई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यदि इनमें लगातार इजाफा हो रहा है, तो ओजोन परत के लिए नुकसानदायक स्वाभाविक है। पर्यावरण के साथ खिलवाड़ का सबसे घातक असर ध्रुवीय क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय अनुपात को देखते हुए उत्तरी ध्रुव क्षेत्र दोहरी तेजी से गरम हो रहा है। उत्तरी ध्रुव समुद्र में फैली स्थायी बर्फ की मोटी परत कम हो रही है। सदियों से बर्फ के मजबूत चादर में ढके क्षेत्र पिघल रहे हैं। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई वर्ष 2005 में आधे मीटर से ज्यादा कम हो गई। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक अन्य उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर असर पड़ेगा। विकास के लिए बिजली आवश्यक है, लेकिन जिस तरह बिजली के उत्पादन के लिए नदियों के सतत प्रवाह को रोककर बांध बनाया जा रहा है, उससे खतरनाक पारिस्थितिकीय संकट उत्पन हो गया है।

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं। नतीजतन मनुष्य को मौसमी परिवर्तनों से जुझना होगा। गौर करें तो आज भी मनुष्य अपने दुराग्रहों के साथ ही खड़ा है। प्रकृति से उसका खिलवाड़ का तरीका पहले से भी जघन्य हो गया है। नतीजा सामने है। प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी बनती जा रही है। विडंबना है कि मानव जाति समझने को तैयार नहीं, किंतु उसे समझना ही होगा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर वह स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# आत्महत्या जैसे गंभीर मामले में साक्ष्यों की अनदेखी न करें

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार :** आत्महत्या जैसे गंभीर मामले में साक्ष्यों की अनदेखी कर सुसाइड नोट एवं अन्य दस्तावेज विवेचना में शामिल न कर अभियुक्तों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लगाई गई क्लोजर रिपोर्ट को एसीजेएमए कुंवर मित्र सिंह कुशवाहा ने खारिज दी है। अदालत ने वादी के प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर थानाध्यक्ष कैसरबाग प्रकरण की अग्रिम विवेचना सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है। कैसरबाग निवासी वादी रवि सोनकर की ओर से अधिवक्ता राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं प्रवीण सिंह ने अदालत में प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इसमें अधिवक्ता ने कहा कि वादी के इकलौते बेटे गोयल सोनकर ने 19 जुलाई 2022 को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

**▸▸ अदालत ने वादी के प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए थानाध्यक्ष कैसरबाग को अग्रिम विवेचना कराने का दिया आदेश**

थी। जिसकी रिपोर्ट कैंसर बाग पुलिस ने अभियुक्तों के दबाव के चलते लगभग 15 दिन बाद दर्ज की गई। अदालत को बताया गया कि यद्यपि मृतक गोयल सोनकर की पोस्टमार्टम कार्रवाई के दौरान उसकी पैंट की जेब से एक सुसाइड नोट मिला था। जिसमें आरोपी रूदा रब्बानी एवं अन्य आरोपियों के विरुद्ध स्पष्ट आरोप लगाया गया था। लेकिन विवेचक ने उस सुसाइड नोट के आधार पर कोई विवेचना नहीं की ।

अदालत को यह भी बताया गया था कि विवेचक की पक्षपात पूर्ण कार्यशैली को लेकर वादी रवि सोनकर द्वारा पुलिस के उच्चाधिकारियों को शिकायत की गई । तत्पश्चात उच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर की गई थी। जिस पर अदालत ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी विवेचना किए जाने का आदेश दिया था। इस सब के बावजूद विवेचक द्वारा अभियुक्त के एप्पल फोन, सिम,पेनड्राइव व महत्वपूर्ण साक्ष्यों को विवेचना में शामिल नहीं किया तथा आरोपियों के पक्ष में क्लोजर रिपोर्ट लगा दी। इसके अलावा अभियुक्ता रुदा रब्बानी ने महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन 1090 में एक प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें उसने मृतक गोयल सोनकर के साथ लिव इन रिलेशन में रहने की बात स्वीकार की थी। इस तथ्य को भी विवेचना में शामिल नहीं किया गया। अदालत में विवेचक द्वारा की गई एकपक्षीय विवेचना को त्रुटि पूर्ण पाते हुए कैसरबाग पुलिस द्वारा लगाई गई अंतिम रिपोर्ट को क्लोजर रिपोर्ट को खारिज कर अग्रिम विवेचना का आदेश दिया है।

## देशी नस्ल की गायों के संरक्षण को प्राथमिकता दें

**अमृत विचार, लखनऊ :** पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि देशी नस्ल की गायों के संरक्षण व संवर्धन को प्राथमिकता दी जाय। देशी गाय के दूध की गुणवत्ता व उत्पादकता बढ़ाने के लिए गिरी, साहीवाल, थारपारकर, गंगातीरी व हरियाणवी जैसी देशी नस्ल की गायों के पालन के लिए किसानों व पशुपालकों को प्रोत्साहित किया जाय। पशुधन मंत्री बुधवार को विधानभवन में पशुधन क्षेत्र व दुग्ध उत्पादन में वृद्धि को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

## एक नजर

### उर्वरक इकाइयों पर छापा, नौ नमूने लिए

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने अपर जिला कृषि अधिकारी के साथ बीकेटी में उर्वरक उत्पादन करने वाली दो इकाइयों पर छापा मारा। इकाइयों में बनने वाली उर्वरक, सामग्री, पैकिंग में विवरण, मात्रा, मानक आदि की जांच की। साथ ही सभी उत्पादित करने वाली उर्वरकों के नमूने लिए। एक इकाई से सात व दूसरी से दो नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए। संचालक को चेतावनी दी कि यदि नमूने फेल हुए तो लाइसेंस निरस्त करके एफआईआर कराई जाएगी।

### मजदूर पर साथी ने कुल्हाड़ी से किया हमला

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** थाना क्षेत्र के अस्ती गांव में बुधवार को एक मजदूर ने दूसरे मजदूर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्ती गांव में बुधवार को दो मजदूरों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जिससे अस्ती के रहने वाले फत्ते ने वीनू पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। कुल्हाड़ी वीनू के पैर में लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे इलाज के सीएचसी गोसाईंगंज अस्पताल ले जाया गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद एपेक्स ट्रॉमा 2 रेफर कर दिया गया है।

### भुलभुलैया व इमामबाड़ा देख प्रतिनिधिमंडल श्रावस्ती रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य के बौद्ध विरासतों को देखने के लिए उप्र. आए पांच आसियान देशों के 50 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राजधानी में बड़ा इमामबाड़ा, रूमी दरवाजा, भूलभुलैया सहित अन्य जगहों का भ्रमण किया। इस प्रतिनिधिमंडल की ' 'फैम ट्रिप'' (फैमिलियराइजेशन ट्रिप) यात्रा का उद्देश्य बौद्ध सर्किट को विश्व मानचित्र पर प्रदर्शित करना है। इससे भारत व दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन सहयोग को सुदृढ़ करेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा आसियान देशों से आए प्रतिनिधियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। यात्रा के तीसरे दिन, कम्बोडिया, लाओस पीडीआर, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम से आए प्रतिनिधियों ने राजधानी लखनऊ में स्थापत्य कला, सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय व्यंजन को सराहा।

# झूले में फंसा मिला बालक का शव, हत्या का आरोप

## सिर, सीने, पेट व रीढ़ की हड्डी पर मिले चोटों के निशान

संवाददाता, चौक

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज क्षेत्र में मंगलवार रात दुर्गा देवी मार्ग सतखंडा चौकी क्षेत्र में लगे मिक्की माउस झूले में मंगलवार रात 12 वर्षीय कलामुद्दीन का शव पड़ा मिला। शव करीब 24 घंटे पुराना बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम में सिर में दो चोटों के अलावा सीने और रीढ़ की हड्डी में चोट मिली है। कोमा में जाने से मौत की पुष्टि हुई है। कलामुद्दीन की मां ने झूला मालिक समेत तीन पर हत्या का आरोप लगाया है। ठाकुरगंज पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सीतापुर के रेउसा इलाके के तकिया गांव निवासी कलामुद्दीन यहां मां हसीना, भाई इमामुद्दीन, रज्जन और महताब के साथ कुड़िया घाट के पास झोपड़पट्टी में रहता था। मां हसीना ने बताया कि वह और उनका बेटा दोनों पानी के पैकेट और बोतल घंटाघर पर बेचते थे। सोमवार को बेटा पानी बेचने के लिए



कलामुद्दीन

**▸▸ मां ने झूला मालिक समेत तीन पर लगाए गंभीर आरोप**

**▸▸ घरवालों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी**

निकला था। शाम को घर लौटा था। देर शाम मुफ्तीगंज निवासी सिब्बू मिक्की माउस झूला चलाने वाला और कल्लू व मुन्नी लाल घर पहुंचे। उन्होंने कहा कि बेटे को झूला झुलाने पर नौकरी पर रख लेंगे। इसके बाद बेटा उनके झूले पर गया था। देर रात तक बेटा घर नहीं लौटा। मंगलवार को भी जब बेटा घर नहीं पहुंचा तो उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

मंगलवार देर रात करीब दो बजे बेटे का शव झूले में मिलने की सूचना मिली। खबर मिलते ही घरवाले पहुंचे तो शव फूला हुआ था। उसके गले, पीठ, पेट और अन्य जगह पर चोट के निशान थे। हसीना ने सिब्बू समेत तीन पर हत्या का आरोप लगाया है। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि कलामुद्दीन के घरवालों ने अभी कोई लिखित में तहरीर नहीं दी है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### झूले में दबने का शक

एसीपी चौक राजकुमार सिंह ने बताया कि सिब्बू ने पूछताछ के दौरान कहा कि ग्राउंड में मिक्की माउस स्लाइडर झूला लगाया था। इसके अलावा कई अन्य झूले भी लगते हैं। सोमवार रात उसने झूला लगाया। बच्चे रोजाना की तरह झूले पर झूले और फिसले। रात में उसने पीछे वाले पाइप से हवा निकाल दी और घर चला गया था। आशंका जताई कि कलामुद्दीन उसी के नीचे दब गया। मंगलवार रात जब फिर झूला लगाने के समय उसने खोला और हवा भर रहा था तो उसमें कलामुद्दीन फंसा मिला।

### सतखंडा चौकी में पुलिस ने कहा खुद तलाशो

हसीना ने बताया कि वह सोमवार देर रात से बेटे कलामुद्दीन को खोज रही थी। सतखंडा चौकी मंगलवार शाम को पहुंची वहां पुलिस कर्मियों ने खुद से खोजबीन करने के लिए कहा। हसीना ने बताया कि बेटे की मौत में सिब्बू और उसके साथियों का हाथ है। हत्या के बाद उन्होंने शव को मिक्की माउस झूले के नीचे दबा दिया था।

## पौधरोपण की तैयारी में लाएं तेजी, बनाए तालाब

**अमृत विचार, लखनऊ:** विकास कार्यों की समीक्षा में पौधरोपण अभियान पर जोर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने गड्ढे खोदने की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी बीडीओ को नये तालाबों का चयन करके बनाने के लिए निर्देशित किया।

बुधवार को विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विकास कार्यों की समीक्षा की। इस वर्ष मनरेगा के तहत 12.40 लाख पौधरोपण के लक्ष्य की प्रगति जानी। संबंधित अफसरों ने गड्ढा खोदना व अन्य तैयारी से अवगत कराया। इस पर उपायुक्त स्वतः रोजगार सुशील कुमार सिंह को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि समय पर पौधरोपण का लक्ष्य पूर्ण किया जा सके। इसके बाद तालाबों की समीक्षा की। निर्देश दिए की बारिश से पहले मनरेगा के तहत नये तालाब चिह्नित करते हुए बनाए जाएं। साथी मनरेगा पार्क (उपवन) बनाकर पौधरोपण किया जाए। पीडी डीआरडीए विकास कुमार को अपूर्ण आवास जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह संबंधित अधिकारियों को पेंशन, पंचायत भवन, अंत्येष्टि स्थल आदि अधूरे निर्माण समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप



केडी सिंह बाबू स्टेडियम का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त। अमृत विचार

### केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जॉगिंग ट्रैक जगह-जगह उखड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में स्मार्ट सिटी के तहत कराए गए कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया। अधिकारियों ने मंडलायुक्त को बताया कि जॉगिंग ट्रेक कई जगह उखड़ गया है। उसकी मरम्मत की आवश्यकता है। मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ठेकेदार को फटकार लगाते ट्रेक मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को क्रिकेट स्टेडियम की सिटिंग कुर्सी तत्काल बदलने और दीवारों की डेंटिंग-पेंटिंग व टूटी हुई टाइल्स की जगह नई लगाने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि हॉस्टल में चेंबर चोक हो जाने के से सीवेज की समस्या है। जिस पर मंडलायुक्त ने जीएम जलकल को फोन करके हॉस्टल के चेंबर व सीवर की सफाई प्राथमिकता पर कराने और मलबे को तत्काल हटवाने को कहा। मंडलायुक्त ने बताया कि स्मार्ट सिटी के माध्यम से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक, सिंथेटिक वॉलीबॉल कोर्ट, सिंथेटिक टेनिस ग्राउंड, बहुउद्देशीय क्रीड़ा संकुल, क्रिकेट पिच, मीटिंग हॉल, टॉयलेट, ताईक्वांडो हाल, हाई मास्क लाइट, बॉक्सिंग हाल एवं पवेलियन के जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया है।

### डीएम ने सिविल डिफेंस को दिए छह आपात कालीन सायरन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आमजन को आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार कर रही सिविल डिफेंस की टीम को बुधवार जिलाधिकारी विशाख जी ने 6 आपातकालीन सायरन उपलब्ध कराए। डीएम ने सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र को यह विशेष सायरन सौंपे। कहा कि इनका उपयोग कर तैयारियों को और गति दें। इस मौके पर चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र ने कहा कि शहर में कई स्थानों पर लंबे समय से कई सायरन खराब पड़े थे। इन्हें समुचित स्थानों पर लगाए जाने की बात कही गई थी। जिलाधिकारी ने सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इन सायरन की तत्काल व्यवस्था कराई। छह आपात कालीन सायरन मिले हैं। इन्हें अतिशीघ्र लगवा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया की प्राथमिकता के आधार पर पहले ख़राब हो गए सायरन बदले जाएं और जो ठीक हो सकते हैं उन्हें ठीक कराएं। आवश्यकतानुसार ऐसे सायरन की और व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह, स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डन ऋतु राज रस्तोगी, उपनियंत्रक अनिता प्रताप, एडीसी मनोज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### छप्पन भोग ने बनाए 62 हजार मंगल प्रसादम के पैकेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या धाम में गुरुवार को गंगा दशहरा के अवसर पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या धाम में आयोजित होने वाले भव्य श्री राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद सीता रसोई न्यास अयोध्या धाम की ओर से मंगल प्रसादम भक्त जनों को वितरित किया जायेगा। इस प्रसादम को सीता रसोई न्यास अयोध्या धाम ने छप्पन भोग से निर्मित करवाया है। मंगल प्रसादम के 62000 पैकेट बुधवार को छप्पन भोग के फीनिक्स प्लासिओ आउटलेट से अयोध्या धाम के लिए रवाना किये गए। छप्पन भोग ये अवसर दूसरी बार प्राप्त हो रहा है। पिछले वर्ष श्री राम लाला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर भी छपपन भोग ने मंदिर समिति की पसंद के अनुरूप प्रसाद के कस्टमाइज बोक्सेक्स बना कर भेजे थे जिसका वितरण आयोजन के बाद अतिथियों को श्री राम मंदिर तीर्थ न्यास की और से किया गया था।



मंगल प्रसादम के पैकेट। अमृत विचार

## कबीर ने दिया एकता और प्रेम का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी ने पंजाबी भाषा, कला और साहित्य के प्रचार-प्रसार के क्रम में बुधवार को इंदिरा भवन स्थित अकादमी कार्यालय में गुरमति साहित्य में भगत कबीर की वाणी एवं सामाजिक समरसता विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में वरिष्ठ पंजाबी विद्वान डॉ. दलबीर सिंह, लेखक व चिंतक सरदार नरेन्द्र सिंह मोंगा, वरिष्ठ कवि त्रिलोक सिंह, अजय कुमार पाण्डेय और डॉ. रश्मि शील वक्तव्य प्रस्तुत किए। डॉ. दलबीर ने कहा कि गुरमति साहित्य का मूल उद्देश्य मानवता को एकता, समानता और ईश्वर की भक्ति का संदेश देना है।

सरदार नरेन्द्र सिंह मोंगा ने कहा कि भगत कबीर अपने समकालीन समाज के विभाजन को पाटने वाले एक आध्यात्मिक गुरु थे। सरदार त्रिलोक सिंह, अजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि भगत कबीर की वाणी ने गुरमति साहित्य को सामाजिक दृष्टि से समृद्ध किया है। डॉ. रश्मि शील ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब में भगत कबीर की वाणियां शामिल हैं। अकादमी निदेशक ओम प्रकाश सिंह, अरविन्द नारायण मिश्र, मीना सिंह और अंजू सिंह आदि मौजूद रहे।

# घर में घुसकर मजदूर की धारदार हथियार से हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अलीगंज के त्रिवेणीनगर-3 स्थित शिवलोक में बुधवार देर रात घर में घुसकर मजदूर मामा की धारदार हथियार से वारकर हत्या कर दी गयी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। हत्या की सूचना मिलते ही डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी, एसीपी अलीगंज धर्मेंद्र रघुवंशी अलीगंज पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि आरोपी करीब 15 दिन पहले ही छेड़छाड़ के मामले में जेल से छूटा था। पुलिस परिवार से बात कर हत्या की वजह तलाशने में जुटी है। पुलिस आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

मूल रूप से सीतापुर के अटरिया स्थित विरसिंहपुर निवासी बाबूलाल कश्यप (26) यहां अलीगंज के शिवलोक में किराए पर रहकर मजदूरी करता था। उनका दूर का रिश्तेदार भांजा इंदिरानगर निवासी अनुज कश्यप देर रात करीब 11:30 बजे उनके घर आया। किसी बात पर उनके बीच विवाद हुआ। बात बढ़ने पर अनुज ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वारकर



बाबूलाल कश्यप

**▸▸ 15 दिन पहले छेड़छाड़ के मामले में जेल से छूटा था**

**▸▸ अलीगंज के त्रिवेणीनगर इलाके की घटना**

दिए। बाबूलाल को घायल कर आरोपी भाग निकला।

इस बीच मकान में रहने वाले अन्य किराएदारों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद इंस्पेक्टर अलीगंज अशोक सोनकर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायल को अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसीपी ने बताया कि अनुज कश्यप के खिलाफ इंदिरानगर थाने में कुछ वक्त पहले छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिसमें अनुज को इंदिरानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। करीब 15 दिन पहले ही वह जेल से जमानत पर छूटा था। एसीपी ने बताया कि आरोपित अनुज की तलाश में टीमें प्रयास कर रही है। एक टीम ने आरोपी के घर पर भी दबिश दी। लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस ने आसपास के सीसी कैमरों के फुटेज खंगाले तो अनुज भागता हुआ कैद मिला।

# आईटी सिटी में पहले विकसित होंगे सेक्टर सात, आठ और नौ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने आईटी सिटी बसाने का काम शुरू कर दिया है। पहले चरण में सेक्टर 7,8 और 9 को विकसित किया जाएगा। इन सेक्टरों के लिए जमीन पर कब्जा ले लिया है। जल्द भूखंड नियोजित करके दिवाली में योजना लांच की जाएगी।

प्राधिकरण की आईटी सिटी सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व किसान पथ के मध्य लगभग 2,858 एकड़ भूमि है। योजना में मोहनलालगंज तहसील के ग्राम बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकंदरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली और भटवारा की जमीन ली जाएगी। अब तक 500 बीघा जमीन लैंड पूलिंग के आधार पर ली जा चुकी है। मोहारी खुर्द व मोहारी कलां

**▸▸ 500 बीघे में लैंड पूलिंग से कब्जा लेकर शुरू किया गया काम**

**▸▸ 2,858 एकड़ की योजना को दिवाली पर लांच करने की तैयारी**

### योजना में यह शामिल

- 200 वर्गमीटर में 5 हजार आवासीय भूखंड
- 72 से 200 वर्गमीटर के 5 हजार आवासीय भूखंड
- ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखंड
- 200 एकड़ में ग्रीन बेल्ट व गोल्फ सिटी
- 15 एकड़ में वाटर बॉडी
- 188 एकड़ सेंट्रल पार्क व गोल्फ कोर्स
- 445 .65 एकड़ में इन्डस्ट्रियल एरिया
- 260 एकड़ में व्यावसायिक गतिविधियां
- सर्वोत्तम रोड कनेक्टिविटी

गांव में एक साथ 200 बीघा जमीन पर कब्जा लेकर साइट आफिस व विकास कार्य शुरू कर दिए गए हैं। जमीन का चिह्नांकन कराया जा रहा है। योजना में कुल 10 सेक्टर बनेंगे। यदि किसी तरह का बदलाव न हुआ तो पहले सेक्टर 7,8 व 9 विकसित किया जाएगा और भूखंड नियोजित करके दीवाली पर योजना लांच कर दी जाएगी। प्राधिकरण ने किसानों की सहमति पर जमीन जुटाव के साथ निर्माण कार्य तेज कर दिया है।

### लैंड पूलिंग में किसानों को फायदा, बढ़े आगे

आईटी सिटी के लिए जमीन अधिग्रहण का विरोध करते आ रहे किसान अब योजना में फायदा बताकर स्वयं लैंड पूलिंग के आधार पर जमीन दे रहे हैं। क्योंकि लैंड पूलिंग नीति में किसानों को कई गुना लाभ है। एक उदाहरण के तौर पर मोहारी खुर्द गांव में जमीन का डीएम सर्किल रेट लगभग 8 लाख रुपये बीघा है। प्रतिकर के रूप में चार गुना मुआवजा दिये जाने पर भी किसान को 32 लाख रुपये मिलेंगे। वहीं, लैंड पूलिंग नीति के तहत अपनी 100 फीसदी भूमि निशुल्क देने वाले किसानों को योजना में 25 प्रतिशत विकसित आवासीय भूमि क्रमश: 6800 वर्ग फीट दी जाएगी। इसकी कीमत तीन करोड़ रुपये से अधिक होगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ उन्नाव।

पत्रांक: 842/ई–नि0सू0/2025–26 दिनांक:– 04/06/2025

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ, उन्नाव में ई–टेण्डरिंग के अन्तर्गत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में नगरीय झील/तालाब पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ–उन्नाव सीमान्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई–टेण्डर निविदा प्रतिशत दर पर आमत्रित की जाती है। निविदादाता 1 या 1 से अधिक निविदा डाल सकता है। कार्य का विवरण आनलाइन "http://etender.up.nic.in" पर ही डाउनलोड व अपलोड किया जायेगा। कार्य का विवरण निम्नवत है:–

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 06.06.2025 |
| (b) | वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड़ की तिथि | 06.06.2025 समय 10:00 बजे से |
| (c) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 26.06.2025 समय 02:00 बजे तक |
| (d) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 27.06.2025 समय 10:00 बजे |
| (e) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | तकनीकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त |
| (f) | ई–निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय, नगर पालिका परिषद, बांगरमऊ–उन्नाव। |

1. निविदा की सम्पूर्ण सेवा शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।
2. विस्तृत विवरण हेतु http://etender.up.nic.in को खोलें व निविदा डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बांगरमऊ–उन्नाव।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बांगरमऊ–उन्नाव।

## कार्यालय ग्राम पंचायत साहुलपुर विकास खण्ड अहिरोरी हरदोई

पत्रांक: मेमो दिनांक: 04.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सूचित किया जाता हैं कि मनरेगा, राज्यवित्त, 15वां वित्त के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में इण्टर लाकिंग व नाली निर्माण कार्य में सामग्री आपूर्ति कर विभाग से सम्बंधित पंजीकृत मालिकों व सामग्री आपूर्तिकर्ताओं फर्मो से दिनांक 5/06/2025 से 12/06/2026 तक शाम 2 बजे से निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। जोकि उसी दिन अपरान्ह 4 बजे आपूर्तिकर्ताओं व उनके जनप्रतिनिधियों के नामित समिति के द्वारा खोली जाएंगी। निविदा बिक्री दिनांक 12/06/2025 तक ग्राम पंचायत साहुलपुर मे की जाएगी। जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क 200 रुपये अदा कर क्रय की जा सकती है।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | श्रमांश | सामग्री अंश | कुल योग | अन्य भौतिक मात्रा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुखपाल के मकान से प्राइमरी पाठशाला अंटवा तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 62376 | 324235 | 387621 | 80×3 मीटर |
| 2 | दरबारी के मकान से गोलू के मकान तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 73832 | 385572 | 459404 | 95×2.60 मीटर |
| 3 | पंचायत भवन मरम्मत कार्य | 95000 | 145700 | 240700 | 01 |
| 4 | सुरेश के मकान से माइनर तक नाली निर्माण | 75900 | 185500 | 261400 | 200 मीटर |

**सामग्री का विवरण :**
1. सीमेंट, पत्थर गिट्टी, बालू, अव्वल ईट, मौरंग, रोड़ा आदि।
2. सीमेंट, इण्टरलाकिंग ईट, अव्वल ईट, मौरंग, बालू, रोड़ा आदि।
3. सीमेंट, पत्थर गिट्टी, बालू, अव्वल ईट, मौरंग, रोड़ा आदि।
4. सीमेंट, इण्टरलाकिंग ईट, अव्वल ईट, मौरंग, बालू, रोड़ा आदि।
5. सीमेंट, इण्टरलाकिंग ईट, अव्वल ईट, मौरंग, बालू, रोड़ा आदि।

नोट :– नियम व शर्ते निम्नवत हैं।
1. निविदा स्वीकृति प्राकलन दर से स्वीकृति प्राप्त नही की जाएगी। निविदा जो कम दर से होगी स्वीकृत की जाएगी।
2. एक अथवा प्रपत्र समस्त निविदा स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
3. निविदा प्रपत्र के साथ वांछित अभिलेख जमा करने होगें निविदा स्वीकृत करने के उपरांत सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर ही जाएगी।
4. सामग्री से सम्बन्धित बिल आक्वार्टी कार्यालय अवधि में किसी भी समय देखा व प्राप्त किया जा सकता है।
5. सामग्री से सम्बन्धित बिल मे जीएसटी सम्मिलित प्रेषित बिल जीएसटी सम्मिलित करते हुए प्राप्त किए जाएंगे।

श्रीमती राजेन्द्री देवी
ग्राम प्रधान – ग्राम पंचायत साहुलपुर
विकास खण्ड अहिरोरी हरदोई

श्री लाल बिहारी
ग्राम पंचायत अधिकारी – ग्राम पंचायत
साहुलपुर विकास खण्ड अहिरोरी हरदोई

## रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली

पत्रांक: 307/सम्प0अनु0/2025–26/रा0वि0प्रा0/2025, दिनांक: 04/06/2025

**पंजीकरण सूचना**

रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा लखनऊ–प्रयागराज मार्ग पर रतापुर चौराहे के निकट एकता विहार आवासीय योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित तालिका में अंकित श्रेणी के रिक्त भवनों का पंजीकरण दिनांक 15.06.2025 से 14.08.2025 तक की अवधि में (पहले आओ पहले पाओ के आधार पर) खोला जा रहा है। इन भवनों के पंजीकरण हेतु पंजीकरण पुस्तिका रू0 500.00 के मूल्य में एच0डी0एफ0सी0 बैंक कचेहरी रोड, रायबरेली से प्राप्त की जा सकती है। प्रस्तावित भवनों के मूल्य आदि का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:–

| क्रमांक | निर्माण का विवरण | तल का विवरण | भवनों की संख्या | भवन का निर्मित क्षेत्रफल (वर्ग मी0) | भवन का मूल्य | 10 प्रतिशत पंजीकरण धनराशि | आय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | निर्बल आय वर्गीय भवन (एक कमरा, एक किचेन, एक ट्वायलेट, बरामदा/ बालकनी) | भूतल | 09 | 27.50 | 7,65,000.00 | 76500.00 | 3,00,000 तक वार्षिक |
| | | प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल | 37 | 27.50 | 6,78,000.00 | 67800.00 | 3,00,000 तक वार्षिक |
| 2. | अल्प आय वर्गीय भवन (एक ड्राइंग रूम, एक बेड रूम, एक किचेन, एक डब्लू0सी0 एक बाथरूम बरामदा/ बालकनी) | भूतल | 03 | 38.60 | 13,41,000.00 | 1,34,100.00 | 3,00,001 से रू0 6,00,000.00 वार्षिक |
| | | प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल | 08 | 38.60 | 11,85,000.00 | 1,18,500.00 | 3,00,001 से रू0 6,00,000.00 वार्षिक |
| 3. | अल्प आय वर्गीय भवन (एक ड्राइंग रूम, एक बेड रूम, एक किचेन, एक डब्लू0सी0 एक बाथरूम बरामदा/बालकनी) | प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल | 05 | 46.00 | 14,12,200.00 | 1,41,200.00 | 3,00,001 से रू0 6,00,000.00 वार्षिक |

**पंजीकरण की शर्तें एवं दशायें :–**
1. पंजीकरण तथा आवंटन नियमावली में पंजीकरण हेतु जमा धनराशि का चालान/आवेदन प्रपत्र संलग्न है। पंजीकरण धनराशि का भुगतान एच0डी0एफ0डी0सी0 बैंक, कचेहरी रोड, रायबरेली के माध्यम से करना होगा।
2. योजना से सम्बन्धित तलपट मानचित्र, आवासीय भवनों का प्लान पंजीकरण/आवंटन नियमावली के साथ संलग्न है।
3. आवेदक को पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र जमा धनराशि की रसीद, सत्यापित फोटो, आई0डी0 आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित निर्धारित तिथि तक प्राधिकरण कार्यालय में जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किये जायेगे।
4. प्राधिकरण की किसी भी योजना के असफल आवेदक यदि इच्छुक है तो अपनी जमा धनराशि के अतिरिक्त शेष धनराशि जमा करके एवं अन्य औपचारिकतायें पूर्ण कर अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।
5. आय प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र शपथ पत्र के रूप में नहीं माना जायेगा। सक्षम स्तर से ही मान्य होगा।
6. न्यायिक अधिकार क्षेत्र रायबरेली होगा।
7. अन्य विवरण पंजीकरण पुस्तिका में उपलब्ध है।
8. पंजीकरण का विवरण प्राधिकरण के वेबसाइट www.rbdaup.in पर उपलब्ध है एवं आन लाइन भी पंजीकरण भी कराया जा सकता है।

(एम0अहमद)
सम्पत्ति अधिकारी

## एक नजर

### मुठभेड़ में चार भैंस चोर दबोचे गए, तीन लखनऊ के

**हरदोई, अमृत विचार।** गांव-गांव घूम कर दिन में रेकी और रात में भैंस चोरी करने वाले चोरों की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। जिसमें गोली लगने से एक चोर और एक हेड कांस्टेबल घायल हो गया। पुलिस ने 4 चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन लाख की नकदी, एक पिकअप, तमंचे, कारतूस और चोरी की भैंस बरामद की है। मंगलवार की शाम अतरौली पुलिस औरापट्टी सुलिया के पास पिकअप सवार चोरों की घेराबंदी की। इस पर पिकअप सवार चोरों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश अनीस निवासी गोसवा सण्डीला के पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर गया। हेड कांस्टेबल पंकज द्विवेदी भी गोली से घायल हो गया। पुलिस टीम ने तीन और चोरों को पकड़ लिया। जिनमें जीशान निवासी सहजना निवाडी थाना माल लखनऊ, रईस निवासी फरीदीपुर थाना दुबग्गा लखनऊ और बब्लू पुत्र राशिद निवासी खड़सरा थाना मलिहाबाद लखनऊ शामिल हैं।

### पूर्व विधायक के केस में महिला कांस्टेबल की गवाही दर्ज

**सुलतानपुर :** केएनआईटी कस्बे में बिना अनुमति जनसभा करने के मामले में आरोपी पूर्व विधायक अनूप संडा पर दर्ज केस में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने अभियोजन गवाह तत्कालीन महिला हेड कांस्टेबल कुसुमलता की गवाही विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बुधवार को दर्ज कराया। बचाव पक्ष ने कांस्टेबल से जिरह की। कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए 27 जून की तारीख तय की है। 20 फरवरी 2022 की घटना में दरोगा मुकेश कुमार ने केएनआईटी के पास प्रशासन की बिना अनुमति के जनसभा करने के आरोप में पूर्व विधायक अनूप संडा के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज कराया था। वहीं अनूप संडा समेत अन्य के विरुद्ध अभियोजन गवाह न आने से सुनवाई 26 जून तक टल गई।

# कुर्ता-पायजामा में एर्रोल मस्क ने किये रामलला व बजरंगबली के दर्शन

▸▸ सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के सीईओ के पिता निजी विमान से पहुंचे रामनगरी

▸▸ एयरपोर्ट से मंदिर तक हुआ भव्य स्वागत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के सीईओ एलन मस्क के पिता एर्रोल मस्क बुधवार को रामनगरी पहुंचे। भारतीय संस्कृति की वेशभूषा कुर्ता-पायजामा पहन रामलला के दर्शन किये। दोपहर लगभग तीन बजे निजी विमान से अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास ने स्वागत किया। एयरपोर्ट के बाहर आते ही सभी ने एक साथ जय श्रीराम के नारे लगाए। कड़ी सुरक्षा के बीच राम मंदिर में दर्शन-पूजन किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा अंगवस्त्र और प्रसाद देकर उनका स्वागत किया गया। राम मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य व अन्य मंदिरों को भी देख अभिभूत नजर आए। वह लगभग 40 मिनट तक परिसर में मौजूद रहे।

इसके बाद हनुमान गढ़ी मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया। संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास और वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास ने भी अंग वस्त्र और हनुमान जी का प्रतीकात्मक चिह्न देकर स्वागत किया। अयोध्या में उनकी एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की होड़ लगी रही।



एर्रोल मस्क का हनुमानगढ़ी मंदिर पर अंग वस्त्र और बजरंगबली का प्रतीक चिह्न देकर स्वागत करते संत। अमृत विचार

### भविष्य में और अच्छे रहेंगे भारत और अमेरिका के संबंध

एयरपोर्ट पर ही पत्रकारों से बात करते हुए एर्रोल मस्क ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध भविष्य में और अच्छे रहेंगे। भारतीय संस्कृति के बारे में किए गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि मैं भारतीय संस्कृति को अच्छी तरह से जानता और समझता हूं। क्योंकि हमारे देश में भारतीय लोगों की एक बड़ी संख्या मौजूद है। भारतीय बहुत ही उदार और मानवता से परिपूर्ण होते हैं। भारतीयों से मिलने पर ऐसा लगता है कि जैसे वे विश्व के सबसे अच्छे व्यवहारिक व्यक्तित्व वाले हैं। अयोध्या दौरे में उनके साथ मोटिवेशनल स्पीच देने वाले विवेक बिंद्रा भी थे। जिन्होंने एर्रोल मस्क के कार्यक्रमों और उनके भारत प्रवास के उद्देश्य के संबंध में जानकारी दी और कहा जब संपूर्ण विश्व अयोध्या रामलला के दर्शन करने को आ रहा है तो फिर दुनियाभर के भारतीयों को अयोध्या आने में अब देर नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भगवान राम के दर्शन करने के बाद गुरुवार को भगवान कृष्ण के दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। इस यात्रा में उनके साथ उनके परिवार के भी कुछ सदस्य शामिल हैं।

### अयोध्या से प्रभावित हुए एर्रोल मस्क

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने कहा कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में देश के विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों का आगमन हुआ। इसके अलावा देश-विदेश के राजनयिक और वहां की सरकारों के प्रभावशाली नेताओं का भी आगमन हुआ। अब राजा राम की प्रतिष्ठा हो रही है तो दुनिया के सबसे अमीर अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के पिता एर्रोल मस्क भी अयोध्या पहुंचे हैं। यह सब लक्ष्मी पति विष्णु के अवतारी भगवान राम की ही कृपा है। हनुमान गढ़ी के वरिष्ठ संत व संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास ने बताया कि एर्रोल मस्क अयोध्या से बहुत प्रभावित हैं। यहां संस्कृति और परंपरा से लगाव भी है। राम मंदिर व हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन करने के बाद प्रसन्नता व्यक्त की है।

## सीतापुर की जिला जेल में बंदी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**सीतापुर, अमृत विचार:** सीतापुर जेल में बुधवार उस समय हड़कंप मच गया। जब चहारदीवारी के पीछे बैरक के बाहर हत्यारोपी बंदी का शव उसकी ही तहमद से लटका मिला। मामले में डीआईजी रामधनी ने मौका मुआयना कर बंदियों से पूछताछ के बाद अधिकारियों के बयान लिये। सदरपुर थानाक्षेत्र की ग्राम पंचायत भलवाही मजरा रसूलाबाद का रामदास (53) पत्नी विमला के साथ पुत्र दीपू की हत्या के आरोप में 16 मार्च वर्ष 2024 से जेल में निरुद्ध था। बताते हैं कि बुधवार सुबह रामदास का शव बैरक के बाहर तहमद से लटका मिला। कारागार अधीक्षक सुरेश सिंह मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू करते डीएम अभिषेक आनंद और एसपी अंकुर अग्रवाल को अवगत कराया। पुलिस की मौजूदगी में प्रारंभिक जांच के बाद शव को कब्जे में लेते हुए परिवार के लोगों को गांव में सूचना दी गई। दोपहर बाद डीआईजी रामधनी कारागार पहुंचे।

# बहराइच : टूरिस्ट बस व कार की टक्कर में तीन की मौत

## एक घायल की हालत नाजुक, लखनऊ के लिए रेफर

संवाददाता, मटेरा बहराइच

**अमृत विचार।** नानपारा के टोला प्लाजा के रघुनाथपुर गांव के पास टूरिस्ट बस और कार की सीधी भिड़ंत में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है।

नानपारा हाइवे पर टोल प्लाजा के रघुनाथपुर गांव के पास कार और यात्री बस की सीधी भिड़ंत हो गई। इसमें कार में सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों में एक को सीएचसी नानपारा व तीन को उपचार के लिये एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज भेजा गया, जहां पर चिकित्सक ने अयोध्या जिले साहिबगंज थाने के बैदेही नगर निवासी अभय पाण्डे (40) पुत्र राजमणि पांडे को मृत घोषित कर दिया। वहीं अयोध्या की कोतवाली नगर के पठान टोला निवासी राम कुमार यादव (38) पुत्र लक्ष्मी यादव व महोबरा निवासी विवेक तिवारी पुत्र ओंकार तिवारी को लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ ले जाते समय विवेक तिवारी की रास्ते मे मौत हो गई। वहीं अयोध्या के ही अश्वनीपुरम कालोनी वजीरगंज जब्ती निवासी विनोद श्रीवास्तव (42) पुत्र घनश्याम श्रीवास्तव ने सीएचसी नानपारा में दम तोड़ दिया। चारों युवक कार से नानपारा से बहराइच की ओर आ रहे थे, तभी रास्ते में तेज रफ्तार टूरिस्ट बस ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गये।

## 50 लाख की स्मैक के साथ अंतर्राष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार।** जनपद की रुपईडीहा पुलिस ने इंडो नेपाल बॉर्डर से अंतराष्ट्रीय स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके पास से लगभग 50 लाख रुपये की स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार स्मैक तस्कर को जेल भेज दिया है। भारत नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने अंतराष्ट्रीय स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 47 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। तस्कर की पहचान अनमोल निषाद निवासी गोंडियन मोहल्ला राम जानकी नगर रुपईडीहा के रूप में हुई है।

# हरदोई : बाजार में सौदा बेच रही वृद्धा की गोली मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई/मल्लावां

**अमृत विचार।** बाजार में दुकान लगाकर सौदा बेच रही वृद्ध महिला से अचानक वहां पहुंचा युवक विवाद करने लगा। युवक के हाथ में तमंचा देख वृद्ध महिला सहम गई और बचाव के लिए वह पास के एक घर में घुस गई। युवक भी पीछा करते हुए घर में घुस गया और गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने मार्ग जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाकर शांत कराया। देर शाम पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। हत्या के पीछे जादू-टोना करने का मामला सामने आया है।

मल्लावां कोतवाली के मक्कू पुरवा की रामश्री (60) पत्नी सूरजबली गांवों में लगने वाली बाजरों में दुकान लगाकर सौदा बेचती थी। बुधवार को वह इसरपुर बाजार में सौदा बेच रही थी। उसी बीच आरोपी पंचम सिंह हाथ में तमंचा लेकर पहुंचा और रामश्री पर जादू-टोना कर परेशान करने का अरोप लगाते हुए विवाद करने लगा। पंचम सिंह के हाथ में तमंचा देख वृद्धा डरकर मौके से जाने लगी। इस पर पंचम सिंह ने उसका पीछा किया। रामश्री वहीं पास के एक मकान में घुस गई, आरोपी युवक भी मकान में घुस गया और गोली मारकर वहीं हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई वारदात का पता चलते ही भीड़ जुट गई और पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए बिलग्राम-कन्नौज रोड पर जाम लगा दिया।

इसका पता होते ही पुलिस और सीओ बिलग्राम रविप्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे और भीड़ को समझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने देर शाम आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी ने बताया कि रामश्री व अन्य उस पर जादूटोना कर परेशान कर रहे थे, जिससे उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। काफी उपचार के बाद भी वह परेशान रहता था, जिसके कारण उसने घटना को अंजाम दिया। रामश्री की हत्या करने का आरोपी पंचम सिंह पूर्व में प्रधान रामपाल सिंह की हत्या को अंजाम दे चुका है।

# बरेली : कार और लोडर की भिड़ंत में दो की मौत, चार लोग हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली/भुता

**अमृत विचार :** बरेली-बीसलपुर रोड पर राघवपुर मोड़ पर बुधवार सायं करीब 4 बजे कार और छोटा हाथी (लोडर वाहन) की आमने सामने जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर होने के बाद कार खाई में जा गिरी और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। लोडर वाहन में सवार चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने चारों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है।



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार।

पुलिस ने बताया कि लोडर वाहन बीसलपुर की ओर से आ रहा था, जबकि कार बरेली से बीसलपुर की ओर जा रही थी। राघवपुर मोड़ के पास तेज गति से आ रहे दोनों वाहनों की भिड़ंत हो गई। आसपास के लोगों ने दौड़कर दोनों वाहनों से घायलों को निकाला। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां मोहित भारती (35) निवासी चंद्रमणि नगर बुद्धविहार डेलापीर थाना इज्जतनगर व दूसरे अज्ञात युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। घटना में कार चालक ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। लोडर में सवार चालक इरफान, हेल्पर मनोज कुमार (निवासी अमृता, थाना भुता) ग्राम रुपियापुर निवासी नरोत्तम गंगवार व नीरज गंगवार को बरेली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां ओमप्रकाश की हालत नाजुक बनी हुई है।

## अमेठी में युवक की गला रेतकर हत्या

**संग्रामपुर अमेठी, अमृत विचार:** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे रामा चौहान गांव में युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका रक्तरंजित शव बुधवार को सुबह गांव के ही एक पड़ोसी के सरिया भरे कमरे में मिला। मृतक की पहचान सागर पुत्र सिद्धार्थ के रूप में हुई है। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के पूरे रामा चौहान गांव निवासी सागर कोरी मंगलवार रात घर की छत पर सोने गया था। सुबह जब परिजनों ने उसे छत पर नहीं पाया तो तलाश शुरू की। काफी देर बाद उसका शव दूर पड़ोसी के सरिया भरे कमरे में पड़ा मिला। मृतक के हाथ-पैर रस्सियों से बंधे थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा गया था।

# पीलीभीत : मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक के फॉर्म पर लगा दी गई टी-स्टॉल की मुहर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में एक गर्भवती को दो यूनिट खून की जरूरत पड़ने पर डॉक्टर ने फॉर्म भरकर दिया, जिस पर अस्पताल की मुहर लगाने की जगह चाय स्टॉल वाले की मुहर लगाकर दे दी गई। यह गलती तब उजागर हुई, जब मरीज के परिजन ब्लड बैंक पहुंचे और उन्हें बताया गया कि फॉर्म मान्य नहीं है। अब डॉक्टर की लापरवाही का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मामला मेडिकल कॉलेज का है। शहर की रहने वाली 23 वर्षीय गर्भवती महिला को दो यूनिट खून की आवश्यकता थी, जहां ऑन डयूटी डॉ. रिया ने मरीज के तीमारदार को ब्लड की जरूरत बताते हुए ब्लड का फॉर्म भरकर दिया। फॉर्म पर अस्पताल की मुहर लगाने की जगह राम विलास टी स्टॉल, मेन गेट, जिला अस्पताल पीलीभीत की मुहर लगाकर दे दी गई। तीमारदार जब फॉर्म लेकर ब्लड बैंक पहुंचा तो उसे जानकारी हुई कि अस्पताल की मुहर के स्थान पर टी स्टॉल की मुहर लगा दी गई है। बस फिर क्या, मरीज के परिजनों ने भी पढ़े-लिखे समझदारों को खूब खरीखोटी सुनाईं। परिजनों में से ही किसी ने फॉर्म का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। मुहर लगाने वालों की समझ पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक के पर्चे पर लगाई गई टी-स्टॉल की मुहर।

## हादसे में घायल दो और बच्चों की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार रात हरख : जैदपुर मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्राली व मारुति वैन टक्कर में घायल दो बच्चों की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में अब तक पिता पुत्र समेत तीन की जान जा चुकी है। गत सोमवार की रात जैदपुर क्षेत्र में चंदौली पुलिया के पास ट्रैक्टर-ट्राली व वैन में टक्कर हो गई थी। सतरिख थाना के करौंदी कला निवासी निजामुद्दीन (35) परिवार के ही मो. आमान (12), बब्लू (30), नफीस (10), अरशद (8) व शाहनवाज (6) के साथ वैन से शादी में शामिल होने जा रहे थे। रात करीब आठ बजे चंदौली गांव में वैन ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। हादसे में निजामुद्दीन की मौत हो गई थी। वहीं उसके पुत्र शहनवाज (ढाई वर्ष) व अरशद (4) पुत्र शहाबुद्दीन समेत पांच को लखनऊ रेफर किया गया था। बुधवार को निजी अस्पताल में शहनवाज शाह व अरशद ने दम तोड़ दिया।

# युवती को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती का कुछ लोगों ने नशा सुंघाकर अपहरण कर लिया। इसके बाद उसे सीबीगंज थाना क्षेत्र के दो गांवों में ले गए और सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद युवती घर पहुंची तो परिजनों ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस को दी तहरीर में युवती ने बताया कि 31 मई की रात में वह अपने पिता की दुकान से सामान लेकर घर वापस लौट रही थी। रास्ते में उसका पड़ोसी गुड्डू व उसके साथ कुछ अज्ञात लोग मिल गए और मुंह पर कपड़ा रखकर बेहोश कर दिया। पीड़िता ने बताया कि जब उसे होश आया तो वह सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में थी। जिस मकान में उसे रखा गया, वह आरोपी के रिश्तेदार का है। आरोप है कि वहां उसके साथ दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया।

### आरोपियों ने पीड़िता को दी धमकी

युवती ने बताया कि रिश्तेदार के घर पर दुष्कर्म करने के बाद आरोपी उसे दूसरे गांव ले गए। वहां भी दुष्कर्म किया। वहां आरोपियों ने धमकी दी कि यदि कहीं भी शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर युवती अपने घर पहुंची और पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद परिजन युवती को लेकर थाना हाफिजगंज पहुंचे और गुड्डू व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### दुष्कर्म के बाद चलती रही पंचायत

मुकदमे से बचने के लिए आरोपी व उसके परिजनों के बीच गांव के कुछ लोग पंचायत करा रहे थे, लेकिन युवती के परिजनों ने पंचायत की राय के अनुसार आरोपी से शादी करने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर हाफिजगंज पवन कुमार सिंह ने बताया कि वह आरोपियों को तलाश कर रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेजेगी।

## फूलों की खेती किसानों के लिए प्रेरणादायक : डीएम

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** डीएम शशांक त्रिपाठी ने कोटवाकला के दफेदार पुरवा स्थित मोइनुद्दीन के पॉलिहाउस (फूलों की खेती) का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि किसान मोइनुद्दीन की सफलता की कहानी अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है। गांव के कई अन्य किसान भी अब फूलों की खेती की ओर रुख कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कोल्ड स्टोरेज में मौजूद आलू उत्पादक किसानों से भी मुलाकात की। जिलाधिकारी ने पॉलिहाउस के पास स्थित कोल्ड स्टोरेज का भी निरीक्षण किया। बता दें कि मोइनुद्दीन ने एक छोटे से पॉलीहाउस से शुरुआत की थी। अब उनका फूल उत्पादन एक एकड़ तक फैल चुका है। किसानों की सुविधा के लिए फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर सत्याग्रह एक्सप्रेस 10 मिनट रुकती है।


## वर्ग पहेली- 452

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।
4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।
5. 1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।
6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।
9. 1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा
3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।
2. 1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।
3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।
7. 1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।
8. 1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।



### वर्ग पहेली -451 का हल


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | ■ | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | ■ | ■ | खं | ■ | छो |
| ■ | 4 को | ■ | ड | ■ | ह |
| ■ | 5 हि | म | पा | त | ■ |
| ■ | नू | ■ | ठ | ■ | 6 मुँ |
| 7 भे | र | वी | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | 8 खि | ल | ना |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- दशमी 6 जून 02.15 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**- दक्षिण। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** – आज आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। अनुशासनहीनता के कारण दिनचर्या बिगड़ सकती है। बच्चे छुट्टी का आनंद उठाएंगे। कार्यक्षेत्र में काफी अच्छे परिणाम मिलेंगे। पैरों में खिंचाव हो सकता है। सेहत से जुड़े मामलों की अनदेखी न करें।

**वृष** – आज नए कार्यों की योजना बना सकते हैं। अपनी रुचि के अनुसार ही कार्य करें। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। व्यस्तता के कारण परिवार को समय मुश्किल से दे पाएंगे। छोटे बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को विरोध झेलना पड़ सकता है। अनजान व्यक्तियों पर अधिक विश्वास न करें। आपकी कार्यशैली की खूब प्रशंसा होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दांतों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क** – आज बुद्धिमत्ता से अटके हुए काम बना लेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों से आपको बेहतरीन लाभ प्राप्त हो सकता है। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़े व्यवसाय में प्रगति होगी। घर का वातावरण बहुत अच्छा रहने वाला है। दोस्तों के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे।

**सिंह** – आज मित्रता और प्रेम को लेकर आपकी सोच बदल सकती है। गोपनीय विषयों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। बच्चों को लेकर सुखद समाचार मिल सकते हैं। व्यवसाय में संघर्ष वाली परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। केवल बातों पर विश्वास करके कोई डील न करें।

**कन्या** – आज कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको विजय प्राप्त होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यस्थल में वाद-विवाद जैसी स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। योग और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि रहेगी।

**तुला** – आज आपका बजट गड़बड़ा सकता है। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान थोड़ी सावधानी रखें। आपके व्यक्तिगत कार्यों में व्यवधान आने की संभावना है। आलस्य के कारण अच्छे मौकों को चूक सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज व्यापार में अपेक्षानुसार धन लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में आप सहकर्मियों के ऊपर अपना प्रभाव डालेंगे। संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। संपत्ति से जुड़े विवादों का निवारण हो सकता है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**धनु** – आज लवमेट के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में बेहतरीन लाभ मिल सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की बातों का खंडन करने के बजाय उनका शांतिपूर्वक समाधान करें।

**मकर** – आज नया व्यापार शुरू करना चाहते हैं, तो उसकी पूरी योजना बना लें। आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। किसी बड़े काम के लिए लोग आपसे सलाह ले सकते हैं। सहकर्मी आपका उपहास कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज अपनी कमजोरी पर नियंत्रण कर लें। ससुराल पक्ष के साथ अपने संबंध मधुर रखें। बचपन के मित्रों से मुलाकात हो सकती है। अनावश्यक यात्राओं से बचना चाहिए। पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं से दोबारा परेशान होना पड़ सकता है।

**मीन** – आज करियर को लेकर सावधानी रखनी चाहिए। मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। लंबे समय से सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। जीवनसाथी का भावनात्मक सहयोग आपको प्राप्त होगा। नई वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

## सुडोकू -176

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | | | | | | | 3 | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| 7 | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | | | 8 | | | |

### सुडोकू - 175 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 2 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 4 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 3 | 1 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 2 | 4 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 |



## आरसीबी के आईपीएल फाइनल जीतने के बाद बेंगलुरु में एकत्रित प्रशंसकों की भीड़

# 35 हजार क्षमता, पहुंचे 3 लाख लोग

## अनियंत्रित प्रशंसक, तैयारियों में चूके अधिकारी, मातम में बदला जश्न

**बेंगलुरु, एजेंसी**

मुझे नहीं पता कि मेरी गलती क्या है? हमारे पास टिकट थे, आरसीबी के एक समर्थक ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर यह बात कही जो आईपीएल में टीम की जीत के जश्न को देखने आया था लेकिन भगदड़ में प्रशंसकों की मौत के बाद का मातम देखकर स्तब्ध था। वहीं एक प्रशंसक ने कहा कि क्षमता से अधिक भीड़ का पहुंचना लापरवाही उजागर करता है। स्टेडियम की क्षमता 35 हजार है, जबकि करीब 3 लाख भीड़ वहां पहुंच गई। भगदड़ में 33 चोटिल प्रशंसकों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा ।

आनन फानन में आयोजित इस कार्यक्रम के टिकट भी हड़बड़ी में बेचे गए । मुख्य द्वार नंबर 12 और 13 के अलावा क्लब हाउस प्रवेश द्वार नंबर 10 पर भी भारी भीड़ जमा हो गई जिन पर नियंत्रण के लिए पर्याप्त सुरक्षाबल नहीं था। दोपहर साढ़े तीन बजे तक प्रशंसकों की संख्या कई गुना बढ़ गई जिससे पुलिस और स्टेडियम के सुरक्षा अधिकारियों को सारे दरवाजे बंद करने पड़े ताकि वे लोग भीतर नहीं आ सकें जिनके पास टिकट नहीं था। अपने दोस्तों के साथ आये पोस्ट ग्रेजुएट छात्र प्रशांत शेट्टी ने कहा, हम अपने सितारों को देखने आए थे।

मैने समारोह के टिकट लिए थे लेकिन भीतर नहीं जा सका। पुलिस ने अचानक सारे रास्ते और दरवाजे बंद कर दिये और मुख्य द्वार के पास लाठीचार्ज शुरू कर दिया । उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि हमारी क्या गलती थी। हमें समारोह का न्यौता मिला था, हमने टिकट खरीदे थे लेकिन मार और गालियां खाई। हमारे जैसे प्रशंसकों के लिये भयावह दिन। करीब साढ़े चार बजे कुबोन पार्क मेट्रो स्टेशन से और भीड़ आ गई जिससे पुलिस को हल्का बलप्रयोग करना पड़ा। गेट नंबर दस पर बच्चे और महिला भगदड़ का शिकार हुए और पुलिस ने एक रिपोर्टर पर भी लाठी चलाई और स्थानीय भाषा में अपशब्द कहे। दूर से भी महिलाओं को बेहोश होकर गिरते देखना और प्रशंसकों को एक दूसरे को कुचलकर भागते देखना दुखद था। स्टेडियम के भीतर कार्यक्रम एक घंटे तक चला और टीम साढे छह बजे वापस लौट गई लेकिन प्रशंसक स्टेडियम के पास ही रहे जिससे ट्राफिक जाम हो गया और अफरा तफरी फैलती रही।

इस भगदड़ ने प्रशासन के कुप्रबंधन और लापरवाही को उजाहर कर दिया है। सरकार भले ही दावे कर रही हो कि सुरक्षा के लिए 5000 से अधिकर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था, लेकिन जिस परिवार ने किसी अपने को खो दिया, उसका दुख इस तर्क से कम नहीं किया जा सकता।

**33**
चोटिल प्रशंसकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

**5000**
से अधिक पुलिस कर्मी कार्यक्रम स्थल पर तैनात करने का दावा

**10**
नंबर गेट पर उमड़ी थी सबसे ज्यादा भीड़, नहीं थी पर्याप्त पुलिस

### गेट को धक्का देकर तोड़ने की कोशिश

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, चिन्नास्वामी स्टेडियम के गेट पर भगदड़ मच गई। जब यह हादसा हुआ, उस समय स्टेडियम का गेट नहीं खुला था और बड़ी संख्या में लोग एक छोटे से गेट को धक्का देकर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे कि इसी दौरान भगदड़ मच गई। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भगदड़ को लेकर दुख जताया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को छोटा कर दिया। कार्यक्रम 10 मिनट में ही खत्म हो गया। हम सब कुछ सामान्य बनाने की कोशिश कर रहे हैं। लाखों लोग आए थे।

### पिछले कुछ वर्षों में यहां मची भगदड़

**जनवरी 2025, महाकुंभ**
प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हुआ था। मौनी अमावस्या के दिन घाट पर भगदड़ मच गई और 30 लोगों की मौत हो गई थी।

**जनवरी 2025, तिरुपति मंदिर**
आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में वैकुंठ धाम दर्शन के लिए टोकन की बिक्री के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की जान चली गई थी, कई घायल हुए।

**दिसंबर 2024, हैदराबाद थियेटर हादसा**
को हैदराबाद के संध्या थिएटर में अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 का प्रीमियर के दौरान जब अल्लू थिएटर में पहुंचे तो समर्थकों की भीड़ उत्साहित हो गई और भगदड़ महिला की मौत हो गई थी।

**जुलाई 2024, हाथरस सत्संग**
उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के नाम से चर्चित नारायण साकार हरि के सत्संग कार्यक्रम में मची भगदड़ से 121 लोगों की मौत।

**मई 2025, गोवा मंदिर**
नॉर्थ गोवा के एक मंदिर में 3 मई को भगदड़ की वजह से 6 लोगों की जान गई थी और कई घायल हो गए थे।

**2023: इंदौर प्राचीन बावड़ी**
यहां के एक मंदिर में 31 मार्च 2023 रामनवमी के अवसर पर आयोजित हवन समारोह के दौरान एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई।

**एक जनवरी, 2022: वैष्णो देवी**
जम्मू कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन घायल हो गए।

**29 सितंबर, 2017: मुबंई**
मुंबई में प. रेलवे के एलफिंस्टन रोड स्टेशन को मध्य रेलवे के परेल स्टेशन से जोड़ने वाले संकरे पुल पर भगदड़ में 23 की मौत हो गई और 36 घायल हो गए।

**14 जुलाई, 2015: आंध्र प्रदेश**
यहां के राजमुंदरी में 'पुष्करम' उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर भगदड़ मचने से 27 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए।

**अक्टूबर, 2014: दशहरा समारोह**
पटना के गांधी मैदान में दशहरा समाराह समाप्त होने के तुरंत बाद भगदड़ मचने से 32 लोग मारे गए और 26 अन्य घायल हो गए।

### उपमुख्यमंत्री ने की अपील, शांत रहें और घबराएं नहीं

**बेंगलुरू।** चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने के बाद कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि भीड़ अनियंत्रित हो गई और पुलिस के लिए स्थिति को संभालना मुश्किल हो गया था, जिससे हमें जुलूस रोकना पड़ा। शिवकुमार ने लोगों से शांत रहने और नहीं घबराने की अपील की। उन्होंने पुलिस कमिश्नर और अन्य अधिकारियों से बात की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्थिति नियंत्रण में है। कार्यक्रम के दौरान कुप्रबंधन के लिए आयोजकों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, समारोह स्थल पर प्रशंसकों की भीड़ उमड़ने से भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। तस्वीरों में पुलिस को घायलों और बेहोश हुए लोगों को एंबुलेंस में डालकर पास के अस्पतालों में ले जाते हुए दिखाया गया।



चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने के लिए जद्दोजहद करती भीड़ पर लाठी भांजते पुलिसकर्मी। एजेंसी

### भाजपा ने कर्नाटक सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को आईपीएल में आरसीबी की जीत का जश्न मनाए जाने के दौरान बेंगलुरु में मची भगदड़ में हुई मौतों को लेकर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की आलोचना की और मांग की कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और गृह मंत्री जी. परमेश्वर इस घटना की जिम्मेदारी लें।

भाजपा की कर्नाटक इकाई के प्रमुख बी वाई विजयेंद्र ने सिद्धरमैया सरकार पर पुलिस पर दबाव डालने तथा बिना किसी तैयारी और पर्याप्त पुलिस तैनाती के समारोह आयोजित करने का आरोप लगाया। विजयेंद्र ने बेंगलुरु में कहा क्या उन्हें पता नहीं था कि लाखों लोग समारोह में आएंगे?

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस घटना के लिए कर्नाटक सरकार को जिम्मेदार ठहराया और जवाबदेही तय करने की मांग की।

### क्रिकेट के सितारों ने जताई संवेदना

मेरे पास कोई शब्द नहीं हैं, इस घटना से मैं पूरी तरह टूट गया हूं।
**– विराट कोहली, आरसीबी के सदस्य**

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में जो कुछ हुआ वह बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं हर पीड़ित परिवार के साथ हैं। सभी के लिए शांति और शक्ति की कामना करता हूं।
**– सचिन तेंदुलकर**

क्रिकेट के लिए यह एक दुखद दिन है। आरसीबी की जीत का जश्न मनाते हुए अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं, दुखद।
**– अनिल कुंबले**

प्रशंसक क्रिकेट और हमारे जीवन का दिल हैं। बेंगलूरू में हुई भगदड़ में हुई दुखद मौत दिल दहला देने वाली है। मेरी संवेदनाएं इस अकल्पनीय त्रासदी से प्रभावित परिवारों के साथ हैं।
**– इरफान पठान**

स्टेडियम के बाहर भगदड़ की दिल दहला देने वाली घटना ने उस खेल की भावना पर काला साया डाल दिया है जो हमारे देश भर में लाखों लोगों को एकजुट करती है। जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं इस कठिन समय में उनके साथ खड़ा हूं।
**– हरभजन सिंह**

बंगलूरू में विजय परेड में भगदड़ की खबर सुनकर दिल टूट गया। प्रभावित परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। उम्मीद है कि सभी सुरक्षित रहेंगे।
**– शिखर धवन**

जो जश्न का क्षण था वह एक अकल्पनीय त्रासदी में बदल गया। घटना से प्रभावित लोगों के प्रति मेरी संवेदना है। परिवारों को शक्ति मिले और दिवंगत आत्माओं को शांति मिले।
**– युवराज सिंह**

खुशी एक त्रासदी में बदल गई। भगवान उनके परिवारों को शक्ति प्रदान करें। एक क्रिकेटर होने के नाते, मैंने हमेशा बेंगलुरु में क्रिकेट प्रशंसकों के जुनून की प्रशंसा की है, यह घटना मेरे लिए झटका है। पता नहीं कैसे प्रतिक्रिया दूं!
**–मनोज तिवारी**

## राज्यपाल का सरकार से भगदड़ की वजह की जांच करने का आग्रह

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि वह उन खामियों की गहन जांच करे, जिनके कारण आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर दुखद घटना हुई। उन्होंने सरकार से मृतकों के परिवारों के लिए उचित मुआवजा और सहायता सुनिश्चित करने को भी कहा।

आरसीबी की पहली आईपीएल जीत का जश्न उस समय दुखद हो गया जब हजारों आरसीबी प्रशंसक टीम की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम के बाहर एकत्र हुए और भगदड़ मच गई। इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए गहलोत ने सरकार को आगाह किया कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि वह एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई दुखद घटना के लिए जिम्मेदार चूक की गहन जांच करे और मृतकों के परिवारों को उचित मुआवजा और सहायता सुनिश्चित करे।



### जश्न के नारों से लेकर दर्द की चीखों तक

**बेंगलुरु।** चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के बाद वहां जूते-चप्पलों के ढेर, खेलकूद के कपड़े और सामान के टुकड़े बिखरे हुए देखे गए। आरसीबी द्वारा पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के उपलक्ष्य में जैसे ही जश्न का माहौल शुरू हुआ, लाखों की संख्या में युवा पुरुषों और महिलाओं की भीड़ स्टेडियम के बाहर एकत्र हो गई। कई युवा विशाल वृक्षों की शाखाओं पर चढ़ने में सफल रहे, युवक खंभों से चिपके रहे और यहां तक कि विशाल दीवारों पर चढ़कर स्टेडियम में प्रवेश करने में सफल रहे, ताकि वे अपने सितारों की एक झलक पा सकें। कुछ भी उन्हें रोक नहीं सका और भीड़ बढ़ती गई तथा व्यस्त इलाके में आरसीबी के नारे लगने से सड़कों पर उत्सव का माहौल बन गया था।

## खरगे और राहुल ने कहा- सरकार सुरक्षा प्रोटोकॉल की करे समीक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु' (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाए जाने के दौरान आयोजन स्थल पर मची भगदड़ में कई लोगों की मौत पर बुधवार को दुख जताया और कहा कि राज्य सरकार को ऐसे आयोजनों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल की तुरंत समीक्षा करनी चाहिए और उन्हें मजबूत करना चाहिए।

खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आईपीएल, 2025 की जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु में हुई दुखद भगदड़ से मैं बहुत दुखी हूं। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में बहुमूल्य जिंदगियों की क्षति हुई है और कई लोगों को चोटें आई हैं, जो अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है, और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बेंगलुरु के लोगों के साथ खड़ी है और कर्नाटक सरकार द्वारा प्रभावित परिवारों को राहत और चिकित्सा सहायता प्रदान किए जाने के सभी प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

खरगे ने कहा, राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को ऐसी त्रासदी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए ऐसे आयोजनों के वास्ते सुरक्षा प्रोटोकॉल की तुरंत समीक्षा करनी चाहिए और उन्हें मजबूत करना चाहिए। जीत की खुशी कभी भी जान की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। राहुल गांधी ने पर पोस्ट किया, आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई दुखद भगदड़ दिल दहला देने वाली है।



बेंगलूरु के एक स्टेडियम में हुई दुखद घटना में लोगों की मौत खौफनाक और हृदयविदारक है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।
**– द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**



बेंगलुरु में हुई दुखद भगदड़ से मैं बहुत दुखी हूं। ।मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है, मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।
**– मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**



बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई दुखद भगदड़ दिल दहला देने वाली है। उन परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। सभी घायलों के शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं।
**– राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**



बेंगलुरु में स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने के बाद बेसुध हुए युवक को अस्पताल ले जाते लोग। एजेंसी

## एक नजर

### अडानी एयरपोर्ट्स ने जुटाए 75 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड ने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के समूह से बाहरी वाणिज्यिक उधारी के माध्यम से 75 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण प्राप्त किया है। कंपनी ने बुधवार को कहा कि प्राप्त वित्तपोषण का एक हिस्सा मौजूदा 40 करोड़ डॉलर के ऋण के पुनर्वित्त में लगाया जाएगा जबकि शेष धनराशि का उपयोग देश के प्रमुख हवाईअड्डों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन में इस्तेमाल होगा।

### मौसमी कारकों और मांग में तेजी से बढ़ा ट्रक किराया

**मुंबई।** मांग में तेजी और मौसमी कारकों से मई में देश में ट्रकों के किराए में बढ़ोतरी हुई है। श्रीराम मोबिलिटी के बुलेटिन के अनुसार, गर्मियों के फलों की बागवानी केंद्रों में आवक ने उपभोग को बढ़ावा दिया, जिससे बेड़े की ऑक्यूपेंसी बेहतर हुई। दिल्ली-कोलकाता मार्ग पर ट्रक किराया मासिक आधार पर 1.9 प्रतिशत वहीं बेंगलुरु-मुंबई और दिल्ली-मुंबई मार्गों पर क्रमश: 1.6 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात

## आयात में विविधता के लिए शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों पर नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत का अमेरिका को निर्यात बढ़ रहा है और वह अपने आयात में विविधता लाने के लिए अमेरिका से शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों का आयात बढ़ा सकता है। इसका कारण अमेरिका में इन वस्तुओं की कीमतों का कम होना है।

एक अधिकारी के मुताबिक दोनों देशों के अधिकारी प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर इस सप्ताह यहां अगले दौर की बातचीत शुरू करेंगे। हालांकि, भारत अमेरिका के साथ एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते की तलाश कर रहा है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में हमें जो मिलता है, वह निर्धारित करेगा कि हम समझौते में आखिरकार क्या अंतिम रूप देते हैं।



● भारत की मंशा अमेरिका के साथ संतुलित और पारस्परिक तौर पर लाभकारी व्यापार समझौते की

यह पूछे जाने पर कि क्या नौ जुलाई से पहले किसी तरह के अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है, अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में बहुत सारी अनिश्चितताएं हैं। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की इस्पात पर शुल्क बढ़ाने की योजना और शुल्क पर अमेरिकी अधिकारियों के फैसले के खिलाफ अदालत के आदेश पर रोक जैसे घटनाक्रम हैं।

उन्होंने कहा कि लेकिन अनिश्चितताओं के बीच, भारत को ऐसे रास्ते तलाशने होंगे जो देश के लिए अच्छे हों। अधिकारी ने कहा, निर्यात बढ़ रहा है...ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें हम अमेरिका से खरीद सकते हैं। उदाहरण के लिए शैल गैस, एलएनजी, कच्चा तेल। हमारे स्रोत जितने विविध होंगे, हमारे लिए उतना ही अधिक लाभ होगा। अमेरिका में कीमतें भी कम हैं।

अधिकारी ने कहा कि अमेरिका भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत के पक्ष में व्यापार अधिशेष की स्थिति है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में नौकरियां अमेरिका को होने वाले निर्यात से जुड़ी हैं। भारत ने पहले ही इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखा है।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एमपीसी की बैठक शुरू

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। इसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती का फैसला लिया जा सकता है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिन तक चलने वाली बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू परिवेश को देखते हुए नीतिगत दर पर विचार किया जाएगा। एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी शुक्रवार को दी जाएगी। इसके पहले आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल में हुई पिछली दो मौद्रिक समीक्षा बैठकों में प्रमुख ब्याज दर रेपो में कुल 0.50 प्रतिशत की कटौती की है।

### गिरावट थमी, 261 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 261 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 78 अंक की तेजी आई।

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 260.74 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,998.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 349.78 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 77.70 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,620.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) 3.32 प्रतिशत के लाभ में रही।

# भारत ने पाकिस्तान को एडीबी की सहायता का किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा पाकिस्तान को किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता दिए जाने का कड़ा विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एडीबी ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्तीय सहायता को अनुमोदित किया था। इसमें 30 करोड़ डॉलर नीति आधारित ऋण है और 50 करोड़ डॉलर नीति आधारित गारंटी के तहत दिया जा रहा है।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत ने एडीबी संसाधनों के संभावित दुरुपयोग के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से पाकिस्तान के बढ़ते रक्षा व्यय, उसके घटते कर जीडीपी अनुपात और प्रमुख व्यापक आर्थिक सुधारों पर स्पष्ट प्रगति की कमी का हवाला देते हुए यह विरोध जताया है। भारत ने एडीबी को अपने संसाधनों के




● एडीबी ने किया 80 करोड़ डॉलर की मदद का अनुमोदन, भारत ने जताई दुरुपयोग की आशंका

दुरुपयोग की संभावना के बारे में भी आगाह किया है।

सूत्रों ने कहा कि विकास के विपरीत, अपनी सेना पर व्यय में वृद्धि के बीच पाकिस्तान के संबंध को केवल उसके घरेलू संसाधन जुटाने के संदर्भ में पूरी तरह नहीं समझाया जा सकता। भारत ने इस पर प्रकाश डाला कि जीडीपी के हिस्से के रूप में पाकिस्तान का कर संग्रह वित्त वर्ष 2018 में 13.0 प्रतिशत था जो 2023 में घटकर 9.2 प्रतिशत रह गया। यह एशिया और प्रशांत क्षेत्र के औसत 19.0 प्रतिशत से काफी कम बना हुआ है।

# भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मोटे तौर पर स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में मोटे तौर पर स्थिर रही। इसे मांग की बेहतर स्थिति, नए ग्राहक मिलने आदि जैसे कारकों से समर्थन मिला। बुधवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में 58.8 रहा जो अप्रैल में 58.7 पर था। यह आंकड़ा विस्तार की एक और तीव्र दर का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब



● नए ऑर्डर में वृद्धि से सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाई

गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।

एचएसबीसी में भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत का सेवा पीएमआई मई 2025 में 58.8 रहा जो हालिया वृद्धि के अनुरूप मोटे तौर पर स्थिर है। मजबूत अंतरराष्ट्रीय मांग ने सेवा गतिविधि को बढ़ावा देना जारी रखा, जैसा कि अप्रैल से नए निर्यात व्यापार सूचकांक में उछाल से स्पष्ट है।

सर्वेक्षण के अनुसार, नए ऑर्डर में तीव्र वृद्धि हुई, जो मुख्य रूप से विज्ञापन, मांग की मजबूती और मौजूदा ग्राहकों से दोबारा मिले ऑर्डर के कारण हुई। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारी भर्ती में वृद्धि की है। वास्तव में, रोजगार सूचकांक इस सर्वेक्षण में अब तक दर्ज किए गए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। सर्वेक्षण में शामिल करीब 16 प्रतिशत सदस्यों ने वेतन वृद्धि की बात कही, जबकि एक प्रतिशत ने गिरावट का संकेत दिया।

### फ्लिपकार्ट की शाखा ने 583 करोड़ में बेची 6% हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट की इकाई फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट्स ने आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) में अपनी पूरी छह प्रतिशत हिस्सेदारी बुधवार को 583 करोड़ रुपये में बेच दी। फ्लिपकार्ट इन्वेस्टमेंट्स फ्लिपकार्ट प्राइवेट लिमिटेड (एफपीएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। एफपीएल अमेरिका स्थित वॉलमार्ट समूह का हिस्सा है। 'पीटीआई-भाषा' के पास मौजूद 'टर्म शीट' के अनुसार, एबीएफआरएल के 7.31 करोड़ शेयर 79.50 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेचे गए। यह मंगलवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर एबीएफआरएल के 86 रुपये के बंद भाव से करीब 7.6 प्रतिशत कम है। गोल्डमैन सैक्स इस सौदे का एकमात्र 'बुकरनर' है। इस लेनदेन में 7.31 करोड़ शेयर की बिक्री शामिल है, जो मुंबई स्थित एबीएफआरएल की करीब छह प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

# अच्छे मानसून से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान

**मुंबई, एजेंसी**

देश में इस वर्ष सामान्य से बेहतर मॉनसून की संभावनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंक दी है और इससे कृषि एवं एफएमसीजी क्षेत्र की आय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। स्मॉलकेस मैनेजर गोलफाई की बुधवार को जारी रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि यदि मानसून की तीव्रता और वितरण कृषि क्षेत्रों में अनुकूल बना रहता है, तो वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में कृषि-आधारित क्षेत्रों में 10-15 प्रतिशत तक की सालाना आय वृद्धि संभव है।

इससे ट्रैक्टर, कृषि इनपुट, ग्रामीण एनबीएफसी और टिकाऊ उपभोक्ता



● कृषि आधारित क्षेत्रों में 10 से 15 प्रतिशत तक सालाना आय वृद्धि संभव

● एफएमसीजी क्षेत्र की आय में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद

वस्तुओं जैसे क्षेत्रों को सीधा लाभ होगा। गोलफाई का मानना है कि खाद्य महंगाई में नरमी और अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.16 प्रतिशत पर आने जैसे संकेत भारतीय रिजर्व बैंक को 06 जून की मौद्रिक नीति बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

यदि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से नीचे बनी रही तो अगस्त तक और 0.25 प्रतिशत की कटौती संभव है। इस तरह की मौद्रिक नरमी आवास, ऑटो और ऋण आधारित खपत क्षेत्रों में मांग को गति दे सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण आय में तेज सुधार के कारण एफएमसीजी, दोपहिया वाहन और कृषि उपकरणों जैसे खपत आधारित क्षेत्रों में छह से आठ प्रतिशत की बिक्री वृद्धि संभव है। डाबर, मैरिको, इमामी, हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी कंपनियों को ग्रामीण बाजारों से अच्छे ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### थाने में पत्रकारों की पिटाई पर सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से उन दो पत्रकारों की याचिका पर बुधवार को जवाब मांगा, जिन्होंने आरोप लगाया है कि अवैध रेत खनन पर रिपोर्टिंग करने के कारण राज्य के एक थाने में उनके साथ मारपीट की गई। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने दोनों पत्रकारों को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने से इन्कार कर दिया। पीठ ने पत्रकार शशिकांत गोयल और अमरकांत सिंह चौहान की याचिका पर मध्य प्रदेश एवं दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

### देश में कोविड-19 के मामले बढ़कर 4,302

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार सुबह आठ बजे तक कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,302 हो गई है, जबकि मंगलवार को यह संख्या 4,026 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक दो और मौतों के साथ इस साल मरने वालों की संख्या सात हो गयी है। पिछले 24 घंटों में करीब 300 नए संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

### हैदराबाद में ट्रॉली बैग में मिला महिला का शव

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचुपल्ली में बुधवार को एक अज्ञात महिला का शव ट्रॉली बैग में मिला, जिसे झाड़ियों में फेंक दिया गया था। पुलिस के अनुसार महिला की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच लग रही है और संदेह है कि उसकी हत्या कहीं और की गई और शव ट्रॉली बैग में डालकर फेंक दिया गया। अनुमान है कि शव को करीब 10-15 दिन पहले ट्रॉली बैग में डाला गया था। महिला की मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस संबंधम में बाचुपल्ली थाने में एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

### विमान को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकली

**पटना।** गुजरात के अहमदाबाद से पटना आने वाली इंडिगो की एक उड़ान को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे यहां हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में यह धमकी फर्जी निकली। उन्होंने बताया कि उड़ान संख्या 6ई921 के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपराह्न 12.45 बजे उतरने से कुछ समय पहले मिली। उन्होंने बताया कि इस विमान में 192 यात्री सवार थे। हालांकि, अधिकारियों ने यह बताने से इनकार कर दिया कि धमकी भरा संदेश कैसे आया।

# राहुल का बयान देशद्रोह से कम नहीं

## भाजपा अध्यक्ष का पलटवार- नेहरू-गांधी परिवार के आत्मसमर्पणों से भरा है इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आत्मसमर्पण वाले बयान की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि यह न केवल सशस्त्र बलों और देश का घोर अपमान है, बल्कि यह देशद्रोह से कम नहीं है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि यदि किसी पाकिस्तानी ने ऐसा दावा किया होता तो हम उस पर हंसते।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मचाई गई तबाही के बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी ऐसा कहने की हिम्मत नहीं की लेकिन राहुल गांधी ऐसा बोल रहे हैं! उन्होंने कहा, यह देशद्रोह से कम नहीं है। नड्डा ने 'एक्स' पर



● अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में प्रधानमंत्री मोदी के आत्मसमर्पण के बयान पर जताई तीखी प्रतिक्रिया

कई पोस्ट में कहा, राहुल गांधी, आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है लेकिन भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता।

उन्होंने कहा, आत्मसमर्पण आपकी पार्टी कांग्रेस के शब्दकोश में है, आपके डीएनए में है। आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते को लेकर आत्मसमर्पण किया, और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने पड़ोसी देश के समर्थन में बोलने में पाकिस्तानी सेना प्रमुख, उसके प्रधानमंत्री और वहां के आतंकवादी सरगनाओं को भी पीछे छोड़ दिया है। आरोप लगाया राहुल गांधी के कटाक्ष बीमार और खतरनाक मानसिकता को दर्शाते हैं। त्रिवेदी ने भारत की प्रतिष्ठा को कमतर आंकने के लिए पाकिस्तानी सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री के उपनामों का उपयोग करते हुए गांधी को 'राहुल मुनीर' और 'राहुल शरीफ' कहा।

### कांग्रेस ने फिर कहा- मोदी जी, 'नरेंदर बनिए सरेंडर' नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर हमला किया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, सैन्य कार्रवाई के दौरान जब बहादुर भारतीय सेना ने पाकिस्तान की गर्दन दबोच रखी थी, तभी ट्रंप का एक फोन आता है और मोदी ने सरेंडर कर दिया। ट्रंप ने कई बार कहा कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है लेकिन मोदी जी ने इसका कभी जवाब नहीं दिया। ये जवाब देंगे भी नहीं, क्योंकि नाम नरेंदर, काम सरेंडर-ये असलियत और हकीकत है। देश के अंदर सारी नीतियां ट्रोल्स चला रहे हैं और विदेश नीति एक ऐसे व्यक्ति चला रहे हैं जो सरेंडर कर चुके हैं।

### शाहदरा के गुरुद्वारे की भूमि पर वक्फ का दावा खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड का शाहदरा की एक संपत्ति (जहां गुरुद्वारा है) पर दावा जताने वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने वक्फ बोर्ड की विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिका में 2010 के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने वक्फ बोर्ड के दावे को खारिज कर दिया था। मामला 1980 के दशक का है, जब दिल्ली वक्फ बोर्ड ने हीरा सिंह (अब मृतक) के खिलाफ शाहदरा के एक गांव में स्थित एक मस्जिद के कब्जे के लिए मुकदमा दायर किया था। बोर्ड ने तर्क दिया कि संपत्ति वक्फ की संपत्ति थी। प्रतिवादी ने दावे को विवादित बताते हुए तर्क दिया कि केस समयसीमा पार कर चुका और दावा किया कि संपत्ति उसे मोहम्मद ने बेची थी।

# प्रदूषणकारी ईंधन से चलने वाली बसों की 2026 से दिल्ली में नो एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से जारी किया निर्देश

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बुधवार को निर्देश दिया कि सीएनजी, बिजली या नवीनतम बीएस-6 डीजल जैसे स्वच्छ ईंधन से न चलने वाली किसी भी बस को एक नवंबर 2026 से दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

यह आदेश दिल्ली में प्रवेश करने वाली सभी बसों पर लागू होगा, जिनमें अखिल भारतीय पर्यटक परमिट और स्कूल बस परमिट के तहत चलने वाली बसों समेत विभिन्न श्रेणी की बस शामिल हैं। हालांकि, दिल्ली में पंजीकृत बसों को छूट दी गई है। दूसरे राज्यों की पुरानी और प्रदूषणकारी बसों से दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ता है। भले ही स्वच्छ ईंधन वाली बस अब अधिक आम हैं, लेकिन राजधानी में आने वाली कई बसों में अब भी अस्वच्छ ईंधन का उपयोग किया जाता है।

आयोग ने पहले हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और जम्मू कश्मीर समेत विभिन्न राज्यों को 2024 के मध्य या 2025 की शुरुआत तक स्वच्छ ईंधन वाली बसों का इस्तेमाल करने के लिए कहा था।

### ईडी ने गोवा भूमि घोटाले के सरगना को किया गिरफ्तार

**पणजी।** ईडी ने गोवा में करोड़ों के भूमि घोटाले के सरगना रोहन हरमलकर को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वह 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव में कुम्भरजुआ से निर्दलीय उम्मीदवार रहा है। पणजी की एक विशेष अदालत ने उसे 14 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने दावा किया कि छापों और तलाशी के बाद हुई जांच के दौरान हरमलकर फरार रहा। धन शोधन का यह मामला गोवा पुलिस की एक प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि हरमलकर और अन्य आरोपियों ने छद्म नाम, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और राजस्व अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ आदि के जरिये वास्तविक संपत्ति मालिकों के साथ धोखाधड़ी की है।

# अपशिष्ट निपटान के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से कोर्ट का इन्कार

**1984 भोपाल गैस त्रासदी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के खतरनाक अपशिष्ट को जलाने के खिलाफ दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई से बुधवार को इनकार कर दिया। इस त्रासदी में 5,479 लोगों की जान चली गई थी और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए थे। कोर्ट ने जहरीले कचरे को स्थानांतरित करने और धार जिले के पीथमपुर क्षेत्र में निपटान करने के मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश में 27 फरवरी को हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति संजय करोल और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने वकील से पूछा, आप मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के समक्ष इस प्रयास में विफल रहे हैं। आपने इस अदालत के समक्ष भी इसे रोकने का प्रयास किया था। कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया गया। अब छुट्टियों के दौरान, आप चाहते हैं कि हम यह सब रोक दें।

### रक्षा अलंकरण



नई दिल्ली में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में बुधवार को 92 सैन्यकर्मियों को विशिष्ट सेवा सम्मान मिला। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति से परम विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त करते लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजला। एजेंसी

# भारत में प्राकृतिक आपदाओं के कारण एक दशक में 3.2 करोड़ लोग विस्थापित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में बाढ़ और तूफान समेत अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण वर्ष 2015 से 2024 के बीच 3.23 करोड़ लोगों का आंतरिक विस्थापन दर्ज किया गया। किसी देश के अंदर विस्थापित होने वालों की संख्या के लिहाज से चीन और फिलीपीन के बाद भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है।

जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान आपदाओं के कारण 210

● जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र की रिपोर्ट

देशों और क्षेत्रों में 26.48 करोड़ लोगों का आंतरिक विस्थापन हुआ या उन्हें मजबूरी में विस्थापित होना पड़ा। पूर्व और दक्षिण एशिया सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र रहे। रिपोर्ट में कहा गया है, देशों के स्तर पर, पिछले दशक में बांग्लादेश, चीन, भारत, फिलीपीन और अमेरिका में दर्ज विस्थापन के आंकड़े सबसे अधिक रहे।

चीन में 4.69 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ जबकि फिलीपीन में यह आंकड़ा 4.61 करोड़ रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर 90 फीसदी आपदा जनित विस्थापन बाढ़ और तूफान का परिणाम था। इसमें कहा गया है, वर्ष 2015 से 2024 के बीच दुनिया के अधिकांश आपदा जनित विस्थापनों का कारण तूफान रहा जिसके चलते 12.09 करोड़ लोग विस्थापित हुए। इसी अवधि में बाढ़ से 11.48 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ। वर्ष 2020 में वैश्विक स्तर पर तूफान से विस्थापनों में 'अम्फान' सहित अन्य चक्रवातों का योगदान लगभग 92 प्रतिशत है।

### एससीएओआरए अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कर रहा है काम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष ने बुधवार को सीजेआई बीआर गवई को पत्र लिखकर शीर्ष अदालत की 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' एसोसिएशन (एससीएओआरए) पर अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम करने का आरोप लगाया। दावा किया कि एससीएओआरए ने शीर्ष कोर्ट के सामान्य बुनियादी ढांचे और बार सदस्यों से जुड़े मामलों पर संचार जारी किया था। एससीबीए अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि वह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि इस संस्था का कामकाज सुसंगत, अनुशासित रहने के साथ अतिक्रमण या टकराव से मुक्त रहे, खास तौर पर बार या सुप्रीम कोर्ट के बुनियादी ढांचे के सामान्य हितों से संबंधित मामलों में। सिंह ने बार में एकीकृत राय को बढ़ावा देने, निर्बाध सहयोग और संस्थागत शुचिता के प्रति सम्मान सुनिश्चित करने तथा बार एवं पीठ के बीच सामंजस्य बनाए रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

# अमेरिकी कदमों से भारतीय छात्र प्रभावित, फिर भी सरकार चुप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के कदमों के कारण बड़ी संख्या में भारतीय छात्र प्रभावित हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर इस मामले में पूरी तरह चुप हैं, हालांकि यह आश्चर्य की बात नहीं हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, विदेश मंत्रालय के अनुसार 2024 में 3,37,630 भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गए। अमेरिकी शैक्षणिक परिसरों में एक तिहाई विदेशी छात्र भारत से हैं। अमेरिका गए छात्र अनिश्चित भविष्य का

● कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पर कटाक्ष

सामना कर रहे हैं तथा 2025 में वहां जाने की योजना बना रहे बड़ी संख्या में छात्रों की आकांक्षाएं शायद पूरी न हो पाएं। उन्होंने कहा, ट्रंप ने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। चीनी छात्रों को लेकर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है लेकिन हमारे प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री चुप हैं। रमेश ने कहा, वे ऑपरेशन सिंदूर को केवल चार दिनों के बाद बंद करने के राष्ट्रपति ट्रंप के दावों पर पूरी तरह चुप हैं और उन्होंने इस पर चिंता का एक शब्द भी नहीं कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यों से भारतीय छात्रों और उनके परिवारों पर कितना बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

# बेंगलुरु में आरसीबी के लिए बिछे पलक-पांवड़े

## बड़ी संख्या में प्रशंसकों ने टीम का किया गर्मजोशी से अभिवादन, विराट कोहली की झलक पाने को रहे बेताब

बेंगलुरु, एजेंसी



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बुधवार दोपहर जब यहां पहुंची तो हवाई अड्डे के बाहर सड़क पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में खड़े प्रशंसकों ने उनका अभिवादन किया। प्रशंसक करिश्माई विराट कोहली के साथ टीम के खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। यही हाल चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भी दिखा जहां प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम का राज्य के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया। शिवकुमार ने कहा, विराट कोहली ने पिछले 18 सालों से अपना अनुभव, अपना प्यार और अपना दिल (आरसीबी को) देकर हमारे राज्य को गौरवान्वित किया है। मैं अपने राज्य के सभी युवाओं की तरफ से उनके प्रति प्यार और सम्मान लेकर यहां खड़ा हूं। उन्होंने कहा, कर्नाटक सरकार की ओर से हम इस अभियान में शामिल सभी को बधाई देते हैं। मैं उनकी निरंतर सफलता की कामना करता हूं। 18 साल का संघर्ष कोई छोटी बात नहीं है। विधान सौध (विधानसभा) में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यालय के रास्ते में सड़क के दोनों ओर खड़े प्रशंसकों ने चैंपियन टीम का उत्साह बढ़ाया। आरसीबी ने मंगलवार को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर 18 साल में अपना पहला खिताब जीता था। यह टीम के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के लिए बड़ी उपलब्धि है। कोहली लीग की शुरुआत से केवल इसी फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद आरसीबी के खिलाड़ी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रशंसकों से मुखातिब होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा विशेष अनुमति दिए जाने के बाद विधान सौध से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली बस परेड भी शाम पांच बजे शुरू होगी। इससे पहले बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस के एक्स पर जारी बयान के अनुसार विधान सौधा से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली छत वाली बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती है। आरसीबी ने 'एक्स' पर लिखा, हम सभी प्रशंसकों से पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने का अनुरोध करते हैं, ताकि सभी लोग शांतिपूर्वक इसका मजा ले सकें। चिसोशल मीडिया पर साझा तस्वीरों और वीडियो में कोहली को ट्रॉफी पकड़े हुए और टीम के बस मार्ग पर खड़े हजारों प्रशंसकों को सुखद आश्चर्य से देखते हुए देखा जा सकता है।

### सरकार ने किया विधान सौध में चैंपियन आरसीबी का स्वागत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को 18 साल में पहला आईपीएल खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू टीम को सम्मानित किया । कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम का विधान सौध के सामने बनी भव्य सीढियों पर स्वागत किया । एक छोटे से कार्यक्रम में खिलाड़ियों को मैसुरू फेटा (पारंपरिक पगड़ी), शॉल और पुष्पमाला पहनाई गई । इस कार्यक्रम को देखने के लिये बड़ी तादाद में प्रशंसक जमा थे ।



### तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली

**अहमदाबाद।** 18 साल के इंतजार के बाद आईपीएल ट्रॉफी जीतने के साथ विराट कोहली ने अपना हाल-ए-दिल इंस्टाग्राम पर लिखा, इस टीम ने सपना सच कर दिया। इस सत्र को मैं कभी नहीं भुला सकूंगा। यह आरसीबी के सभी प्रशंसकों के लिए है, जिन्होंने खराब से खराब समय में भी टीम का साथ नहीं छोड़ा। यह बरसों की निराशाओं और दिल टूटने के सिलसिले के लिए है। यह टीम के लिए खेलते समय एक ही पल के योगदान के लिए है। कोहली ने कहा, जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है तो तुमने मुझे तुम्हे थामने और जश्न मनाने के लिए 18 साल तक इंतजार कराया, लेकिन यह पल इंतजार के लायक था। वहीं उन्होंने इंस्टाग्राम स्टेटस पर दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व धुरंधर एबी डिविलियर्स के साथ तस्वीर साझा की है, जिसमें उन्होंने आईपीएल ट्रॉफी को थामा हुआ है। कैप्शन में लिखा, समान रूप से तुम्हारी भी बिस्कोटी (दोनों एक दूसरे को प्यार से यही बुलाते हैं) वहीं दूसरे स्टेटस में फिल साल्ट के साथ ट्रॉफी को थामे हुए तस्वीर डाली है। इसमें कैप्शन में लिखा है, शानदार प्रदर्शन पार्टनर।

### चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ने वंशिका से की सगाई

**कानपुर, अमृत विचार।** भारतीय टीम के गेंदबाज कुलदीप यादव ने बुधवार को अपनी बचपन की दोस्त वंशिका से सगाई कर ली। यह समारोह लखनऊ में हुआ। वंशिका कानपुर के श्याम नगर की रहने वाली हैं। कुलदीप और वंशिका बचपन से ही एक दूसरे को जानते हैं। जानकारी के अनुसार वंशिका ऑस्ट्रेलिया में जॉब करती हैं और उनके पिता एलआईसी में अधिकारी हैं। लखनऊ में हुये समारोह में कुलदीप के परिवार समेत क्रिकेटर रिंकू व यूपी के कई क्रिकेटर भी शामिल हुए। अपने संघर्ष और मेहनत के बल में टीम इंडिया में जगह बनाने वाले कुलदीप पूरे विश्व में चाइनामैन बॉलर के रूप में जाने जाते हैं। वह सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में गिने जाते हैं। उन्होंने भारतीय टीम और आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम से खेलते हुए कई मुकाम हासिल किए। कुलदीप यादव का जन्म उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में 14 दिसंबर 1994 को हुआ था। इसके बाद पढ़ाई और प्रशिक्षण के लिए पिता परिवार सहित कानपुर शिफ्ट हो गए थे।



# अनुभवहीनता से हमें नुकसान हुआ, युवा टीम भविष्य में बहुत कुछ जीतेगी: पोंटिंग

अहमदाबाद, एजेंसी



पंजाब किंग्स के मुख्य को रिकी पोंटिंग ने माना कि आरसीबी के खिलाफ आईपीएल के फाइनल में लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम को मध्यक्रम में अनुभव की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ने उम्मीद जताई कि टीम के युवा खिलाड़ी भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन फाइनल में आरसीबी से 6 रन की हार के साथ समाप्त हुआ।

पोंटिंग ने मैच के बाद कहा कि आप महसूस कर सकते हैं कि शायद थोड़ी सी अनुभवहीनता से हमें हार का सामना करना पड़ा। आज मध्यक्रम में थोड़ा सा अनुभव शायद हमारी मदद कर सकता था। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वे आगे चलकर हमारे लिए कई मैच जीतने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही लेकिन मैच के आगे बढ़ने के साथ यह धीमी होती चली गयी। पोंटिंग ने हालांकि हार के लिए कोई 'बहाना' बनाने से इन्कार कर दिया।

दूसरी पारी में पिच के बदले मिजाज पर उन्होंने कहा कि नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता। हम कोई बहाना नहीं बनाना चाहते हैं। शशांक ने मैच के बाद कहा कि यह पूरे सत्र की सबसे अच्छी विकेट थी। हमने मैच के अहम चरण में लय गवां दी। हम पावरप्ले के आखिरी ओवरों में थोड़ा पिछड़ने लगे थे। हमने इसके बाद जरूरी मौकों पर अपने अहम विकेट गंवा दिये। पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम आरसीबी को 190 रन पर रोककर संतुष्ट थी। उन्होंने कहा कि आरसीबी को भी लगा होगा कि उन्होंने थोड़े कम रन बनाये है। हम हालांकि लक्ष्य का पीछा करते समय अच्छा नहीं खेल सके। पोंटिंग ने कहा कि मैंने सत्र शुरू होने से पहले मुल्लांपुर में श्रेयस (अय्यर) के साथ कहा था... यह एक बेखौफ, आक्रमण और अलग टीम बनाने के बारे में था।

# नए कैप्टन कूल के तौर पर उभरे अय्यर



नई दिल्ली, एजेंसी

- धोनी व रोहित के बाद श्रेयस टीम को आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के 10 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने वाले श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने से बेहद मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन उन्होंने खुद को एक ऐसे कप्तान के रूप में स्थापित कर लिया है जिसकी भारत को शायद भविष्य में जरूरत हो सकती है। महेंद्र सिंह धोनी व रोहित शर्मा के बाद अय्यर आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान हैं। उनकी यह उपलब्धि बेहद खास है क्योंकि उन्होंने पांच सालों में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ऐसा किया है। यह एक ऐसे खिलाड़ी के लिए बड़ी बात है, जिसे इस महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। केकेआर ने पिछले साल उन्हें जाने दिया क्योंकि फ्रेंचाइजी को बड़ी रिटेंशन फीस की उनकी मांग उचित नहीं लगी। केकेआर का यह नुकसान पंजाब किंग्स के लिए एक बड़ा फायदा साबित हुआ। पंजाब की टीम को इस खिलाड़ी के रूप में समझदार और जज्बे वाला कप्तान मिला।

शुभमन गिल की कप्तानी की परीक्षा अभी नहीं हुई है। उन्हें इंग्लैंड में कप्तान के रूप में कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, लेकिन 3 जून 2025 के बाद श्रेयस संतोष अय्यर को भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माना जाना चाहिए। अय्यर की कप्तान में अपनी समझदारी के साथ महेंद्र सिंह धोनी जैसा संयम और विराट कोहली जैसा आक्रामक रवैया के साथ मुंबई के उनके सीनियर रोहित शर्मा की तरह बिंदास मुंबईकर के मिश्रण का पुट दिखा।

आईपीएल के फाइनल में हार के बावजूद अय्यर के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने निराशा को पीछे छोड़ते हुए कहा, अभी काम आधा बाकी है, हमें अगले साल जीतना है। इंग्लैंड के लिए टीम में उनका न होना पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग के लिए भी काफी हैरानी भरा रहा। पोंटिंग ने आईपीएल प्लेऑफ से पहले आईसीसी रिव्यू में कहा था कि मैं वास्तव में बहुत दुखी था लेकिन उसने इसे बहुत अच्छे से स्वीकार कर लिया है और वह आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि उनकी आंखों में हर बार अच्छा प्रदर्शन करने की ललक रहती है। वह हर मैच को जीतना चाहता है और एक सर्वश्रेष्ठ कप्तान के रूप में विकसित होना चाहता है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का यह बयान काफी मायने रखता है। पोंटिंग ने यह बात सिर्फ फ्रैंचाइजी कप्तान का समर्थन करने के लिए नहीं कही। 2017 में जब गौतम गंभीर ने बीच सत्र में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया, तो पोंटिंग की सलाह पर अय्यर दिल्ली आईपीएल फ्रैंचाइजी के कप्तान बने।

## खेल डायरी



इंग्लैंड के लीसेस्टर में अप्टनस्टील काउंटी ग्राउंड पर इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान वेस्टइंडीज की करिश्मा रामहरैक द्वारा आउट किए जाने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करतीं इंग्लैंड की एमी जोन्स।

### इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन का भारत में टेस्ट खेलना संदिग्ध

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गुस एटकिंसन का हैमस्ट्रिंग चोट से भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। भारत और इंग्लैंड जून से पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। गेंदबाज गुस एटकिंसन का भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है क्योंकि उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। 27 वर्ष के एटकिंसन को जिम्बाब्वे में पिछले महीने टेस्ट के दौरान चोट लगी थी, जिससे वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीती श्रृंखला में नहीं खेल सके।

### क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम

**अंताल्या (तुर्किये)।** मधुरा धमनगांवकर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कंपाउंड महिला क्वालीफिकेशन दौर में चौथा स्थान हासिल किया, जिससे भारतीय टीम को तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में तीसरी वरीयता और क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला। तीन साल बाद पिछले महीने अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर शानदार वापसी करने वाली मधुरा ने एक व्यक्तिगत स्वर्ण, महिला टीम रजत और मिश्रित टीम कांस्य समेत तीन पदक जीते। वह अंताल्या में दक्षिण कोरिया की हान सियुंगियोन से तीन अंक ही पीछे रही । शीर्ष चार में रहने से उन्हें व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में दूसरे दौर में बाय मिला।

# करुणाकरण-वरियाथ की जोड़ी ने भारत की उम्मीदें रखीं कायम

जकार्ता, एजेंसी

सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारत की अन्य जोड़ियां बुधवार को शुरुआती दौर के बाद बाहर हो गईं।

INDONESIA OPEN

करुणाकरण और वरियाथ ने 45 मिनट चले मुकाबले में चीनी ताइपे की ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को हराया।

इस स्पर्धा में हालांकि अन्य भारतीय जोड़ियों ने निराश किया क्योंकि वे अगले दौर में आगे बढ़ने में असफल रहीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से शिकस्त मिली। आशिथ सूर्या और अमृता प्रमथेश को डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के हाथों हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। इस जोड़ी को मलेशिया के दूसरे वरीय टैंग जी चेन और ई वेतोह के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ

### थाईलैंड से अभियान शुरू करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

एशिया कप

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी जिसके बाद गत चैम्पियन जापान और सिंगापुर से खेलना है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को पूल बी में जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ रखा गया है। पूल ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं।

टूर्नामेंट चीन के हांगझोउ में 5-14 सितंबर तक खेला जाएगा। इसके विजेता को 2026 विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। भारत को 6 सितंबर को जापान से खेलना है जबकि 8 सितंबर को सिंगापुर से मुकाबला होगा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि पूल बी में गत चैंपियन जापान के साथ होने से हमें अच्छी चुनौती मिलेगी और खुद को आंकने का मौका भी। हम चतुर और अनुशासित हॉकी खेलने का प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य विश्व कप में सीधे जगह बनाना है। हर पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर चार में पहुंचेंगी जहां सभी को एक दूसरे से एक बार खेलना है।

# वेस्टइंडीज का इंग्लैंड ने वनडे शृंखला में किया सूपड़ा साफ



लंदन, एजेंसी

- सात विकेट से मैच जीतकर शृंखला को 3-0 से किया अपने नाम, दोनों टीमें अब खेलेंगी तीन मैचों की टी-20 शृंखला

आदील राशिद के नेतृत्व में गेंदबाजों के प्रदर्शन के बाद जैमी स्मिथ की वनडे करियर की पहली अर्धशतकीय पारी से इंग्लैंड ने तीन मैचों की शृंखला के बारिश से प्रभावित आखिरी वनडे में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से शिकस्त दी। इंग्लैंड ने इसके साथ ही इस शृंखला को 3-0 से अपने नाम किया। दोनों टीमें शुक्रवार से 3 मैचों की टी-20 शृंखला में भिड़ेंगी।

स्मिथ ने 28 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में 10 चौके और 3 छक्के की मदद से 64 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए बेन डकेट (58) के साथ 93 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में जीत के लिए मिले 246 रन के लक्ष्य को 62 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। मैच में दो बार देरी हुई। वेस्टइंडीज की टीम बस ट्रैफिक लाइट की खराबी से देर तक फंसी रही। टीम टॉस के लिए तय समय पर मैदान तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद बारिश से 90 मिनट का खेल प्रभावित हुआ। यातायात की इस समस्या से निपटने के लिए इंग्लैंड के खिलाड़ी टीम बस को छोड़ किराए की साइकिल से स्टेडियम पहुंचे। नेट सत्र में वार्मअप के बिना मैदान पर उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों में 28 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। इसके बाद मैच में बारिश ने खलल डाला। मैच दोबारा शुरू हुआ तो वेस्टइंडीज ने 154 रन तक 7 विकेट गंवा दिए। टीम नौ विकेट पर 251 रन बनाने में सफल रही। शेरफेन रदरफोर्ड ने 70 रन बनाकर टीम को 250 रन के पार पहुंचने में योगदान दिया। गुडाकेश मोती और अल्जारी जोसेफ ने आठवें विकेट के लिए 11.2 ओवरों में 91 रनों की साझेदारी करके अपनी टीम को संघर्ष करने का मौका दिया। इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज की ओर से आठवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। जोसेफ 41 और मोती 63 रन बनाकर आउट हुए। स्पिनर आदिल राशिद ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते इंग्लैंड ने पावर प्ले में एक विकेट पर 121 रन बना लिए थे। जो रूट (44) व जोस बटलर (नाबाद 41) ने इसके बाद टीम को आसान जीत दिला दी।

# नॉर्वे शतरंज के आठवें दौर में हिकारू ने गुकेश को हराया

**स्टवान्गर।** नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें दौर में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डोमराजू गुकेश को हराया। नाकामुरा ने शुरुआत में ही जोरदार हमला करके बढ़त हासिल की और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रहे। इस जीत के साथ नाकामुरा ने पूरे तीन अंक प्राप्त किए।



इस बीच, अर्जुन एरिगैसी और फैबियानो कारुआना ने एक लंबा और कड़ा मुकाबला खेला। ऐसा लग रहा था कि कारुआना का पलड़ा भारी रहेगा। कारुआना ने एक निर्णायक गलती की जिसका फायदा अर्जुन एरिगैसी ने उठाकर पूरे तीन अंक जीत कर फिर से खिताबी दौड़ में वापसी कर ली है। टूर्नामेंट के अभी दो दौर शेष हैं। गुकेश 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 12.5 अंक के साथ अभी भी शीर्ष पर हैं। जबकि कार्लसन आर्मागेडन में वेई यी से हारकर 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# अल्काराज, स्वियातेक और सबालेंका सेमीफाइनल में

पेरिस, एजेंसी



विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने बुधवार को अमेरिका के टॉमी पॉल को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की इगा स्वियातेक और विश्व की नवंबर वन खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने भी अगले दौर में जगह बना ली हैं।

स्पेन के अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 6-0, 6-1, 6-4 से शानदार जीत दर्ज रोलांड-गैरोस में लगातार तीसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में अल्कराज का सामना इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। मुसेटी ने फ्रेंच ओपन में अमेरिका को टियाफो को 6-2,4-6, 7-5, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मुसेटी ने पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में स्वियातेक का मुकाबला बेलारुस की आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका ने चीन की किनवेन झेंग को 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की है।

# आतंकवाद के खिलाफ हों एकजुट

- बेल्जियम में प्रवासी भारतीयों से बोला सांसदों का समूह

ब्रसेल्स, एजेंसी

सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद किया और इस बात पर जोर दिया कि नयी दिल्ली अपने संकल्प और कार्रवाई में दृढ़ है।

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दोहराने के लिए मंगलवार को बेल्जियम पहुंचा। बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारतः संकल्प और कार्रवाई में एकजुट। इसमें कहा गया कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने आज बेल्जियम में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बैठक की, जिसमें सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। इसमें कहा गया कि प्रवासी समुदाय ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के पीड़ितों के साथ गहरी एकजुटता व्यक्त की तथा आतंकवाद से निपटने के भारत के प्रयासों के प्रति अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की। दूतावास ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने दूतावास परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और भारत की शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया।


### मिस्रः सामूहिक संकल्प को दोहराया

**काहिरा।** मिस्र के पूर्व विदेश मंत्री के नेतृत्व में यहां आयोजित एक उच्च स्तरीय वार्ता में भारत के एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद से निपटने के लिए देश के सैद्धांतिक रुख और सामूहिक संकल्प को दोहराया। राकांपा (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र के प्रमुख बुद्धिजीवियों, मीडिया क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों और विशेषज्ञों के साथ कारगर बातचीत की। ।

### अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का किया समर्थन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस के समूह ने बुधवार को पहलगाम हमले की निंदा की और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति से इसका जवाब देने के भारत के अधिकार का समर्थन किया। शशि थरूर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान भारत और अमेरिका के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी की भी सराहना की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें भारत के सामने सीमापार आतंकवाद और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के मजबूत और दृढ़ रुख के बारे में जानकारी दी।

# इस बार 16 साल बाद जनगणना



जनगणना एक व्यवस्थित प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से किसी देश की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, आयु, लिंग, साक्षरता, धर्म, व्यवसाय आदि से जुड़ी व्यापक जानकारी एकत्र की जाती है। भारत में यह कार्य हर 10 साल में एक बार किया जाता है। ये आंकड़े नीति निर्माण, योजनाओं के क्रियान्वयन और संसाधनों के समुचित वितरण में अहम भूमिका निभाते हैं। भारत में पहली बार जनगणना 1872 में कराई गई थी, जबकि पहली नियमित जनगणना 1881 में हुई। यह न केवल जनसंख्या की गणना का माध्यम है, बल्कि देश की सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक संरचना का दर्पण भी है। जनगणना से जुड़े आंकड़े सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य, शहरी नियोजन, गरीबी उन्मूलन जैसी नीतियों को सटीक बनाने में मदद करते हैं। यह लोकतंत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपकरण है।

### प्रमुख बिंदु

- 2011 की जनगणना में भारत की जनसंख्या लगभग 121 करोड़ थी।
- अलगी जनगणना में पहली बार डिजिटल माध्यम का प्रयोग प्रस्तावित है।
- इसमें जातिगत आंकड़ों को शामिल करने का भी फैसला हुआ है।

### इतिहास

- देश में जनगणना की शुरुआत ब्रिटिश शासन के दौरान हुई। पहली जनगणना 1872 में हुई थी, लेकिन यह पूरे देश में नहीं हो सकी। 1881 में पहली बार पूरे उेश में एकसाथ जनगणना हुई, जिसे हर 10 वर्षों में दोहराया जाता रहा है। 2011 में 15वीं जनगणना हुई थी और 2021 में प्रस्तावित जनगणना कोविड से नहीं हो सकी।

### कानूनी प्रावधान

- भारत में जनगणना कार्य 'जनगणना अधिनियम, 1948' के तहत किया जाता है। इस अधिनियम के अंतर्गत भारत सरकार जनगणना आयुक्त की नियुक्ति करती है, जो पूरे देश में जनगणना कार्य का संचालन करता है। नागरिकों की ओर से सही जानकारी देना इस अधिनियम के अंतर्गत कानूनी रूप से अनिवार्य होता है।

### क्यों कराई जाती है?

- देश में लोगों की सही संख्या सामाजिक-आर्थिक स्थिति का संसाधनों का समान वितरण, योजनाओं का सटीक लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाना

### आमजन और सरकार को लाभ

- **नीति निर्माण में सहायक :** जनगणना के आंकड़ों से सरकार को योजनाएं बनाने और कार्यान्वित करने में मदद मिलती है।
- **वित्तीय आवंटन :** राज्यों को मिलने वाले अनुदान और संसाधनों का वितरण जनसंख्या पर आधारित होता है।
- **राजनीतिक प्रतिनिधित्व :** लोकसभा और विधानसभा की सीटों का निर्धारण जनसंख्या के आधार पर किया जाता है।
- **शहरी नियोजन :** आवास, परिवहन और आधारभूत संरचना के विकास में सहायक।

## एक नजर

### पाकिस्तान में मुठभेड़ में 14 आतंकवादी मारे गए

**पेशावर।** सुरक्षा बलों ने उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में अफगानिस्तान की सीमा से लगे एक कबायली जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाकर 14 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर दो-तीन जून, 2025 को उत्तरी वजीरिस्तान जिले में दत्ता खेल के सामान्य क्षेत्र में खुफिया सूचना के आधार पर एक अभियान चलाया था।

### भारत से फिर संघर्ष शुरू होने की आशंका कम : डार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को कहा कि नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच फिर से सैन्य संघर्ष शुरू होने की आशंका बहुत कम है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी किसी भी स्थिति (सैन्य संघर्ष) में मुंहतोड़ जवाब देगा। डार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

### सिंगापुरः भारतीय मूल के व्यक्ति को धोखाधड़ी में जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को धोखाधड़ी के 62 आरोपों में से 21 में दोषी पाए जाने पर बुधवार को ढाई साल की जेल की सजा सुनाई गई। एशियन रिपोर्ट चैनल की खबर के अनुसार, अरिवलागन मुथुसामी (40) ने छह माह के भीतर कम से कम 61 पीड़ितों से लगभग 3,10,000 सिंगापुर डॉलर की ठगी की।

### पाकिस्तान में दिन में भूकंप के 20 से अधिक झटके

**कराची।** पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में पिछले दो दिन में हल्की तीव्रता के कम से कम 21 भूकंप आए हैं, लेकिन इस सप्ताह के अंत में संभावित बड़े भूकंप को लेकर बुधवार को विशेषज्ञों में मतभेद था। कराची और उसके आसपास क्षेत्रों में रविवार रात से आए भूकंपों की तीव्रता कम से मध्यम श्रेणी में थी और इनकी तीव्रता 2.1 से 3.6 के बीच थी। रविवार रात को 3.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया।

# ट्रंप का कर विधेयक घृणित : मस्क

## कुछ दिन पूर्व दक्षता विभाग से इस्तीफा देने के बाद कहा- इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता



वाशिंगटन, एजेंसी

अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कर और खर्च में कटौती के विधेयक को घृणित करार किया है। रिपब्लिकन पार्टी के विधायी एजेंडे के केंद्रबिंदु माने जाने वाले इस विधेयक को निशाना बनाने वाला मस्क का यह बयान रिपब्लिकन पार्टी में उनकी प्रभाव की परीक्षा होगा। मस्क ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया था।

मस्क ने कुछ दिन पहले सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व किया था और हाल में उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। मस्क ने एक्स पर लिखा, मुझे खेद है लेकिन मैं अब इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, खर्च संबंधी संसद का यह बड़ा, अपमानजनक, घटिया विधेयक घृणित है। इसके लिए वोट देने वालों पर शर्म आती हैः आप जानते हैं कि आपने गलत किया। आप यह जानते हैं। यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में पारित हो चुका है और सीनेट में इस पर चर्चा होनी है। यह विधेयक मस्क की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला को मिलने वाली सब्सिडी में कटौती करेगा। मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं को धमकी भरे अंदाज में एक पोस्ट में लिखा, अगले वर्ष नवंबर में हम उन सभी नेताओं को बर्खास्त कर देंगे जिन्होंने अमेरिकी जनता के साथ विश्वासघात किया है। यह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क के रुख में बड़े बदलाव को दर्शाता है जिन्होंने ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान के समर्थन में कम से कम 25 करोड़ डॉलर खर्च किए थे। इससे पहले वह ट्रंप के प्रति पर्याप्त रूप से वफादार नहीं माने जा रहे थे, लेकिन अब वह ऐसा सुझाव देते प्रतीत होते हैं कि यदि सांसद राष्ट्रपति की विधायी प्राथमिकता का समर्थन करते हैं तो उन्हें हटाने का प्रयास किया जाए। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान 2017 में स्वीकृत कर कटौती को आगे बढ़ाने और नयी कर कटौती को इसमें जोड़ने का प्रयास किया गया है।

### अस्पतालों को आपात स्थिति में गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशा-निर्देश वापस लेगा ट्रंप प्रशासन

**वाशिंगटन।** ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने कहा कि वह देश के अस्पतालों को आपात स्थिति में महिलाओं का गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशानिर्देश को वापस लेगा। यह दिशानिर्देश 2022 में अस्पतालों को जारी किया गया था, जब अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका में राष्ट्रीय गर्भपात अधिकारों को खत्म कर दिया था। यह दिशानिर्देश अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उन गंभीर मामलों में गर्भपात की अनुमति देने के लिए जारी किया था।

### तेल व गैस के नए खनन पर ट्रंप प्रशासन की आलोचना

**अमेरिका।** पर्यावरणविदों ने अलास्का में तेल और गैस के नए खनन को लेकर ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है और कहा है कि इससे जलवायु संकट में वृद्धि हो सकती है। दर्जनों प्रदर्शनकारी एंकरेज में गवर्नर माइक डनलेवी द्वारा आयोजित वार्षिक अलास्का सतत ऊर्जा सम्मेलन के आयोजन स्थल के बाहर एकत्र हुए, जहां अमेरिका के आंतरिक मामलों के मंत्री डग बर्गम, ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रशासक ली जेल्डिन मुख्य वक्ता थे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर ले रखे थे जिन पर अलास्का बिकाऊ नहीं है और हमारी सार्वजनिक जमीनों की रक्षा करें जैसे नारे लिखे थे।


## वियतनाम में बढ़े बुजुर्ग तो दो बच्चों की नीति खत्म की

**हनोई।** वियतनाम ने घटती हुई जन्म दर को रोकने और देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के दबाव को कम करने के प्रयास के तहत लंबे समय से लागू दो बच्चों की अपनी नीति को समाप्त कर दिया है। वियतनाम ने बुधवार को बताया कि नेशनल असेंबली ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किया है, जो परिवारों को एक या दो बच्चे पैदा करने की ही अनुमति देते थे। मौजूदा समय में वियतनामी परिवारों में पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं।

वियतनाम में वर्ष 2021 में जन्म दर प्रति महिला 2.11 बच्चे थी, जो कि लंबे समय में जनसंख्या में कमी से बचने के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन दर से थोड़ा अधिक है। तब से, जन्म दर में लगातार गिरावट आई हैः 2022 में जन्म दर 2.01, 2023 में 1.96 और 2024 में यह घटकर 1.91 रह गयी। वियतनाम कम प्रजनन दर वाला एकमात्र एशियाई देश नहीं है। लेकिन जापान, दक्षिण कोरिया या सिंगापुर के विपरीत यह अभी तक एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। वियतनाम की राजधानी हनोई में मार्केटिंग मैनेजर 37 वर्षीय गुयेन थू लिन्ह ने कहा कि उन्होंने और उनके पति ने केवल एक ही बच्चा पैदा करने का निर्णय लिया, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वे बेटे को सर्वोत्तम शिक्षा और पालन-पोषण दे सकें।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ : ऑस्ट्रेलिया

- ऑस्ट्रेलिया ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए अपने रणनीतिक सहयोग के विस्तार पर सहमति व्यक्त की



प्रधानमंत्री मोदी संग ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री मार्लेस।

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत-ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए अपने रणनीतिक सहयोग का विस्तार करने पर सहमति व्यक्त की तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम हमले पर नई दिल्ली की कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलियाई समर्थन की सराहना की। भारत की यात्रा पर आए ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ वार्ता में सिंह ने जोर दिया कि भारत को पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा में जवाब देने का अधिकार है तथा इस कायराना हमले के बाद भारत की कार्रवाई नपी-तुली, गैर-बढ़ावा देने वाली तथा जिम्मेदाराना थी। मार्लेस की नयी दिल्ली यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। इस साझेदारी से दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिली है। मार्लेस ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री भी हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले ऑस्ट्रेलियाई मंत्री मार्लेस

प्रधानमंत्री मोदी के साथ अलग भेंटवार्ता में ऑस्ट्रेलियाई नेता ने सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति आस्ट्रेलिया के समर्थन को दोहराया। मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में हाल के चुनाव में ऑस्ट्रेलियाई लेबर पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर मार्लेस को बधाई दी। दोनों नेताओं ने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसने आज 5 साल पूरे कर लिए हैं। मोदी और मार्लेस ने रक्षा औद्योगिक सहयोग, नई और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ाने के महत्व को रेखांकित किया।


## कंचनजंगा पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से मजबूत होंगे संबंध

**काठमांडू।** नेपाल के रक्षा मंत्री मनबीर राय ने कहा है कि भारतीय एवं नेपाली सेना के सदस्यों के कंचनजंगा पर्वत पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

राय ने यह टिप्पणी सोमवार को यहां सेना मुख्यालय में आयोजित नेपाल-भारत संयुक्त माउंट कंचनजंगा पर्वतारोहण अभियान के ध्वजारोहण समारोह के दौरान की। नेपाली सेना के 10 और भारतीय सेना के पांच जवानों के संयुक्त दल ने 19 और 20 मई को दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा पर चढ़ाई की थी। सोमवार को आयोजित समारोह में दल के सदस्यों ने इस अभियान का झंडा रक्षा मंत्री को सौंपा।

# बांग्लादेश : मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ली

- अंतरिम सरकार ने संशोधित किया कानून, देश के संस्थापक व पूर्व पीएम हसीना के पिता हैं मुजीबुर्रहमान



ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कानून में संशोधन करके बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ले ली है और उनका उल्लेख स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर किया गया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता मुजीबुर्रहमान के चित्र को नए मुद्रा नोटों से हटाने के कुछ दिन बाद मंगलवार को यह कदम उठाया है।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, अंतरिम सरकार ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम में संशोधन करते हुए स्वतंत्रता सेनानी की परिभाषा में परिवर्तन कर दिया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार रात को संबंधित अध्यादेश जारी किया। खबर में कहा गया है कि कानून में संशोधन के तहत राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान शब्द को भी संशोधित किया गया है।

## संरा सुरक्षा परिषद में गाजा में संघर्षविराम के प्रस्ताव पर होगा मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उस प्रस्ताव पर मतदान होना है जिसमें गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग की गई है जिसका सभी पक्षों द्वारा सम्मान किया जाए। अमेरिका के इस प्रस्ताव पर वीटो करने की करने की संभावना है। परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा तैयार प्रस्ताव में सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद दक्षिणी इजराइल से हमास और अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की रिहाई की मांग दोहराई गई है। प्रस्ताव में गाजा में प्रवेश पर लगे सभी प्रतिबंधों को तत्काल और बिना शर्त हटाने तथा संरा व मानवीय साझेदारों के साथ राहत सामग्री को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से वितरित करने की भी मांग की गई है।

# संरा में भारतीय मुस्लिमों पर टिप्पणी करने पर बिलावल भुट्टो की बेइज्जती

- खराब और खतरनाक छवि पेश किये जाने पर पत्रकार ने घेरा



न्यूयॉर्क, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के उस बयान को लेकर एक पत्रकार ने यहां उनको आड़े हाथ लिया जिसमें उन्होंने भारत में मुस्लिमों की कथित तौर पर खराब और खतरनाक छवि पेश किए जाने को लेकर टिप्पण की थी।

भारत के साथ हालिया संघर्ष के बारे में दुनिया को जानकारी देने के लिए रवाना हुए पाकिस्तानी विशेषज्ञों की एक टीम का नेतृत्व कर रहे बिलावल मंगलवार को मीडिया को अपने दृष्टिकोण से अवगत करा रहे थे। सवाल-जवाब सत्र के दौरान, मिस्र-अमेरिकी पत्रकार अहमद फातही, जो कि अमेरिकी टेलीविजन समाचार (एटीएन) के संरा में संवाददाता हैं, ने बिलावल से मुसलमानों के साथ भारत के व्यवहार पर उनकी टिप्पणियों के बारे में पूछा और उन्हें याद दिलाया कि संघर्ष के दौरान मीडिया को जानकारी देने वाली एक भारतीय मुस्लिम सैन्य अधिकारी थीं। फातही ने कहा, मैं आज आपके (बिलावल) द्वारा दिए गए एक बयान से शुरुआत करना चाहता हूं, जिसमें कहा गया है कि कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले का इस्तेमाल भारत में मुसलमानों को बदनाम करने के लिए एक राजनीतिक उपकरण के रूप में किया जा रहा है।

महोदय, मैंने दोनों पक्षों की ओर से प्रेस को घटनाक्रम से अवगत कराने के कार्य को देखा है, जहां तक मुझे याद है भारतीय पक्ष की ओर से मीडिया को अवगत कराने का काम एक मुस्लिम भारतीय सैन्य अधिकारी कर रही थीं। वह अपना दूसरा सवाल पूछने ही वाले थे कि बिलावल ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। इसके बाद पाकिस्तानी नेता ने भारत की आलोचना की और हमेशा की तरह बयानबाजी जारी रखी।

# यूक्रेनी हमले का जवाब देगा रूस : ट्रंप

- पुतिन से फोन पर बातचीत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया दावा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बहुत दृढ़ता से बुधवार को उन्हें फोन पर बताया कि वह सप्ताहांत में हुए रूसी हवाई अड्डों पर यूक्रेन के ड्रोन हमले का जवाब देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर कहा कि पुतिन के साथ उनकी एक लंबी बातचीत हुई और यह एक अच्छी बातचीत थी, लेकिन यह ऐसी बातचीत नहीं थी जिससे तत्काल शांति स्थापित हो सके। यह पहली बार है जब ट्रंप ने रूस के अंदर यूक्रेन के हमले पर टिप्पणी की है।

व्हाइट हाउस के अनुसार, अमेरिका को इस अभियान की अग्रिम सूचना नहीं थी। अमेरिका ने 24 फरवरी, 2022 से शुरू हुए आक्रमण को रोकने के लिए हाल ही में कूटनीतिक प्रयास किया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में यह नहीं बताया कि यूक्रेन के हमले का जवाब देने के पुतिन के वादे पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है, लेकिन उनके पोस्ट में उस हताशा का कोई संकेत नहीं दिखा जो ट्रंप ने हाल के हफ्तों में अपने रूसी समकक्ष के साथ युद्ध को लम्बा खींचने के लिए व्यक्त की थी। ट्रंप ने युद्ध को जल्द खत्म कराने की बार-बार बात कही और यहां तक कहा कि वह शपथ लेने से पहले इसे पूरा कर लेंगे, लेकिन हाल के हफ्तों में उन्होंने पुतिन के साथ धैर्य खो दिया, सार्वजनिक रूप से उनसे लड़ाई बंद करने की अपील की। यह 19 मई के बाद से पुतिन के साथ ट्रंप की पहली ज्ञात बातचीत थी।

### सैटेलाइट तस्वीरों में दिखे नष्ट हुए रूसी विमान

**दुबई।** सैटेलाइट तस्वीरों में पूर्वी साइबेरिया स्थित उस रूसी वायुसेना के अड्डे पर 7 बमवर्षक विमानों को क्षतिग्रस्त स्थिति में देखा जा सकता है, जिसके बारे में यूक्रेन ने दावा किया था कि उसके ड्रोन हमले में इस अड्डे को भी निशाना बनाया गया था। यूक्रेन ने दावा किया है कि रविवार के ड्रोन हमले में 41 रूसी युद्धक विमान नष्ट हो गए या क्षतिग्रस्त हो गए थे। इन विमानों में बमवर्षक और अन्य प्रकार के लड़ाकू विमान शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान की योजना डेढ़ साल से अधिक समय से बनाई जा रही थी। प्लैनेट लैब्स पीबीसी द्वारा उपलब्ध कराई गई सैटेलाइट तस्वीरों में बेलाया वायु सेना अड्डे पर विमान का मलबा और जला हुआ क्षेत्र देखा जा सकता है। तस्वीरों में तीन टीयू-95 बमवर्षक और चार टीयू-22एम बमवर्षक नष्ट हुए दिखाई दे रहे हैं।

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से कमजोर होता है जन विश्वास

## ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट में गोल मेज सम्मेलन में बोले प्रधान न्यायाधीश गवई

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी व्यवस्था की शुचिता में विश्वास कम हो सकता है।

ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में 'मेंटेनिंग जूडिशयल लेजिटिमेसी एंड पब्लिक कॉन्फिडेंस' विषय पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में उन्होंने न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद की जाने वाली नौकरियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि अगर कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकार में कोई अन्य नियुक्ति प्राप्त करता है, या चुनाव लड़ने के लिए पीठ से इस्तीफा देता है तो इससे गंभीर नैतिक चिंता पैदा होती है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हर प्रणाली, चाहे वह कितनी भी मजबूत क्यों न हो, पेशेवर कदाचार के लिहाज से अतिसंवेदनशील होती है। दुख की बात है कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले सामने आए हैं। ऐसी घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी प्रणाली की शुचिता में विश्वास खत्म हो सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हालांकि, इन मसलों पर त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई करके ही इस विश्वास को फिर से कायम किया जा सकता है। सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों की सरकारी नियुक्ति अक्सर बहस का मुद्दा बनी रहती हैं, इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद की ऐसी नियुक्तियों का समय और प्रकृति न्यायपालिका की शुचिता में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकती है, क्योंकि इससे यह धारणा बन सकती है कि सरकारी नियुक्तियों या राजनीति में आने से लिए न्यायिक निर्णय लिया गया।

### भारत में कदाचार से निपटने को उचित उपाय किए

सीजेआई ने कहा कि भारत में जब भी ऐसे मामले सामने आए हैं तो उच्चतम न्यायालय ने लगातार कदाचार से निपटने के लिए तत्काल और उचित उपाय किए हैं। प्रधान न्यायाधीश की यह टिप्पणी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोपों की पृष्ठभूमि में आई है। वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि प्रत्येक लोकतंत्र में, न्यायपालिका को न केवल न्याय प्रदान करना चाहिए, बल्कि उसे एक ऐसी संस्था के रूप में भी देखा जाना चाहिए जो सत्ता के सामने सच्चाई को रख सकती है। उन्होंने कहा कि न्यायिक वैधता और जनता का विश्वास शब्द आपस में जुड़े हुए हैं।